# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




पलामू में पारा शिक्षक की हत्या के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, थाना का किया घेराव


• बोकारो, रविवार 31 मई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 14 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## संक्षिप्त समाचार

### रिम्स के पीजी छात्र की संदिग्ध मौत

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स (राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान) के सर्जरी विभाग में पोस्ट ग्रेजुएट प्रथम वर्ष के छात्र डॉ. सानु सनल बरवार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना के बाद चिकित्सा जगत और रिम्स परिसर में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में सिमरिया थाना पुलिस को अफीम तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गोठाई जंगल में छापेमारी कर करीब छह लाख रुपये की अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए तस्करों के पास से 1 किलो 113 ग्राम अफीम बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 6 लाख रुपए बताई जा रही है। सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नागरगोजे शुभम भाऊ साहेब ने इस पूरे मामले का खुलासा किया।

### खरकई नदी से अज्ञात किशोर का शव बरामद

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र स्थित खरकई नदी से शनिवार सुबह एक अज्ञात किशोर का शव बरामद हुआ। बड़ौदा घाट के पास मिले इस शव से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज उसकी पहचान करने में जुटी है। मृतक की उम्र लगभग 16 वर्ष बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सुबह कुछ स्थानीय लोग खरकई नदी में स्नान करने गए थे। इसी दौरान उनकी नजर पानी में छटपटाते किशोर पर पड़ी। लोगों ने उसे तत्काल नदी से बाहर निकाला।

### पारा शिक्षक हत्याकांड का आरोपित गिरफ्तार

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के छत्तरपुर थाना क्षेत्र में हुए पारा शिक्षक उदय सिंह हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मृतक के मित्र और पारा शिक्षक सुरेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि रुपए के लेन-देन को लेकर दोनों के बीच हाल ही में विवाद हुआ था। इसके बाद सुरेंद्र यादव, उदय सिंह को एक सुनसान स्थान पर ले गया और धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

### महिला की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के अंतर्गत पलोंजिया ढाब-चितनखारी-जुठहा आम मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने सड़क पर पैदल चल रही महिला को जोरदार टक्कर मार दी और बेरहमी से उसके सिर पर गाड़ी चढ़ाते हुए फरार हो गया। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका पति बाल-बाल बच गया। मृतका की पहचान जमुनियाटांड़ निवासी जीबलाल साव की पत्नी रानी देवी के रूप में हुई है।

# कर्नाटक : विधायक दल के नेता चुने गये डीके शिवकुमार

## लोक भवन में 3 जून को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेंगलुरू।** कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार 3 जून को लोकभवन में कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। शनिवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से उन्हें विधायक दल का नेता चुन लिया गया। कार्यवाहक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आज विधान सौध की तीसरी मंजिल पर कॉन्फ्रेंस हॉल में हुई बैठक में आधिकारिक तौर पर घोषणा करते हुए कहा कि डीके शिवकुमार को कर्नाटक कांग्रेस विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। जहां तक शपथ ग्रहण की बात है तो पहले कहा जा रहा था कि डीके शिवकुमार विधान सौध में शपथ लेंगे लेकिन अब कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर घोषणा किया है कि शपथ ग्रहण 3 जून को लोकभवन के ग्लास हाउस में होगा। डीके शिवकुमार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेस में जानकारी देते हुए कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जीसी चंद्रशेखर ने कहा कि मीडिया में नए सीएम के शपथ ग्रहण की झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण विधानसभा में नहीं हो रहा है। यह शपथ ग्रहण 3 जून



को लोकभवन नें करने का फैसला पार्टी ने लिया है। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण का समय तय नहीं हुआ है लेकिन आज शाम तक समय तय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी यह तय नहीं हुआ है कि कितने मंत्री शपथ लेंगे। इस पर कांग्रेस हाईकमान फैसला करेगा। ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से कोई भी बड़े कार्यक्रम नहीं किए जा रहे हैं। साथ ही जनता को कोई परेशानी न हो, इसके लिए कोई भी बड़ा कार्यक्रम न करने का फैसला किया गया है। ऐसे में जीसी चंद्रशेखर ने फैंस और पार्टी समर्थकों से इसमें सहयोग करने की अपील की। कर्नाटक के होने वाले सीएम डीके शिवकुमार ने शनिवार को यहां लोक भवन में गवर्नर थावरचंद गहलोत से मुलाकात की। गवर्नर से मुलाकात के बाद उन्होंने नागरबावी में मठ की अज्जाय्या शाखा का दौरा किया और लौटने से पहले अज्जाय्या की पादुका पर श्रद्धांजलि दी। बता दें कि अगले मुख्यमंत्री को चुनने के लिए राज्य कांग्रेस विधानमंडल पार्टी की बैठक आज शाम 4 बजे विधान सौधा कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक हुई जिसमें डीके शिवकुमार को सर्वसम्मति से विधायक दल का चुना गया। बता दें कि गवर्नर थावर चंद गहलोत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पद से सिद्धारमैया का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था और मंत्रिमंडल भंग कर दी थी। यह बैठक बाद में तय की गई है।

# दो बाइकों की टक्कर में झारखंड पुलिस के जवान सहित तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**साहिबगंज।** जिले में बोरियो-तीनपहाड़ मुख्य पथ पर चतरा धोगड़ा के आगे क्रशर के पास दो बाइकों की सीधी टक्कर में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो युवक घायल हो गए। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में एक ने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार उधवा निवासी एवं झारखंड पुलिस के जवान ह्रदय कुमार सरकार, जो गोड्डा कोर्ट में पदस्थापित थे, अपनी बुलेट बाइक से गोड्डा से अपने घर उधवा जा रहे थे। वहीं दूसरी ओर वृंदावन (तीनपहाड़) से तीन युवक सनाउल अंसारी, साहिल अंसारी और मिराज अंसारी एक ही बाइक पर सवार होकर वृंदावन से बोरियो आ रहे थे। इसी दौरान दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में पुलिस जवान ह्रदय कुमार सरकार (35) एवं वृंदावन निवासी मिराज अंसारी (25) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दनवार निवासी करीम अंसारी ने बताया कि मृतक मिराज उनका भांजा था। वह अपने मामा के घर दनवार घूमने आ रहा था। इलाज के दौरान साहिल अंसारी ने दम तोड़ दिया। वहीं उधवा निवासी अभिषेक ने बताया कि ह्रदय कुमार सरकार उनके रिश्तेदार थे। ह्रदय की शादी बिहार के मनिहारी निवासी संगीता देवी से हुई थी। उनके एक पुत्र और एक पुत्री हैं। ह्रदय फायरिंग अभ्यास में भाग लेने के बाद घर लौट रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन साहिबगंज के लिए रवाना हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बोरियो थाना के एएसआई धर्मेंद्र कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। इसके बाद बोरियो सीएचसी पहुंचकर दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं एएसआई सुधीर कुमार तिवारी ने घटनास्थल से दोनों बाइकों को जब्त कर लिया। साथ ही घटनास्थल से ह्रदय कुमार सरकार का बैग भी बरामद किया गया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# स्वास्थ्य सेवा में समाज की भागीदारी जरूरी : महतो



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो ने शनिवार को आर्किड हैरिटेज गैस्ट्रोएंटरोलॉजी इंस्टीट्यूट का शुभारंभ किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा कि बिगड़ती जीवनशैली से पेट और गैस्ट्रिक की समस्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि डॉ जयंत घोष और उनकी टीम द्वारा शुरू की गई यह सेवा लाभदायक साबित होगी। ऐसी सेवाओं के शुरू होने से झारखंड के मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा को बेहतर करने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की नहीं है। समाज के समृद्ध लोग भी चिकित्सा सेवा के विस्तार में मदद कर सकते हैं। डॉ जयंत घोष ने कहा कि पेट की समस्या की जांच और इलाज के लिए अत्याधुनिक मशीनें मंगाई गई है। मौके पर डॉ पीके गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, सिद्धांत जैन, अनंत जैन आदि मौजूद थे।

# सीएम हेमंत सोरेन करेंगे राज्यसभा उम्मीदवार का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्यसभा चुनाव को लेकर खाली हो रही दो सीटों में से एक पर दावेदारी करने पहुंचे कांग्रेस के सीनियर नेता तेलंगाना के डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी विक्रमार्क और झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के. राजू शनिवार की सुबह एक बार फिर मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और यहां लगभग एक घंटा बात करने के बाद दोनों नेता लौट गए। विक्रमार्क तेलंगाना रवाना हुए तो राजू शाम की फ्लाइट से नई दिल्ली पहुंचे। जाने के पूर्व दोनों नेताओं ने राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की दावेदारी पर अंतिम बात की है और माना जा रहा है कि कांग्रेस का चेहरा होगा, टिकट भी कांग्रेस देगी लेकिन पसंद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। अब पूरा मामला चेहरे को लेकर अटक गया है। इसके पूर्व भी दोनों दलों के बीच मार्च 2024 में हुए राज्यसभा चुनाव में इससे मिलता-जुलता समझौता हो चुका है। उस वक्त कांग्रेस विधायक सरफराज अहमद झामुमो के टिकट से राज्यसभा पहुंचे थे। विधानसभा में उनकी सीट पर झामुमो की कल्पना सोरेन (मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी) को चुनाव लड़ाया गया और वह जीत भी गईं। शनिवार को वापस लौटने के पूर्व कांग्रेस नेताओं ने



प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों को समझौता होने से संबंधित संकेत दिए। पार्टी नेताओं ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री आवास में सुबह के नाश्ते पर पार्टी के सीनियर नेताओं का आगमन हुआ। कुछ देर बाद प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ चर्चा करने के बाद कांग्रेस के दोनों सीनियर नेता वापस लौट गए। तेलंगाना के डिप्टी सीएम सीधे अपने राज्य लौट गए तो वापसी के पूर्व राजू ने प्रदेश के सीनियर नेताओं से स्टेट गेस्ट हाउस में फिर मुलाकात की। यहां उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि विधायकों से हुई बातचीत के आधार पर पार्टी आलाकमान को पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

# वैभव सूर्यवंशी को बनाया जाएगा स्वास्थ्य विभाग का ब्रांड एंबेसडर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** क्रिकेट जगत में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी, अद्भुत प्रतिभा और कम उम्र में ही पूरे देश को प्रभावित करने वाले युवा क्रिकेट सितारे वैभव सूर्यवंशी को झारखंड में सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उन्हें झारखंड स्वास्थ्य विभाग का ब्रांड एंबेसडर भी बनाया जाएगा। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी आधुनिक क्रिकेट के एआइ हैं। भले ही उनकी टीम मैच हार गई हो लेकिन वह करोड़ों भारतीयों का दिल जीत चुके हैं। डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि मैं स्वयं क्रिकेट का खिलाड़ी रहा हूं लेकिन इतनी कम उम्र में बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों का जिस आत्मविश्वास और आक्रामकता से वैभव ने सामना किया और लगातार उनकी धुनाई की, यह असाधारण प्रतिभा का प्रमाण है। वैभव सूर्यवंशी ने केवल अपना नाम ही नहीं बल्कि अपने माता-पिता, बिहार और पूरे हिंदुस्तान का नाम रोशन किया है। डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में उन्हें सम्मानित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मात्र 15 वर्ष की आयु में वैभव सूर्यवंशी ने जिस साहस, आत्मविश्वास और प्रतिभा का परिचय दिया है, वह भारतीय क्रिकेट इतिहास में एक नया अध्याय लिख रहा है। वैभव केवल एक खिलाड़ी नहीं बल्कि युवा ऊर्जा, मेहनत, अनुशासन और संघर्ष की जीवंत मिसाल हैं। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है और करोड़ों युवाओं को प्रेरित किया है।



स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी की प्रतिभा और सकारात्मक सोच ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से काफी प्रभावित किया है। स्वास्थ्य विभाग उनके साथ मिलकर युवाओं के बीच स्वास्थ्य, फिटनेस, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि वैभव आने वाले समय में भारत का नाम विश्व क्रिकेट में नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे और देश को उन पर लंबे समय तक गर्व रहेगा। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में विस्फोटक बल्लेबाजी की है। राजस्थान रॉयल्स के लिए ओपनिंग करते हुए उन्होंने 16 मैचों में 48.50 के एवरेज और 237.30 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में एक सेंचुरी और पांच हाफ सेंचुरी लगाईं। हालांकि उनकी टीम क्वालिफायर 2 में गुजरात टाइटन्स से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। हालांकि पूरे टूर्नामेंट में वैभव की बैटिंग की तारीफ हुई।

# वज्रपात से पांच लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के चार जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात (आकाशीय बिजली) की चपेट में आने से एक बच्ची और दो महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार गढ़वा जिले में दो लोगों की मौत हुई है जबकि रांची, धनबाद और बोकारो में एक-एक व्यक्ति की जान गई है। सभी मौतें वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं में हुई हैं। रांची जिले के इटकी थाना क्षेत्र के कुल्ली गांव में 12 वर्षीय आश्रिता अपने माता-पिता के साथ आम बीनने गई थी। इसी दौरान उस पर आकाशीय बिजली गिर गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना में उसके माता-पिता भी घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। गढ़वा जिले के कांडी थाना क्षेत्र के गराखुर्द गांव में 45 वर्षीय एक महिला की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं बनाजंघा गांव में 32 वर्षीय एक व्यक्ति की भी बिजली गिरने से जान चली गई। धनबाद जिले के राजगंज थाना क्षेत्र के चुंगी गांव में 44 वर्षीय एक महिला की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। वहीं बोकारो जिले के पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के बाबूडीह गांव में 21 वर्षीय एक युवक की वज्रपात की चपेट में आने से जान चली गई।

# भारतीय सेना के अंग बने 1121 अग्निवीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** रामगढ़ छावनी स्थित पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के ऐतिहासिक किलाहरी ग्राउंड में आज गर्व, उत्साह और देशभक्ति के माहौल में अग्निवीर बैच-सप्तम की भव्य पासिंग आउट परेड आयोजित किया गया। 24 सप्ताह के कठिन शारीरिक, मानसिक एवं सैन्य प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद 1121 अग्निवीर रंगरूटों ने अंतिम पग की शपथ लेकर भारतीय सेना का अभिन्न अंग बनने का गौरव हासिल किया। परेड की समीक्षा पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर सजेश बाबू पीजी ने किया। इस अवसर पर सेना के वरिष्ठ अधिकारी, प्रशिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में अग्निवीरों के अभिभावक उपस्थित रहे। परेड के दौरान अग्निवीरों की शानदार कदमताल, अनुशासन,



आत्मविश्वास और सैन्य दक्षता ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। अपने गौरवशाली इतिहास और वीरता के लिए प्रसिद्ध पंजाब रेजिमेंट ने देश की रक्षा में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रेजिमेंट के वीर जवानों ने समय-समय पर सर्वोच्च बलिदान देकर न केवल पंजाब रेजिमेंट बल्कि पूरे राष्ट्र का सम्मान बढ़ाया है। अब सातवें बैच अग्निवीर के ये सैनिक उसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। 24 सप्ताह की कठिन ट्रेनिंग के दौरान अग्निवीरों को शारीरिक दक्षता, सामरिक युद्धाभ्यास, आधुनिक हथियारों के संचालन, ड्रोन प्रशिक्षण, कंप्यूटर शिक्षा, तकनीकी उपकरणों के उपयोग और व्यक्तित्व विकास का व्यापक प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही उन्हें हर परिस्थिति में तैयार रहने के लिए मानसिक रूप से भी मजबूत बनाया गया ताकि भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें। समारोह के दौरान ड्रिल, फायरिंग, शारीरिक सहनशक्ति एवं समग्र प्रदर्शन में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले अग्निवीरों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने उनके समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें अन्य जवानों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। समारोह का सबसे भावुक क्षण तब आया जब अग्निवीरों के माता-पिता एवं अभिभावकों को सम्मान और प्रशंसा के प्रतीक स्वरूप पारंपरिक 'गौरव पदक' प्रदान किया गया। यह सम्मान उन परिवारों के त्याग, सहयोग और प्रेरणा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए दिया गया, जिन्होंने अपने बच्चों को राष्ट्रसेवा के लिए सेना में भेजा। अपने संबोधन में कमांडेंट ब्रिगेडियर सजेश बाबू पीजी ने नवप्रशिक्षित अग्निवीरों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जवानों में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और समर्पण जैसे मूल्यों का विकास किया गया है। उन्होंने प्रशिक्षकों और इंस्ट्रक्टरों के अथक प्रयासों की भी सराहना की। समारोह के अंत में सभी अग्निवीरों ने भारतीय संविधान, राष्ट्रीय सुरक्षा, वर्दी के सम्मान तथा भारतीय सेना की गौरवशाली परंपराओं को बनाए रखने की शपथ ली। देशभक्ति और उत्साह से सराबोर यह पासिंग आउट परेड युवा अग्निवीरों के सैन्य जीवन की नई शुरुआत का ऐतिहासिक क्षण बन गई।




## संक्षिप्त समाचार

### सलैया रेलवे स्टेशन रोड निर्माण का रास्ता साफ, रेलवे से मिला एनओसी

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पचंबा क्षेत्र स्थित सलैया रेलवे स्टेशन रोड के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य के लिए रेलवे विभाग ने अनापत्ति प्रमाण पत्र एनओसी जारी कर दिया है। इसके साथ ही वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है यह सड़क गिरिडीह-जमुआ एवं पचंबा-जमुआ मार्ग को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण स्थानीय लोगों को लंबे समय से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य एवं समाजसेवी मुकेश कुमार जालान ने जनवरी 2026 में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी को पत्र लिखकर रेलवे से शीघ्र एनओसी दिलाने का अनुरोध किया था। मामले की गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने 7 मई 2026 को डीआरएम धनबाद को आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्र भेजा इसके बाद धनबाद मंडल रेलवे प्रशासन ने प्रस्ताव पर विचार करते हुए सड़क निर्माण के लिए एनओसी जारी कर दी। इस उपलब्धि पर मुकेश कुमार जालान ने केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए पचंबा के युवाओं एवं क्षेत्रवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के निरंतर प्रयास और जनहित की मांग के कारण यह महत्वपूर्ण सफलता मिली है उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी आगे इसी प्रकार प्रयास जारी रहेंगे।

### जलापूर्ति बहाल करने की मांग को लेकर फॉरवर्ड ब्लॉक का धरना-प्रदर्शन

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ग्रामीण क्षेत्रों में बाधित पेयजलापूर्ति को अविलंब शुरू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के बैनर तले सैकड़ों महिला पुरुषों ने डीसी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया प्रदर्शनकारियों ने जुलूस निकालकर उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा धरने के बाद उपायुक्त रामनिवास यादव ने संगठन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस दौरान पीएचईडी अधिकारियों से बातचीत कर प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया गया कि बेरदोंगा जलापूर्ति योजना से अगले 10 दिनों के भीतर पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी आंदोलन का नेतृत्व कर रहे फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य राजेश यादव ने कहा कि बेरदोंगा सहित जिले की कई जलापूर्ति योजनाएं या तो बंद हैं या बदहाल स्थिति में हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि योजनाओं के संचालन और रखरखाव में गंभीर लापरवाही बरती गई है तथा जन शिकायतों पर भी समुचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है राजेश यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित 10 दिनों के भीतर जलापूर्ति बहाल नहीं हुई तो संगठन ग्रामीणों के साथ बड़े पैमाने पर सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और सरकार पर भी ग्रामीण समस्याओं के प्रति उदासीन रहने का आरोप लगाया।प्रदर्शन में संगठन के वरिष्ठ नेता सोमनाथ मुखर्जी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे। महिलाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। आंदोलनकारियों ने जल संकट के स्थायी समाधान की मांग करते हुए प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

### बारिश के मौसम में बढ़ा सांपों का खतरा, लारहो निवासी युवक को डंसा

**बरकट्ठा/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के चेचकपी पंचायत अंतर्गत लारहो गांव में एक युवक को जहरीले सांप ने डंस लिया, जिसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया। पीड़ित की पहचान विनोद सिंह (36) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम वह नदी की ओर गए थे। वापस लौटने के दौरान रास्ते में उन्हें सांप ने काट लिया। घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और परिजनों को तत्काल अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इस घटना के बाद पंचायत प्रतिनिधियों ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में सांपों के निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए शाम और रात के समय विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। साथ ही, सांप काटने की स्थिति में किसी भी प्रकार के अंधविश्वास या झाड़-फूंक के बजाय तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराना चाहिए, क्योंकि समय पर चिकित्सा ही जीवन बचाने का सबसे प्रभावी उपाय है।

### सलगावां और लुटा में उत्पाद विभाग की छापेमारी, 13 क्विंटल जावा महुआ नष्ट

**कटकमदाग/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सलगावां एवं लुटा गांव में उत्पाद विभाग ने अवैध महुआ शराब निर्माण के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाया। उत्पाद निरीक्षक सौरभ कुमार झा, सुमितेश कुमार तथा एसआई भुवनेश्वर नायक के नेतृत्व में टीम ने एक दर्जन से अधिक घरों में छापेमारी की। अभियान के दौरान अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त जावा महुआ एवं अन्य सामग्रियां बरामद की गईं। छापेमारी की सूचना मिलते ही अवैध शराब बनाने में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया और कई लोग अपने घरों में ताला लगाकर फरार हो गए। अधिकारियों ने बंद घरों की तलाशी लेकर वहां से भी जावा महुआ सहित शराब निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्रियां बरामद कीं। उत्पाद विभाग की टीम ने बरामद सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया। अधिकारियों के अनुसार अभियान के दौरान लगभग 12 से 13 क्विंटल जावा महुआ नष्ट किया गया। उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब निर्माण और इसके कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। इस अभियान से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के बीच खलबली मची हुई है।

### मनरेगा कर्मियों को एक सप्ताह में कार्य पर लौटने का निर्देश अन्यथा होगी कार्रवाई

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में मनरेगा योजनाओं के प्रभावी संचालन और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन को गति देने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी रामनिवास यादव ने हड़ताल पर गए मनरेगा कर्मियों को एक सप्ताह के भीतर अपने कार्यस्थल पर लौटने का निर्देश दिया है। आदेश में कहा गया है कि निर्धारित अवधि में कार्य पर वापस नहीं लौटने वाले कर्मियों के विरुद्ध विभागीय प्रावधानों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न प्रखंडों में कार्यरत कुछ मनरेगा कर्मी मार्च 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, जिससे मनरेगा के तहत संचालित विकास कार्यों एवं ग्रामीण मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। प्रशासन का कहना है कि कर्मियों की अनुपस्थिति के कारण मार्च, अप्रैल और मई माह के मानव दिवस सृजन लक्ष्य भी प्रभावित हुए हैं उपायुक्त ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीब परिवारों की आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है। ऐसे में जनहित को देखते हुए कर्मियों को शीघ्र कार्य पर लौटकर योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सहयोग करना चाहिए। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके और ग्रामीण श्रमिकों को समय पर रोजगार मिल सके।

### मासिक लोक अदालत में 43 मामलों का निष्पादन, ₹5.42 लाख से अधिक राजस्व प्राप्त

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झालसा के निदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह, मार्तंड प्रताप मिश्रा के आदेश पर सचिव (प्रभारी) जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह शरद निशिकांत कुजूर के नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया लोक अदालत के सफल संचालन के लिए कुल छह बेंचों का गठन किया गया। इन बेंचों में आपराधिक मामलों, वन विभाग से संबंधित मामलों, उत्पाद विभाग के मामलों, एनआई एक्ट (चेक बाउंस), विद्युत विभाग से जुड़े मामलों तथा अन्य वादों की सुनवाई कर उनका निष्पादन किया गया मासिक लोक अदालत में कुल 43 मामलों का निष्पादन किया गया, जिससे ₹5,42,550 राजस्व की प्राप्ति हुई। लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को त्वरित, सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराया गया।

# पुश्तैनी जमीन विवाद में सहायक नगर आयुक्त समेत कई पर शिकायत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** कटकमदाग थाना क्षेत्र के खपरियावां गांव की निवासी फुल कुमारी मिश्रा ने नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त अनिल पांडेय, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अम्बुजा राय लक्ष्मी सहित कई लोगों के खिलाफ उनकी पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जा करने, चारदीवारी तोड़ने, रंगदारी मांगने और परिवार को धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।



शिकायत के अनुसार, 30 मई 2026 को आरोपित लोग करीब 50-60 अज्ञात व्यक्तियों और दो जेसीबी मशीनों के साथ विवादित जमीन पर पहुंचे और लगभग 200 फीट लंबी चारदीवारी को ध्वस्त कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर प्रशासनिक प्रभाव का हवाला देकर परिवार को धमकाया गया तथा जमीन खाली करने के बदले 25 लाख रुपये की मांग की गई। फुल कुमारी मिश्रा ने यह भी आरोप लगाया है कि उनके परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने, सामाजिक रूप से प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने पुलिस से प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई, क्षतिपूर्ति और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। मामले पर कटकमदाग अंचलाधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान ने बताया कि दोनों पक्षों को अपने-अपने दस्तावेजों के साथ बुलाया गया है। जांच पूरी होने तक संबंधित जमीन पर किसी भी प्रकार के निर्माण या अन्य कार्य पर रोक लगा दी गई है। वहीं थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने कहा कि प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त अनिल पांडेय ने आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान घर लौटते समय उन्हें मामले की जानकारी मिली थी। चूंकि विवाद उनके पारिवारिक संबंधों से जुड़ा हुआ था, इसलिए वह दोनों पक्षों को समझाने-बुझाने के उद्देश्य से वहां गए थे। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। फिलहाल मामले की जांच जारी है। आरोपों और प्रत्यारोपों के बीच वास्तविक स्थिति जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# बालमुकुंद स्पॉन्ज एंड आयरन फैक्ट्री से हटाए गए मजदूरों की वापसी को लेकर संयुक्त बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** असंगठित मजदूर मोर्चा एवं भाकपा माले प्रखंड कमिटी गिरिडीह की संयुक्त बैठक शनिवार को महुवाटांड़, गादी श्रीरामपुर में असंगठित मजदूर मोर्चा गिरिडीह शाखा के अध्यक्ष कॉमरेड किशोर राय की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में बालमुकुंद स्पॉन्ज एंड आयरन फैक्ट्री द्वारा पांच मजदूरों को काम से हटाए जाने के मुद्दे पर चर्चा की गई। मजदूरों की काम पर पुनर्वापसी की मांग को लेकर पहले अनिश्चितकालीन धरना दिया गया था। धरने से समाधान नहीं निकलने पर उपायुक्त को लिखित सूचना देकर 26 मई 2026 से फैक्ट्री गेट को अनिश्चितकाल के लिए जाम करने का निर्णय लिया गया था हालांकि जिला प्रशासन ने बकरीद पर्व का हवाला देते हुए गेट जाम कार्यक्रम को स्थगित करने का आग्रह किया। प्रशासन के अनुरोध पर आंदोलनकारियों ने बकरीद को देखते हुए गेट जाम कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया बैठक में निर्णय लिया गया कि मजदूरों की पुनर्बहाली को लेकर प्रबंधन से पुनः वार्ता की जाएगी। यदि बातचीत से समाधान नहीं निकलता है तो केंद्रीय कमेटी के निर्णय के अनुसार मजदूर सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे या फिर फैक्ट्री गेट जाम किया जाएगा असंगठित मजदूर मोर्चा के सचिव कन्हाई पांडे ने कहा कि यदि बालमुकुंद प्रबंधन मजदूरों की मांगों को नहीं मानता है, तो संगठन सड़क जाम एवं गेट जाम जैसे आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा बैठक में अखिल भारतीय किसान मोर्चा के पूरन महतो, सूदन कोल, दीपक गोस्वामी, पवन यादव, प्रसादी राय, भिखारी राय, नवीन पांडेय, लखन कोल, अरविंद टुडू, तुलसी तुरी, सनातन साहू, मिन्हाज, भीम कोल, गुलाब कोल, खेमिया देवी, सरिता देवी, ललिता देवी, सारो देवी, भिखनी देवी, पार्वती देवी एवं मालती देवी सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।



# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर उपायुक्त ने पत्रकारों को दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर गिरिडीह के उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिले के सभी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया से जुड़े पत्रकारों, संवाददाताओं, छायाकारों तथा प्रेस प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी उपायुक्त ने अपने संदेश में कहा कि हिंदी पत्रकारिता समाज को जागरूक, शिक्षित और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है।



उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों के प्रसारण का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और शासन के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य भी करती है। निष्पक्ष, तथ्यपरक और जनहितकारी पत्रकारिता लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम योगदान देती है।उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की समस्याओं, जनभावनाओं तथा विकास से जुड़ी गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। जिले के पत्रकारों ने भी समय-समय पर सामाजिक सरोकारों, विकासात्मक कार्यों और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उपायुक्त यादव ने आशा व्यक्त की कि जिले के सभी पत्रकार भविष्य में भी निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और जनकल्याण के मूल्यों को सर्वोपरि रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे तथा समाज को सही दिशा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता वाहन रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति, गिरिडीह द्वारा तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की गई। समाहरणालय परिसर से उपायुक्त रामनिवास यादव ने पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार, सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह एवं अन्य अधिकारियों के साथ जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह वाहन जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले कैंसर, हृदय रोग तथा फेफड़ों की गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करेगा।

# पुरानी रंजिश में घर में घुसकर मारपीट नकदी व जेवर लूटने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चुंजका पंचायत अंतर्गत बुढ़ियाडी टोला में जमीन विवाद को लेकर एक परिवार पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। घायल भुनेश्वर पासवान ने गांव के कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने तथा नकदी और जेवरात लूटने का आरोप लगाया है भुनेश्वर पासवान के अनुसार उनकी जमीन को गलत तरीके से अपने नाम कराने और बेचने की कोशिश लंबे समय से की जा रही थी। इस संबंध में उन्होंने पूर्व में मुफस्सिल थाना में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई थी। आरोप है कि मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण विवाद बढ़ता गया पीड़ित का कहना है कि शुक्रवार को पुरानी रंजिश के चलते आरोपित उनके घर में घुस आए और लाठी-डंडे तथा लोहे की रॉड से हमला कर दिया। उन्होंने संजय पासवान, अजय पासवान, रेखा देवी, कालेश्वर पासवान, मीना देवी, तखलेश्वर पासवान, संतोष पासवान और वासुदेव पासवान सहित अन्य लोगों पर हमले का आरोप लगाया है हमले में भुनेश्वर पासवान, उनकी पत्नी मीना देवी समेत परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपितों ने घर में रखी अटैची तोड़ दी और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात तथा करीब 8 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। साथ ही महिला के कान की सोने की बाली और चांदी की चेन छीन लेने का भी आरोप लगाया गया है।

# मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूक हुईं किशोरियां, डीवीसी कोनार ने बांटे सैनिटरी पैड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विष्णुगढ़ (हजारीबाग)।** स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के तहत डीवीसी कोनार परियोजना द्वारा शनिवार को गोमिया प्रखंड के छोटकी चीदरी स्थित नव प्राथमिक मध्य विद्यालय में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं तथा 200 सैनिटरी पैड वितरित किए गए।

परियोजना प्रधान राणा रंजीत सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. बी.एन. मंडल, डॉ. एजाज अहमद, वार्ड सदस्य गीता देवी, जलसहिया संगीता देवी और सहायिका भद्री देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान चिकित्सकों ने मासिक धर्म के समय बरती जाने वाली सावधानियों, स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं और इससे जुड़ी भ्रांतियों पर विस्तार से चर्चा की। हेल्थ इंस्पेक्टर अमन टोप्पो ने महिलाओं एवं किशोरियों को स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्लास्टिक और पॉलीथिन के उपयोग से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए कॉटन बैग के इस्तेमाल का संदेश दिया गया। ग्रामीणों ने डीवीसी कोनार की इस पहल की सराहना करते हुए इसे महिला स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर कर्मी टेकलाल महतो, विवेक केरकेट्टा, शिक्षक सुरेश साव और महेश साव समेत कई लोगों का योगदान रहा। वहीं कॉटन बैग वितरण में ग्रामीण रंजीत साव और चेतलाल ने विशेष सहयोग दिया।

# संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र से 100 मीटर की परिधि में निषेधज्ञा लागू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** दिनांक 31 मई 2026 को सुबह 10 बजे से मेदिनीनगर शहर के 1. एम०के० डी०ए०भी० पब्लिक स्कूल, चियाँकी, डालटनगंज, पलामू 2. जिला सी०एम० रडए (जिला स्कूल) डालटनगंज, पलामू 3. विमला पाण्डेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल बैरिया, डालटनगंज 4. ब्राईट लैण्ड स्कूल बाईपास रोड़, डालटनगंज, पलामू 5. आर०के० गिरिवर +2 उच्च स्कूल, डालटनगंज, पलामू 6. सी०एम० स्कूल उत्कृष्ट बालिका (के०जी० स्कूल) नियर सदीक चौक, डालटनगंज 7. वाईएसएनएम कॉलेज मेदिनीनगर, नियर के०जी० स्कूल रोड, डालटनगंज में बी0एड0/एम0एड0/बी0पी0एड0 संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जाना है।

परीक्षा को देखते हुए मेदनीनगर सदर एसडीओ सुलोचना मीणा ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दी है।इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर यह कार्रवाई की गयी है। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा।इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा।100 मीटर की परिधि में सभी फोटो स्टेट की दुकानों को भी बंद रहेंगे। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा।

# बशीर बद्र ने कहा था - "अब सबसे बड़ी गजल हिन्दी में कही जाएगी"

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** इस दौर के सबसे बड़े शायर थे डा बशीर बद्र । उनकी पंक्तियाँ 'उक्तियाँ बन गयीं। जीवन के हर एक पहलू को उन्होंने अपनी शायरी से स्पर्श किया। अमीर खुसरो से शुरू हुई ऊर्दू शायरी की खूबसूरत कलियाँ चुनने वाले वे उम्दा और बेमिसाल शायर थे। वे हिन्दी के भी उतने ही हिमायती थे, जितनी की ऊर्दू के। अपने अंतिम साक्षात्कार में उन्होंने कहा था- "अब सबसे बड़ी गजल हिन्दी में लिखी जाएगी। यह बातें शनिवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, उनके निधन पर आयोजित शोक-सभा की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि इस वर्ष से सम्मेलन के महाधिवेशन में दिए जाने वाले सम्मान में डा बशीर बद्र का नाम भी जुड़ जाएगा। ऊर्दू और हिन्दी में उम्दा शायरी के लिए हर साल किसी एक शायर-कवि को 'डा बशीर बद्र स्मृति-सम्मान' दिया जाएगा। दंगाइयों पर चोट करने वाले उनके इस शेर कि ह्लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में/ तुम तरस नहीं खाते बस्तियाँ जलाने में" को उद्धृत करते हुए डा सुलभ ने कहा कि उनकी शायरी और अंदाजे-बयां अलग ही था। 'कोरोना-काल' में उनके इस शेर की कि "वो हाथ भी न मिलाएगा, जो गले मिलोगे तपाक से/ यह नए मिजाज का शहर है, जरा फासले से मिला करो" बहुत चर्चा हुई, जिसमें बदल रहे समाज की बेदिली देखी जा सकती है। डा बद्र इस शेर के साथ कि "गुजरो जो बाग से तो दुआ करते चलो/ जिसमें लगे हों फूल, वह डाली हरी रहे" समाज के उन तत्त्वों को बचाए रखने पर बल देते हैं, जो समाज के लिए कल्याणकारी हैं। उनके इस शेर के साथ कि "उजाले अपनी यादों को मेरे पास रहने दो/ न जाने किस गली में ज़िंदगी की शाम हो जाए" डा सुलभ ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# तकनीक के साथ संस्कारों का संतुलन जरूरी, बच्चों के लिए डिजिटल धर्मशिक्षा की वकालत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा बाजार मंदिर में आयोजित धर्मसभा में मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने आधुनिक तकनीक के युग में बच्चों को संस्कारवान बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक), मोबाइल और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बीच बच्चों को सही दिशा देने के लिए डिजिटल माध्यमों का सकारात्मक उपयोग किया जाना चाहिए।





उन्होंने सुझाव दिया कि देश के विभिन्न शहरों में डिजिटल धर्मशालाएं या संस्कार केंद्र विकसित किए जाएं, जहां बच्चे रोचक कहानियों, ऑडियो-वीडियो सामग्री और आधुनिक तकनीक के माध्यम से धर्म, संस्कृति और नैतिक मूल्यों की शिक्षा प्राप्त कर सकें। मुनि श्री ने कहा कि तकनीक स्वयं समस्या नहीं है, बल्कि उसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जा रहा है, यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने, स्क्रीन टाइम सीमित करने और परिवार में सामूहिक रूप से धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन किसी व्यक्ति का अपमान करना, अफवाह फैलाना या कटु टिप्पणी करना भी हिंसा का एक रूप माना जा सकता है। इसलिए बच्चों को डिजिटल दुनिया में भी मर्यादा, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाना आवश्यक है। प्रवचन के दौरान संयम, धैर्य और आत्मनियंत्रण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुनि श्री ने कहा कि बच्चों की सभी इच्छाएं तुरंत पूरी करने के बजाय उन्हें प्रतीक्षा और संतोष का मूल्य समझाना चाहिए। धार्मिक यात्राएं, सेवा कार्य और मंदिर दर्शन जैसे अनुभव बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता का व्यवहार ही बच्चों की सबसे बड़ी पाठशाला है। यदि अभिभावक स्वयं अनुशासित जीवन, ध्यान, पूजा और सदाचार का पालन करेंगे तो बच्चे भी स्वाभाविक रूप से उन्हीं मूल्यों को अपनाएंगे। कार्यक्रम के अंत में मंदिर परिसर में महाआरती आयोजित की गई। जानकारी के अनुसार रविवार को प्रातःकालीन मंगल प्रवचन में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# संगठनात्मक मजबूती के लिए प्रशिक्षण अभियान में जुटी भाजपा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बीजेपी इन दिनों झारखंड में प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के जरिए कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जा रहा है। सभी जिलों में चल रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए संगठन को मजबूत करने और पार्टी के विचारों को कार्यकर्ताओं के बीच साझा करने के लिए यह प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत आज शनिवार को जिला ग्रामीण भाजपा के द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने की। इस मौके पर पूर्व विधायक जीतू चरण राम और कई कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम सांगठनिक मजबूती के लिए है और कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए भी है। प्रशिक्षण के जरिए कार्यकर्ताओं को एक साथ लाया जाता है और पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाता है। महानगर भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल विश्वास के कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 5 जून पर्यावरण दिवस से लेकर 21 जून योगा दिवस तक यह कार्यक्रम अलग-अलग चरणों में किया जाना है। प्रदेश महामंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत बूथ स्तर तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अब तक के किए गए विकास को जन-जन तक पहुंचाना है। साथ ही हर बूथ में पेड़ लगाए जाने हैं और हर व्यक्ति से संवाद करना है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस वर्ष 7 जून को प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबे समय तक, लगातार देश की सेवा करने का अवसर आदरणीय प्रधानमंत्री जी को मिल रहा है और यह एक तरह से एतिहासिक पल भी है और एक रिकॉर्ड भी है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े लोकतंत्र में इस तरह से जनता का प्यार और आशीर्वाद लेकर जन कल्याण के काम करने का जो उनको मौका मिला है, उसी को सेलिब्रेट करने के लिए हम सब लोग, यह जो 12 साल विश्वास के, विकास के और जन कल्याण के, इस लाइन के साथ हम लोग जनता के बीच में हैं। उन्होंने कहा कि 5 जून पर्यावरण दिवस से लेकर के 21 जून योगा दिवस तक अनेक कार्यक्रम हमारे सूचीबद्ध हैं, श्रृंखलाबद्ध हैं। इसमें हम लोग वृक्षारोपण भी करेंगे, अपने कार्यकर्ता संगठन के विस्तार के दृष्टिकोण से प्रबुद्धजनों के साथ मिलेंगे भी और 12 साल के उपलब्धियों का भी व्याख्यान करेंगे। प्रगति जो हमारी हुई है, उस प्रगति के प्रतीक जितने भी स्थल हैं, उसकी यात्रा भी करेंगे। प्रबुद्ध जनों के सम्मेलन भी होंगे और साथ-साथ योगा दिवस का कार्यक्रम भी होगा।

## बाइक-टेंपो की आमने-सामने टक्कर में चार घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-शिवगंज पथ पर ब्राइट लाइफ स्कूल के समीप शनिवार को बाइक और टेंपो के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों में बाइक सवार तिवारी बिगहा निवासी राजेंद्र पासवान के पुत्र पंकज कुमार, कुटुंबा निवासी प्रभु पासवान की पुत्री खुशी कुमारी, कुटुंबा निवासी संजय राम की पुत्री अंशु कुमारी तथा टेंपो सवार नीमा वाजिद निवासी शरीफ शाह के पुत्र नईम शाह शामिल हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सक डॉ. आकाश कुमार रंजन ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों की स्थिति को देखते हुए पंकज कुमार एवं नईम शाह को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों वाहन तेज गति में थे, जिसके कारण यह हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है, बाइक एवं टेम्पू को जब्त कर थाना लाया गया। घायलों को ईलाज कराया जा रहा है।

# झारखंड टी20 लीग का ऑक्शन शुरू, 275 खिलाड़ियों पर लगेगी बोली




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड क्रिकेट के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक बन गया है। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित पहली झारखंड टी20 लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी (ऑक्शन) शुरू हो गई है। इस ऑक्शन में राज्य के विभिन्न जिलों और क्रिकेट संरचनाओं से जुड़े 275 खिलाड़ियों पर छह फ्रेंचाइजी टीमें बोली लगा रही हैं। पहली बार झारखंड में फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी आयोजित की जा रही है, जिसे राज्य क्रिकेट के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस लीग में रांची टाइटंस, जमशेदपुर स्टीलर्स, छोटानागपुर रॉयल्स, कोयलांचल सुपर किंग्स, धनबाद डायमंड्स और संथाल स्ट्राइकर्स हिस्सा ले रही हैं। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को खिलाड़ियों की खरीदारी के लिए 50 लाख रुपये का पर्स उपलब्ध कराया गया है। सभी टीमें अपने-अपने रणनीतिक संयोजन के अनुसार खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए बोली लगा रही हैं।

ऑक्शन में झारखंड क्रिकेट के कई चर्चित नाम शामिल हैं। इनमें भारतीय टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन, रॉबिन मिंज, कुमार कुशाग्र, अनुकूल रॉय, सुषांत मिश्रा, उत्कर्ष सिंह और विराट सिंह जैसे खिलाड़ी प्रमुख आकर्षण का केंद्र हैं। इन खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल करने के लिए फ्रेंचाइजियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है। नीलामी प्रक्रिया का संचालन प्रसिद्ध कमेंटेटर और पेशेवर ऑक्शनर चारू शर्मा कर रहे हैं। चारू शर्मा इससे पहले आईपीएल समेत कई बड़े क्रिकेट आयोजनों की नीलामी का संचालन कर चुके हैं। ऐसे में झारखंड टी20 लीग के पहले ऑक्शन को लेकर भी क्रिकेट प्रेमियों में खास उत्साह देखा जा रहा है। जेएससीए के नियमों के अनुसार प्रत्येक फ्रेंचाइजी को कम से कम 16 और अधिकतम 18 खिलाड़ियों का स्क्वॉड तैयार करना होगा। नीलामी पूल में शामिल खिलाड़ियों को विभिन्न श्रेणियों में रखा गया है। सात खिलाड़ियों को आइकॉन कैटेगरी में शामिल किया गया है, जिनका बेस प्राइस 4 लाख रुपये निर्धारित है। वहीं कैटेगरी-ए के सीनियर राज्य स्तरीय खिलाड़ियों का बेस प्राइस 75 हजार रुपये रखा गया है। अन्य खिलाड़ियों को भी अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित किया गया है।

# जामताड़ा में राज्य स्तरीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ, 16 जिलों से पहुंची टीम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** झारखंड स्तरीय बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का जामताड़ा में शुभारंभ हुआ है। तीन दिन तक चलने वाली इस राजाष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य के 16 जिलों की टीम भाग ले भाग रही है। यह राज्य स्तरीय बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ जामताड़ा के ऐतिहासिक गांधी मैदान में शुक्रवार को देर शाम शुभारंभ हुआ। शानदार समारोह आयोजित कर स्थानीय समाजसेवी पूर्व विधायक की पत्नी श्रीमती चमेली देवी और खो-खो संघ के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से इस खेल प्रतियोगिता का दीप प्रज्वलित का शुभारंभ किया।

3 दिन तक चलने वाली इस राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में राज्य के कुल 16 जिलों की टीम भाग ले रही हैं। अलग-अलग जिले की टीम इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर खिलाड़ी इस खेल में अपना हुनर प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इसके साथ ही खेल प्रेमियों का मनोरंजन भी करेंगे। इस प्रतियोगिता को लेकर जिला खो-खो संघ के उपाध्यक्ष चंचल भंडारी ने कहा कि झारखंड स्तरीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता आयोजन करना जामताड़ा के लिए गौरव का क्षण है। चंचल भंडारी ने कहा कि यह राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी। उन्होंने कहा कि अब तक 16 जिलों से टीम पहुंच चुकी है। हो सकता है शनिवार को और 2 टीम पहुंचे। प्रतियोगिता का समापन 31 मई को होगा। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीम के खिलाड़ियों को और विजेता उपविजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा।

## हसपुरा के वार्ड सं-सात में नल-जल की स्थिति बेहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ग्रामीण इलाके के लोगों को हर घर नल से जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। गांवों में इस योजना से काम कराए गए परंतु उसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल सका है। जिस सोच के साथ योजना प्रारंभ हुई थी वह धरातल पर नहीं उतरा। यहां तक कि पंचायत के गांवों में हर घर नल से जल योजना के रुपये का सही उपयोग नहीं किया गया। बता दें कि हसपुरा प्रखंड के वार्ड सं-सात में ग्रामीणों को नल से जल नहीं मिला। ग्रामीणों के अनुसार छह वर्ष पहले एक टंकी लगाई गई। मोटर आई परंतु नल से जल का सपना अधूरा रह गया। दिखावे के लिए दो-चार दिन पानी की आपूर्ति की गई।

# हल्की बारिश के बाद धनबाद का बड़की बोआ रेल अंडरपास स्विमिंग पुल में तब्दील



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** धनबादः जिले के ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र स्थित बड़की बोआ रेल अंडरपास में एक बार फिर जलजमाव के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। मामूली बारिश के बाद ही अंडरपास में कई फीट पानी भर गया, जिससे आवागमन प्रभावित हो गया है। करोड़ों रुपये की लागत से इस अंडरपास का निर्माण कराया गया था, ताकि करीब 15 से 20 गांवों के लोगों को आवाजाही में परेशानी न हो। लेकिन हर बारिश में यहां उत्पन्न होने वाली जलभराव की समस्या अब ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। **रेलवे परियोजना की खामी उजागर**

हल्की बारिश ने ही रेलवे की इस महत्वपूर्ण परियोजना की खामी को उजागर कर दिया है। बड़की बोआ रेलवे अंडरपास में पानी भर जाने से सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई है। स्थिति ऐसी है कि दोपहिया वाहन बीच रास्ते में बंद हो रहे हैं और लोगों को पानी के बीच से गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। अंडरपास के दोनों ओर लंबी दूरी तय करने वाले ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बच्चे पानी में खेलते और तैरते दिखाई दे रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि अंडरपास निर्माण के समय जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, जिसके कारण हर वर्ष बारिश के मौसम में यही स्थिति उत्पन्न हो जाती है। समस्या से नाराज ग्रामीण पहले भी रेलवे प्रशासन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है।

इधर, रेलवे फाटक पर चल रहे कार्य के कारण फाटक भी बंद है। ऐसे में अंडरपास ही लोगों के लिए मुख्य मार्ग बचता है, लेकिन उसमें जलभराव होने से परेशानी और बढ़ गई है। कई स्कूली बच्चे मजबूरी में रेलवे ट्रैक पार कर स्कूल आने-जाने को विवश हैं।

# मौसम में बदलाव से झारखंड का पारा लुढ़का, धधक रहे डाल्टनगंज में भी राहत, कई इलाकों के लिए अलर्ट जारी



रांची। गर्मी से बेहाल झारखंड पर मौसम ने मेहरबानी दिखाई है। रांची समेत कई इलाकों में बारिश की वजह से अधिकतम पारा सामान्य से नीचे आ गया है। इस वजह से गर्मी से राहत मिली है। वहीं आग की तरह झुलस रहे पलामू के डाल्टनगंज का अधिकतम पारा पिछले 24 घंटे में लुढ़कर 34.5 डिग्री पर आ गया है। यहां सामान्य की तुलना में तापमान में 3.5 डिग्री की कमी रिकॉर्ड हुई है। मौसम केंद्र, रांची ने 30 मई से 1 जून तक कई इलाकों के लिए वज्रपात, तेज हवा और मेघ गर्जन और बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। खराब मौसम का असर विमान सेवा पर भी पड़ा है।

**झारखंड में बदले मौसम का विमान सेवा पर असर**

रांची एयरपोर्ट क्षेत्र में मेघ गर्जन, बारिश और तेज हवा की वजह से कई विमान को सुरक्षा कारणों से डायवर्ट किया गया है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की फ्लाइट समेत कई विमानों को रांची में लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली और उन्हें कोलकाता एयरपोर्ट की ओर डायवर्ट कर दिया गया। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश शुक्ला ने बताया कि मौसम में सुधार और दृश्यता सामान्य होने के बाद ही उड़ानों का संचालन सुचारु किया जाएगा। उन्होंने यात्रियों को एयरलाइंस से फ्लाइट स्टेटस की जानकारी लेकर ही एयरपोर्ट जाने की सलाह दी है।

**गर्मी में सर्दी का एहसास**

झारखंड के मौसम में आए बदलाव की वजह से गर्मी में सर्दी का एहसास हो रहा है. मौसम केंद्र, रांची के मुताबिक पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम पारा सामान्य की तुलना में 8.6 डिग्री लुढ़कर 27.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है जबकि न्यूनतम पारा 19.8 डिग्री रहा है, लेकिन रांची के नामकुम में न्यूनतम पारा सबसे कम 17.6 डिग्री रहा है। जमशेदपुर में सामान्य की तुलना में अधिकतम पारा में 5.8 डिग्री की कमी आई है. यहां अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री रहा है। बोकारो में अधिकतम पारा 34.2 डिग्री, चाईबासा में 33.4 डिग्री, देवघर में 29.8 डिग्री, कोडरमा में 26.8 डिग्री, गुमला में 31.1 डिग्री, हजारीबाग में 28.1 डिग्री, जामताड़ा में 33.4 डिग्री, खूंटी में 32.2 डिग्री, लातेहार में 28.4 डिग्री, लोहरदगा में 32.1 डिग्री, पाकुड़ में 33.5 डिग्री, सरायकेला में 33.4 डिग्री, साहिबगंज में 31.7 डिग्री और सिमडेगा में 34.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।

**सुबह होते ही रांची में झमाझम बारिश**

30 मई की सुबह धूप निकलने के बाद अचानक मौसम बदल गया। सुबह 8 बजते ही आसमान में घने बादल उमड़ने लगे। तेज हवाएं चलने लगीं और तेज मेघ गर्जन के साथ कुछ देर तक झमाझम बारिश हुई। इस दौरान रांची समेत चतरा, हजारीबाग, लातेहार, रामगढ़, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में बारिश हुई है। इसके अलावा गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, देवघर, जामताड़ा, बोकारो और सिमडेगा के लिए भी बारिश और तेज हवा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

# रांची आसपास क्षेत्र में तेल संकट, पेट्रोल और डीजल की राशनिंग से बढ़ी परेशानी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में पेट्रोल-डीजल की किल्लत लगातार बनी हुई है। कई क्षेत्रों में ईंधन की कमी के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि आवश्यक सेवाओं से जुड़े संस्थानों को भी जरूरतभर डीजल के लिए भटकना पड़ रहा है। तेल कंपनियों की ओर से पेट्रोल पंपों को सीमित मात्रा में आपूर्ति किए जाने के कारण संचालक भी राशनिंग के तहत ही ईंधन दे रहे हैं। इसका सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ रहा है। वहीं, पेसो अप्रूव्ड और सामान्य जार में डीजल देने को लेकर पेट्रोलियम डीलर्स के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कुछ डीलर लूज कंटेनर में डीजल दे रहे हैं, जबकि अधिकांश सामान्य जार में डीजल देने से इनकार कर रहे हैं। इससे किसानों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। नामकुम और आसपास के इलाकों में डीजल की आपूर्ति सीमित मात्रा में की जा रही है। बड़ी गाड़ियों को 40 से 50 लीटर तक डीजल दिया जा रहा है, जबकि ट्रैक्टरों की टंकी फुल की जा रही है। पंप कर्मियों का कहना है कि सामान्य गैलन में पेट्रोल-डीजल देने की अनुमति नहीं है और खुले में किसी को तेल नहीं दिया जा रहा। पेसो एप्रूव्ड जार की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। पंप संचालकों के अनुसार, इंडियन ऑयल के पास तेल की कमी नहीं है, लेकिन हिंदुस्तान पेट्रोलियम का लोड बोकारो से नियमित नहीं पहुंच रहा है। इधर, किसानों को डीजल चालित पंप चलाने में परेशानी हो रही है। कई किसान किराये पर पेट्रोल पंप लेकर या खेतों तक बिजली का तार खींचकर पटवन कर रहे हैं। किसान बाइक स्कूटी में तेल भरवा कर पाइप से तेल निकाल कर काम चला रहे हैं। वहीं, बुंडू के तीनों पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल की राशनिंग जारी है। दोपहिया वाहनों को दो लीटर, कारों को पांच लीटर और व्यावसायिक वाहनों को अधिकतम 15 लीटर डीजल दिया जा रहा है। पंप संचालकों ने लोगों से जरूरत भर ही ईंधन लेने की अपील की है।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (2), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैंः **सीनि. डीईएन/2/हावड़ा। (1) ई-निविदा सं.: 65 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/2/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/डीकेएई के अधीन **जोन सं. 11 (सड़क जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि)** , समापन अवधि 30.06.2027; विवरणः सीपीडब्ल्यूडी-डीएसआर-2023 की दरों की कुल प्रतिशत ऊपर/नीचे/बराबर। सभी अध्यायों के साथ नवीनतम संशोधनी स्लीप इत्यादि के अनुसार अभियांत्रिकी विभाग की सामग्रियाँ। (मूल्य रु. 6000000.00)। **अनुमानित लागतः** रु. 60,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,20,000/-। **(2) ई-निविदा सं.: 66 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/डीकेएई के अधीन **जोन सं. 12 (साधारण जोन, सड़क जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; अधिकार क्षेत्र - एईएन/डीकेएई के अधिकार क्षेत्र में एचबीसी अनुभाग में किमी. 27/0 से 66/0 तक स्टेशनों, सेवा भवनों, कॉलोनियों, फॉर्मेशन, सड़कों की मरम्मत तथा रखरखाव। **अनुमानित लागतः** रु. 1,10,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 2,20,000/-। **(3) ई-निविदा सं.: 67 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/डीकेएई के अधीन **जोन सं. 13 (साधारण जोन, सड़क जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; अधिकार क्षेत्र - एईएन/डीकेएई के अधिकार क्षेत्र में सीसीएल, सीसीआर, एसीसीएल अनुभाग सहित डानकुनी एवं डानकुनी में डीजल कम्पोनेंट फैक्टरी तथा एचबीसी अनुभाग में किमी. 10/0 से 27/0 तक के साथ स्टेशनों, सेवा भवनों, कॉलोनियों, फॉर्मेशन, सड़कों की मरम्मत तथा रखरखाव। **अनुमानित लागतः** रु. 1,00,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 2,00,000/-। **(4) ई-निविदा सं.: 68 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/2/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन **जोन सं. 14 (सड़क जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि)** , समापन अवधि 30.06.2027; विवरणः सीपीडब्ल्यूडी-डीएसआर-2023 की दरों की कुल प्रतिशत ऊपर/नीचे/बराबर। सभी अध्यायों के साथ नवीनतम संशोधनी स्लीप इत्यादि के अनुसार अभियांत्रिकी विभाग की सामग्रियाँ। (मूल्य रु. 6000000.00)। **अनुमानित लागतः** रु. 60,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,20,000/-। **(5) ई-निविदा सं.: 69_2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन **जोन सं. 15 (साधारण जोन, सड़क जोन)** , समापन अवधि 30.06.2027; अधिकार क्षेत्र - एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधिकार क्षेत्र में एचबीसी अनुभाग में किमी. 66/0 से 104/0 तक, मसाग्राम से बांकुड़ा लाइन में 0 से किमी तथा मेन लाइन में किमी. 91/0 से 95/0 तक के साथ सभी स्टेशनों, सेवा भवनों, कॉलोनियों, लेवल क्रॉसिंगों, फॉर्मेशन, सड़कों की मरम्मत तथा रखरखाव। **अनुमानित लागतः** रु. 1,10,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 2,20,000/-। **(6) ई-निविदा सं.: 70 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन **जोन सं. 16 (साधारण जोन, सड़क जोन)** , समापन अवधि 30.06.2027; अधिकार क्षेत्र - एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधिकार क्षेत्र में बर्द्धमान में डीजल शेड, मलेरिया कॉलोनी, ट्रैफिक कॉलोनी, हेल्थ यूनिट, एटीपी स्कूल, लोको ट्रैफिक रनिंग रूम, लोको शेड, लोको यार्ड, आरपीएफ बैरकों, आमबागान कॉलोनी, ऑफिसर्स कॉलोनी, लोको कॉलोनी, आरई कॉलोनी एवं बर्द्धमान (छोड़कर) से बलगोना तक सभी स्टेशनों, सेवा भवनों, कॉलोनियों, लेवल क्रॉसिंगों, फॉर्मेशन, सड़कों की मरम्मत तथा रखरखाव। **अनुमानित लागतः** रु. 1,60,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 3,20,000/-। **(7) ई-निविदा सं.: 71 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन **जोन सं. 17 (साधारण जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; अधिकार क्षेत्र - एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधिकार क्षेत्र में बर्द्धमान में एचबीसी अनुभाग में किमी. 104/0 से 120/64 तक एवं बीडब्ल्यूएन-केएएन अनुभाग में बीडब्ल्यूएन स्टेशन, डाउन यार्ड, पावर हाउस, एसएसपी, स्टेशन कॉलोनी, कम्बाइंड रनिंग रूम, रेलवे इंस्टीट्यूट, इंस्पेक्टर रेस्ट रूम, एईएन कार्यालय, केबिनों, गुड्स शेड एवं अन्य आवासीय एवं सेवा भवनों इत्यादि तथा केएएन-जेटीएल अनुभाग (अप एवं डाउन) में किमी. 0/0 से 2/5 तक सभी स्टेशनों, सेवा भवनों, कॉलोनियों, लेवल क्रॉसिंगों, फॉर्मेशन, सड़कों की मरम्मत तथा रखरखाव। **अनुमानित लागतः** रु. 1,35,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 2,70,000/-। **(8) ई-निविदा सं.: 72 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/2/हावड़ा के अधीन **जोन सं. 43 (ब्रिज जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; अधिकार क्षेत्र - सीनि. डीईएन/2/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन एचबीसी अनुभाग में किमी. 66/0 से 104/0 तक, मसाग्राम से बांकुड़ा लाइन पर 0 से 1 किमी तक एवं मेन लाइन में किमी 91/0 से 95/0 तक साथ में स्टेशनों, एचबीसी अनुभाग में किमी 104/0 से 120/64 तक एवं बीडब्ल्यूएन-केएएन अनुभाग के साथ बर्द्धमान में बीडब्ल्यूएन स्टेशन तथा केएएन-जेटीएल अनुभाग (अप एवं डाउन) में किमी 0/0 से 2/5 सभी पुलों के साथ सभी स्टेशनों की मरम्मत एवं रखरखाव, एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन एचबीसी अनुभाग में विभिन्न पुलों के साथ एफओबी, आरयूबी एवं आरओबी तथा एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन अन्य सभी पुलों की मरम्मत तथा रखरखाव। **अनुमानित लागतः** रु. 51,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,02,000/-। **(9) ई-निविदा सं.: 73_2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/2/हावड़ा के अधीन **जोन सं. 44 (ब्रिज जोन)** , समापन अवधि 30.06.2027; अधिकार क्षेत्र-सीनि डीईएन/2/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/डीकेएई के अधीन एचबीसी अनुभाग में किमी. 27/0 से 66/0 तक सभी पुलों के साथ स्टेशनों की मरम्मत तथा रखरखाव, सीसीएल, सीसीआर, एसीसीएल अनुभाग में सभी पुलों के साथ डानकुनी में डानकुनी स्टेशन तथा एचबीसी अनुभाग में किमी. 10/0 से 27/0 तक के साथ स्टेशनों की मरम्मत तथा रखरखाव, एचबीसी अनुभाग में विभिन्न पुलों सहित एफओबी, आरयूबी एवं आरओबी तथा एईएन/डीकेएई के अधीन अन्य सभी पुलों की मरम्मत तथा रखरखाव। **अनुमानित लागतः** रु. 51,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,02,000/-। **निविदा प्रपत्र की लागतः** प्रत्येक के लिए शून्य। **समापन अवधि**: प्रत्येक के लिए स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** दिनांक 18.06.2026 को 14.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणीः आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-115/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैंः **सीनि. डीईएन/3/हावड़ा। (1) ई-निविदा सं.: 74 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/कटवा के अधीन **जोन सं. 20 (जनरल जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकारः एईएन/कटवा के अधीन बीबी लूप में किमी. 89/0-107/0 तक के लिए जोनल कार्य - सभी सेवा भवनों, कॉलोनियों के साथ सभी सेवा भवन तथा अन्य ढांचे में लकड़ी एवं सैनिटरी तथा कलर वाश/व्हाइट वाश तथा अन्य खुदरा मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 85,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,70,000/-। **(2) ई-निविदा सं.: 75 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/कटवा के अधीन **जोन सं. 21 (जनरल जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकारः एईएन/कटवा के अधीन बीबी लूप में किमी. 107/0 से 125/0 तक, ए-के एवं कटवा-बलगोना बीजी अनुभाग (बलगोना रहित) के साथ कटवा स्टेशन के लिए जोनल कार्य - सभी सेवा भवनों, कॉलोनियों के साथ सभी सेवा भवन तथा अन्य ढांचे में लकड़ी एवं सैनिटरी तथा कलर वाश/व्हाइट वाश तथा अन्य खुदरा मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 66,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,32,000/-। **(3) ई-निविदा सं.: 76 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन **जोन सं. 22 (जनरल जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकारः एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन बीबी लूप में किमी. 02/0 -89/0 तक के लिए जोनल कार्य - सभी सेवा भवनों, कॉलोनियों के साथ सभी सेवा भवन तथा अन्य ढांचे में लकड़ी एवं सैनिटरी तथा कलर वाश/व्हाइट वाश तथा अन्य खुदरा मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 88,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,76,000/-। **(4) ई-निविदा सं.: 77 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/आजिमगंज के अधीन **जोन सं. 28 (जनरल जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकारः एईएन/आजिमगंज के अधीन आजिमगंज-नैहाटी अनुभाग में किमी. 2.2 से 43.74 तक के लिए जोनल कार्य - सेवा भवनों सहित, कॉलोनियों के साथ सभी सेवा भवन तथा अन्य ढांचे में लकड़ी एवं सैनिटरी तथा कलर वाश/व्हाइट वाश तथा अन्य खुदरा मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 60,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,20,000/-। **(5) ई-निविदा सं.: 78 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/आजिमगंज के अधीन **जोन सं. 29 (जनरल जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकारः एईएन/आजिमगंज के अधीन आजिमगंज स्टेशन सहित किमी. 125/0 से 181/0 तक के लिए जोनल कार्य तथा एजेड सेवा भवन, कॉलोनियों की सभी सम्पत्तियों के साथ सभी सेवा भवन तथा अन्य ढांचे (एजेड लोको शेड कार्य तथा एजेड कोचिंग डिपो के लिए 2000000) में लकड़ी एवं सैनिटरी तथा कलर वाश/व्हाइट वाश तथा अन्य खुदरा मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 88,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,76,000/-। **(6) ई-निविदा सं.: 79_2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/कटवा के अधीन **जोन सं. 33 (रोड जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि)**, समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागतः** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,12,000/-। **(7) ई-निविदा सं.: 80 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन **जोन सं. 34 (रोड जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि)** , समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागतः** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,12,000/-। **(8) ई-निविदा सं.: 81_2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/आजिमगंज के अधीन **जोन सं. 35 (रोड जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि)**, समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागतः** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,12,000/-। **(9) ई-निविदा सं.: 82 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः जोन सं. 45 (पुल जोन)** एईएन/कटवा अनुभाग के सभी पुलों के साथ एफओबी, आरयूबी/आरओबी इत्यादि, एईएन/कटवा के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न पुलों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य, समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागतः** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,12,000/-। **(10) ई-निविदा सं.: 83 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः जोन सं. 46 (पुल जोन)** एईएन/नबद्वीप धाम अनुभाग के सभी पुलों के साथ एफओबी, आरयूबी/आरओबी इत्यादि, एईएन/नबद्वीपधाम के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न पुलों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य, समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागतः** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,12,000/-। **(11) ई-निविदा सं.: 84 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः जोन सं. 47 (पुल जोन)** एईएन/आजिमगंज अनुभाग के सभी पुलों के साथ एफओबी, आरयूबी/आरओबी इत्यादि, एईएन/आजिमगंज के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न पुलों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य, समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागतः** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,12,000/-। **(12) ई-निविदा सं.: 96 _2026-27, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एडीईएन/आजिमगंज के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न लेवल क्रॉसिंग गेटों के लिए सबमर्शिबल पम्प की सुविधा द्वारा जल आपूर्ति का प्रावधान तथा एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन नबद्वीप धाम रेलवे कॉलोनी के लिए पम्प हाउस के साथ गहरे नलकूप (350x200 मिमी व्यास) धंसाने के साथ पाइपलाइन, अतिरिक्त विद्युतीय मीटर सह स्विच का प्रावधान। **अनुमानित लागतः** रु. 93,35,379/-। **बयाना राशिः** रु. 1,86,700/-। **(13) ई-निविदा सं.: 97 _2026-27, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** हावड़ा मंडल - सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन टीएफटीआर-3.008 टीकेएम, बीडीसी-केडब्ल्यूएईः अप 12.625-13.100=0.475 किमी, 76.285-76.466=0.181 किमी, 11.930-12.820=0.890 किमी, 76.286-76.450=0.164 किमी, 79.597-80.310=0.713 किमी, 80.440-81.025=0.585 किमी। **अनुमानित लागतः** रु. 4,78,01,692.46। **बयाना राशिः** रु. 9,56,000/-। **समापन अवधि**: क्रमांक 1 से 11 के लिए समापन अवधि 30.06.2027, क्रमांक 12 के लिए स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 04 (चार) महीने तथा क्रमांक 13 के लिए स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** दिनांक 18.06.2026 को 14.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणीः आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-113/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# ट्रक ने टेंपो में मारी ठोकर, दो लोगों की गई जानें

- मृतक निकला था कालेज में नामांकन कराने
- भाग रहे ट्रक चालक को ग्रामीणों ने पकड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** जिले में सरसी थाना क्षेत्र के बख्तियारपुर स्थित फुचयाही पुल और बुढ़िया गोला कॉलेज के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने सवारियों से भरी टेंपो को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में जदयू वार्ड अध्यक्ष की बेटी (लैब टेक्नीशियन) और एक इंटर पास छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज पूर्णिया जीएमसीएच में जारी है। हादसे में मृतकों की पहचान सरसी के बुढ़िया गोला निवासी सह जदयू वार्ड अध्यक्ष गमक लाल मंडल की 22 वर्षीय पुत्री कृष्णा कुमारी मंडल और के.नगर थाना क्षेत्र निवासी अशोक मिश्र के 18 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

स्थानीय चश्मदीदों के अनुसार, एक टेंपो में लगभग 6 सवारियां बैठकर सरसी की ओर से आ रहा था। इसी दौरान रानीगंज की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक के सामने टेंपो चालक ने आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की। रफ्तार अधिक होने के कारण टेंपो सीधे सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी भयानक थी कि कुछ ही सेकंड में टेंपो पूरी तरह पिचक गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई।

हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए उसे घेर लिया और पकड़



लिया। इसके बाद उसे मौके पर पहुंची सरसी थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया।

प्रिंस कुमार के पिता ने बताया कि उनका बेटा इसी साल अच्छे अंकों से इंटर पास हुआ था और अपने भाई के साथ बुढ़िया गोला कॉलेज में आगे की पढ़ाई के लिए नामांकन कराने घर से निकला था। परिवार को उम्मीद थी कि वह आगे बढ़कर नाम रोशन करेगा, लेकिन कॉलेज पहुंचने से पहले ही हादसे में उसकी जान चली गई। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## नाच के दौरान युवक को लगी गोली

**आरा।** भोजपुर जिले के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के डीहरा गांव में बरात में नाच के दौरान हर्ष फायरिंग कर दी गई। इसमें गोली लगने से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। युवक को गोली दाएं तरफ सीने के पास लगी है। इसके बाद स्वजन इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गए, जहां से बेहतर इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक नारायणपुर थाना क्षेत्र के भलुनी गांव निवासी कृष्ण सिंह का 19 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार है। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। जख्मी युवक के भांजे रंजन कुमार ने बताया कि पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव से अजीमाबाद थाना क्षेत्र के डीहरा गांव में बरात गई थी, जिसमें वे लोग भी शामिल होने पहुंचे थे। बरात में नाच कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। शुक्रवार की देर रात वह शमियाना के बाहर सोया हुआ था, जबकि चंदन नाच देख रहा था।

# मंदिर परिसर में आपत्तिजनक वस्तु मिलने से इलाके में हलचल

- सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस
- शांति समिति के लोगों ने किया हस्तक्षेप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र के मैरा गांव में स्थित हनुमान मंदिर परिसर के पास एक छोटी हड्डी मिलने की सूचना से शनिवार को इलाके में कुछ समय के लिए हलचल मच गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया और मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश या सुनियोजित साजिश के कोई प्रमाण नहीं मिले। पुलिस ने दोनों समुदायों के लोगों के साथ बैठक कर शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 10 बजे इमामगंज थाना अध्यक्ष को सूचना मिली कि ग्राम मैरा में एसएच-69 से सटे हनुमान मंदिर परिसर के समीप पीपल के पेड़ के नीचे एक छोटी हड्डी पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही मामले की जानकारी वरीय पुलिस अधिकारियों को दी गई। इसके बाद इमामगंज, मैगरा और भदवर थाना अध्यक्ष समेत अन्य पुलिस अधिकारी और जवान तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे तथा पूरे मामले की जांच शुरू की।

मौके पर जांच के दौरान मंदिर परिसर के निकट एक छोटी हड्डी बरामद की गई। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में मनाए गए बकरीद पर्व के दौरान किसी बाहरी स्थान से कुत्ता, अन्य जानवर या कोई पक्षी हड्डी उठाकर वहां छोड़ गया होगा। ग्रामीणों का कहना था कि मंदिर परिसर के चारों ओर बाउंड्री नहीं होने के कारण जानवरों का वहां तक पहुंचना आसान है। ऐसे में हड्डी का वहां पहुंचना संभव प्रतीत होता है।

पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल और आसपास की परिस्थितियों का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय लोगों से मिली जानकारी का भी अवलोकन किया गया। जांच के दौरान किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश अथवा किसी सुनियोजित साजिश से जुड़ा कोई तथ्य सामने नहीं आया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मामले को लेकर किसी तरह की अफवाह फैलाने की आवश्यकता नहीं है।

# गहना लेकर पति फरार, मामला पहुंचा थाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में अक्सर यह सुनने को मिलता है कि कोई महिला अपने बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ घर के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गई। ऐसी घटनाओं के बाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जाती है। हालांकि, पहली बार एक युवक द्वारा अपनी पत्नी के जेवर लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। पत्नी ने युवक के विरुद्ध नगर थाने में करीब 40 लाख रुपये के जेवर लेकर फरार होने की प्राथमिकी दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार, नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मीठा कुआं वार्ड संख्या-15 में एक व्यक्ति अपनी पत्नी के करीब 40 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गया। पत्नी ने काफी खोजबीन के बाद नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है। थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार,

### 40 लाख आंकी जा रही कीमत

रजनी कुमारी, पति रोशन कुमार, ग्राम वीरपुर, थाना जुड़ावनपुर, वर्तमान पता मीठा कुआं वार्ड संख्या-15, थाना नगर ने बताया कि बीते 25 मई की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर की छत पर बैठी थीं। इसी दौरान उनके पति रोशन कुमार ने बक्सा खोलकर गले का सोने का हार, सोने की चेन, मंगलसूत्र, बड़ी अंगूठी, बाला, कान की बाली, झुमका, पायल, पान का पत्ता, चांदी की कसेली सहित अन्य सोने-चांदी के जेवर चुपके से निकाल लिए और फरार हो गया। महिला ने बताया कि काफी खोजबीन के बाद भी पति का कोई पता नहीं चल सका। उन्होंने यह भी कहा कि उनके अनुसार कुछ अन्य जेवर भी गायब हैं, जिनकी पूरी जानकारी उन्हें फिलहाल याद नहीं आ रही है।

### भू माफिया के खेल से प्रशासनिक व्यवस्था में हलचल

# थाने की जमीन करायी रजिस्ट्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्वी चंपारण में भू-माफियाओं का ऐसा खेल सामने आया है, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। इस बार भू-माफियाओं के निशाने पर किसी आम आदमी की जमीन नहीं, बल्कि खुद थाना की जमीन आ गई। जिस थाना में लोग जमीन विवाद और कब्जे की शिकायत लेकर पहुंचते हैं, उसी थाना परिसर की जमीन की कथित रजिस्ट्री होने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मामला भारत-नेपाल सीमा से सटे झरौखर थाना क्षेत्र का है। यहां बिहार सरकार द्वारा 61 डिसमिल जमीन खरीदकर तथा 19 डिसमिल गैरमजरूआ जमीन को मिलाकर नए थाना भवन का निर्माण कराया जा रहा है। बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम की ओर से करोड़ों रुपये की लागत से बन रहा यह भवन अंतिम चरण में है। चारों ओर बाउंड्री वॉल बन चुकी है और जल्द ही थाना शिफ्ट होने की तैयारी थी। लेकिन इसी बीच स्थानीय भू-माफियाओं ने थाना परिसर की बाउंड्री के अंदर की करीब पांच कट्ठा जमीन की रजिस्ट्री करा ली। आरोप

- कब्जा को ले अपना रहे हथकंडे
- जमीन खरीदने वाला है रसूखदार

है कि अब उक्त जमीन पर कब्जा जमाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। विवाद बढ़ने के बाद फिलहाल निर्माण कार्य प्रभावित हो गया है।

विभागीय कार्यपालक अभियंता ने बताया कि थाना भवन निर्माण शुरू होने से पहले तत्कालीन एसडीपीओ, अंचलाधिकारी, एसडीएम और थानाध्यक्ष की मौजूदगी में जमीन की विधिवत मापी हुई थी। पिलर लगाए गए थे और उसी आधार पर नक्शा स्वीकृत कर निर्माण शुरू कराया गया था। ऐसे में अब दो साल बाद दोबारा जमीन की मापी कई सवाल खड़े कर रही है। उन्होंने कहा, 'अब अंचलाधिकारी किस आधार पर दोबारा मापी करा रहे हैं, इसकी जानकारी हमें नहीं है। वहीं सरकारी जमीन की रजिस्ट्री कैसे हो गई, यह भी जांच का विषय है।' स्थानीय लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि कथित जमीन खरीदने वालों में एक स्थानीय मुखिया, दूसरा थाना और एसडीपीओ कार्यालय तक पहुंच रखने वाला व्यक्ति तथा तीसरा बिना डिग्री के क्लीनिक चलाने वाला व्यक्ति शामिल है। जब अमर उजाला के प्रतिनिधि ने भूस्वामी से बातचीत की तो उन्होंने कैमरे पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। हालांकि, ऑफ कैमरा बातचीत में उन्होंने कहा कि जमीन खरीदने वालों ने उनसे कहा था कि 'आप सिर्फ जमीन लिख दीजिए, कब्जा हम खुद ले लेंगे।' भूस्वामी ने यह भी बताया कि वह एक बार इस संबंध में घोड़ासहन अंचल के अंचलाधिकारी से मिलने गए थे, तो उन्होंने थाना को फोन कर उन्हें थाना में बंद करवा दिया। बाद में थाना द्वारा उन्हें छोड़ दिया गया। भूस्वामी ने दावा किया कि उन्होंने जमीन की मापी के लिए अंचल कार्यालय में कोई आवेदन नहीं दिया था। इसके बावजूद अमीन जमीन की मापी करने पहुंच गया। बाद में उन्होंने लिखित रूप से यह भी दे दिया कि उनकी ओर से कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

# पुलिस हिरासत से भाग रहा कैदी तालाब में डूबा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खगड़िया।** मोरकाही थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत से भागने के दौरान एक आरोपी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई और ग्रामीणों ने शव को मोरकाही थाना परिसर में रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन और पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार, मोरकाही थाना कांड संख्या 61/26 में विधि-व्यवस्था भंग करने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए 29 मई को पुलिस टीम सबलपुर गांव में छापेमारी करने पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों सौरव कुमार और अंशु कुमार उर्फ दुखो कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस दोनों

### लोगों ने काटा बवाल

आरोपियों को लेकर थाने लौट रही थी। इसी दौरान सौरव कुमार पुलिसकर्मियों से हाथ छुड़ाकर भाग निकला। भागते हुए वह गांव के मंदिर के पीछे स्थित मालती धार तालाब में कूद गया। आरोपी के तालाब में कूदने के बाद पुलिस ने तत्काल उसकी तलाश शुरू कर दी। हालांकि अंधेरा होने के कारण काफी खोजबीन के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस दूसरे आरोपी को लेकर वापस थाने लौट आई।

कुछ देर बाद ग्रामीणों और स्थानीय चौकीदार ने पुलिस को सूचना दी कि तालाब में डूबने से सौरव कुमार की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। घटना की खबर फैलते ही ग्रामीणों ने शव को लेकर मोरकाही थाना पहुंचकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की।

# कई दिनों से बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे नैना गांव के लोग

### हर घर जल के दावों पर उठे सवाल

### दो किमी दूर से पानी ढोने को मजबूर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

लातेहार। झारखंड का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेतरहाट, जहां एक ओर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ठंडे मौसम के लिए देशभर में पहचान बना रहा है, वहीं उसकी तलहटी में बसे नैना गांव के लोग पिछले 12 दिनों से बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लातेहार जिले के इस आदिवासी बहुल गांव में करीब 300 की आबादी निवास करती है। गांव का एकमात्र सरकारी कुआं धंस जाने के बाद यहां 60 परिवारों के सामने गंभीर पेयजल संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड स्तर तक के अधिकारियों को मामले की जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक राहत के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिला है। गांव में न तो पानी का टैंकर भेजा गया और न ही वैकल्पिक जलापूर्ति की कोई ठोस व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी के बीच महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे सुबह चार बजे उठकर करीब दो किलोमीटर दूर नदी से पानी ढोने को मजबूर हैं।

ग्रामीण नरेश महतो, उमेश महतो और सोनू महतो ने बताया कि पिछले कई दिनों से अधिकारी गांव पहुंचकर केवल निरीक्षण कर रहे हैं। वे फोटो खींचते हैं, समस्या सुनते हैं और जल्द समाधान का भरोसा देकर लौट जाते हैं। गांव की मनीता देवी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पानी के बिना गांव का जीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है, लेकिन प्रशासन की संवेदनहीनता लगातार बनी हुई है।

इस मामले में पीएचईडी एवं स्वच्छता विभाग, लातेहार के कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो ने कहा कि विभाग के संज्ञान में मामला है और अस्थायी समाधान के लिए बोरिंग का एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है।

विडंबना यह है कि राज्य सरकार नेतरहाट को वर्ल्ड क्लास टूरिज्म स्पॉट बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन उसी क्षेत्र के ग्रामीण आज भी अपनी बुनियादी जरूरत पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। नैना गांव की स्थिति सरकार के हर घर जल अभियान के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

## गार्ड की गोली से बैंककर्मी जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** रतनपुर थाना क्षेत्र के मारवाड़ी मोहल्ला स्थित यूको बैंक के समीप कैश वैन के गार्ड की बंदूक से चली गोली से ऑफिस ब्वॉय गंभीर रूप से घायल हो गया। आफिस ब्वॉय लोहियानगर निवासी सुबोध दीक्षित के 32 वर्षीय पुत्र अनिल दीक्षित रोज की तरह मुख्य शाखा से कैशवैन में कैश रख रहा था, इसी क्रम में गार्ड की बंदूक से अचानक गोली चल गई। गोली ऑफिस ब्वॉय के जांघ में लगी है। गोली लगते ही बैंककर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल को शहर के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया, जहां ऑपरेशन किया गया है। घायल की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची रतनपुर पुलिस ने कैश वैन के गार्ड भगवानपुर थाना क्षेत्र के नौला निवासी वरूण सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। वहीं, निजी क्लीनिक पहुंच बैंककर्मियों समेत कैशवैन के कर्मियों से भी पूछताछ की है। पुलिस ने बंदूक भी जब्त किया गया है।

# डिग्री कालेज के स्थल चयन ने पकड़ा तूल, एनएच किया जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड में बहुप्रतीक्षित डिग्री कॉलेज की स्थापना के बाद अब इसके स्थान चयन को लेकर विवाद ने तूल पकड़ लिया है। शनिवार को कॉलेज को नगरनौसा मुख्यालय से हटाकर लोदीपुर में संचालित किए जाने के विरोध में आक्रोशित युवाओं और स्थानीय लोगों ने नगरनौसा बस स्टैंड के पास चंडी-दनियावां मुख्य मार्ग को दूसरी बार जाम कर उग्र प्रदर्शन किया। जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। धरना-प्रदर्शन के दौरान मौजूद 'भारत की छात्र फेडरेशन की राज्य अध्यक्ष कांति कुमारी ने बताया कि एक लंबे संघर्ष और वर्ष 2024 से लड़ी जा रही लड़ाई के बाद नगरनौसा में डिग्री कॉलेज की स्थापना संभव हो सकी है। लेकिन, कुछ लोगों द्वारा इसे मुख्यालय में न बनाकर प्रखंड की कैला पंचायत अंतर्गत लोदीपुर गांव स्थित हाई स्कूल में शुरू कर दिया गया है।



प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि डिग्री कॉलेज का संचालन तत्काल प्रभाव से नगरनौसा बाजार स्थित बालिका उच्च विद्यालय से किया जाए। साथ ही प्रखंड मुख्यालय के आसपास मौजूद सरकारी जमीनों पर से कुछ व्यक्तिगत लोगों का अवैध कब्जा हटाकर वहां कॉलेज का नया भवन बनाया जाए। विवाद में अब स्थानीय लोग दो खेमों में बंट गए हैं। एक पक्ष जहाँ मुख्यालय में कॉलेज की मांग पर अड़ा है, वहीं स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों का एक बड़ा वर्ग लोदीपुर के पक्ष में खड़ा है। लोदीपुर समर्थकों का तर्क है कि वहां स्थित मगध विद्यापीठ उच्च विद्यालय में 4 एकड़ 63 डिसमिल जमीन है और कॉलेज संचालन के लिए 20 कमरे उपलब्ध हैं, जो एक बेहतरीन आधारभूत संरचना है। उनका कहना है कि कई अन्य प्रखंडों में भी मुख्यालय से दूर कॉलेज का संचालन हो रहा है, इसलिए सुविधा के लिहाज से लोदीपुर ही सबसे उपयुक्त स्थान है। हिलसा एसडीओ व एएसपी के पहल पर यातायात बहाल कर जाम हटाया गया।

# कोडीन युक्त कफ सिरप के साथ एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा ।** बिहार में दरभंगा के लहेरियासराय थाने की पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम नाका छह स्थित एक घर में छापेमारी कर 25 लाख से अधिक की नकदी के साथ कोडीन युक्त कफ सिरप जब्त की है। मौके से धंधेबाज गृहस्वामी गौड़ी शंकर चौधरी को दबोच लिया गया। बताया जाता है कि दरभंगा शहर में बड़े पैमाने पर नशा में इस्तेमाल करने के लिए कफ सिरप की खेप मंगाने की सूचना पर एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी के निर्देश पर एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। इसमें गौड़ी शंकर के घर के अंदर तीन कमरों की तलाशी ली गई तो दृश्य देखकर पुलिस पदाधिकारी सहित ड्रग विभाग की अधिकारी दंग रह गए। कफ सिरप की 43 बोतलें के साथ नोटों की गड्डी मिलने लगी। जिसकी गिनती खबर लिखे जाने तक जारी है।

सूत्रों का कहना है कि 24 लाख 97 हजार छह सौ नकदी मिली है। इसमें



एक सौ, दो सौ और पांच सौ के नोट शामिल हैं। हालांकि, नोट कहां से आया , इसकी पुलिस जांच कर रही है। सदर एसडीपीओ राजीव कुमार ने बताया कि गृहस्वामी से पूछताछ चल रही है। कार्रवाई पूरी होने के बाद ही आगे की जानकारी दी जाएगी। उधर, बताया जाता है कि गृह स्वामी गौड़ी शंकर चौधरी अपने घर के बाहर वाले कमरे में दिखावे के लिए चश्मे की दुकान चलाता है। इस आड़ में नशीली दवा का कारोबार करता है। बहरहाल, पुलिस उसके पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। घर के सभी मोबाइल को जब्त कर लिया गया है। जिसे तकनीकी टीम के माध्यम से चेक किया जा रहा है।

# छापेमारी में झाड़ी से मिनी गन फैक्टरी का उद्‌भेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जिले के बख्तियारपुर में एसटीएफ और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध हथियार निर्माण की एक मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने नालंदा के चिकसौरा गांव के चार लोगों को गिरफ्तार कर हथियार, अर्धनिर्मित कट्टे और निर्माण उपकरण बरामद किए हैं।

बख्तियारपुर पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में बख्तियारपुर में अवैध हथियारों के निर्माण की मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा हुआ है। यह बिहार पुलिस की ओर से अवैध हथियारों के गिरोह के खिलाफ की गई एक बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि बख्तियारपुर के टेकाबिगहा गांव के पास टाल क्षेत्र में धोबा पुल के मुहाने के समीप झाड़ियों में चार लोग अवैध हथियारों का निर्माण कर रहे

- पिता-पुत्र सहित चार चढ़े पुलिस के हत्थे
- फोन पर लेता था आर्डर

हैं।

सूचना मिलते ही एसटीएफ की टीम अलर्ट हो गई और स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त छापेमारी शुरू कर दी। पुलिस टीम को देखते ही झाड़ियों में छिपे चारों लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने खदेड़कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी विजय प्रसाद, धनंजय कुमार, सकलदीप प्रसाद और मिथिलेश बिंद नालंदा जिले के चिकसौरा गांव के निवासी बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार, सकलदीप प्रसाद के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से तीन बेस मशीन, दो निर्मित हथियार, तीन अर्धनिर्मित हथियार, एक खंडा भाठी (हथियार निर्माण में प्रयुक्त उपकरण), तीन कारतूस के खोखे, एक हैंड ड्रिल मशीन तथा कई बटखरे बरामद किए हैं। बरामद सामग्री से स्पष्ट हुआ कि यहां लंबे समय से हथियार निर्माण का काम संचालित किया जा रहा था।

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि पांच लोगों ने मिलकर एक संगठित गिरोह बना रखा था। गिरोह का काम करने का तरीका बेहद शातिराना था। सदस्य ग्राहकों से फोन पर ऑर्डर लेते थे और मांग के अनुसार कट्टों का निर्माण करते थे। गिरोह छापेमारी के डर से तैयार हथियारों का कहीं भंडारण नहीं करता था। कट्टा तैयार होते ही उसकी सप्लाई कर दी जाती थी, जिससे पुलिस के लिए उनके ठिकाने तक पहुंचना मुश्किल हो जाता था।

## मनाया गया पत्रकारिता दिवस

**कटिहार।** मारवाड़ी युवा मंच की ओर से पत्रकारिता दिवस के अवसर पर मिरचाईबारी स्थित विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल एवं उषा देवी अग्रवाल के निवास पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंच एवं पत्रकारिता की कई कहानियों पर चर्चा की गई एवं सामूहिक रूप से केक काटकर की गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी स्थानीय पत्रकारों को मंच की ओर से स्मृति चिन्ह मोमेंटो और गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर शाखा अध्यक्ष युवा दीपक अग्रवाल, शाखा सचिव युवा मयंक शेखर पूरनमलका, शाखा कोषाध्यक्ष युवा यश कुमार गोयल,पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष युवा आकाश अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा विकास खंडेलिया ,पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष युवा राहुल मुरारका , प्रांतीय संयुक्त मंत्री युवा अमित सुरेखा ,पूर्व अध्यक्ष युवा सुनील कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष हर्ष वर्धन अग्रवाल वार्ड कमिश्नर, मंच सदस्य युवा रितेश अग्रवाल, मंच सदस्य युवा सुरेश जैजानी, विकास अग्रवाल,मंच सदस्य सुमित मुकीमआदि मौजूद रहे।

# स्थायी सशक्त समिति का चुनाव निर्विरोध संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जोकीहाट ( अररिया )।** नगर पंचायत कार्यालय में शनिवार को स्थायी सशक्त समिति के गठन को लेकर आयोजित चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। चुनाव में कुल तीन वार्ड पार्षदों ने नामांकन दाखिल किया था और तीनों प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया और नगर पंचायत कार्यालय परिसर में जश्न शुरू हो गया।

निर्वाचित सदस्यों में वार्ड संख्या-03 की बेबी देवी को सशक्त स्थायी समिति सदस्य संख्या-01, वार्ड संख्या-05 की बिलकस खातून को सदस्य संख्या-02 तथा वार्ड संख्या-04 की रकी देवी को सदस्य संख्या-03 के रूप में निर्विरोध चुना गया। सभी प्रत्याशियों के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा होते ही समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन पदाधिकारी सह वरीय उपसमाहर्ता अनुराधा कुमारी किशोर की देखरेख में संपन्न हुई। उन्होंने सभी निर्वाचित सदस्यों को जीत का प्रमाण-पत्र प्रदान किया। वहीं, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी दुर्गेश कुमार ने नव-निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद शकूर ने विजयी सदस्यों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। चुनाव परिणाम के बाद नगर पंचायत कार्यालय में समर्थकों की भारी भीड़ जुट गई और पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

पूरे चुनाव के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही तथा प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद शकूर, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद जावेद, बदीउज्जमा बादल, फैसल रेजा मिक्कू, मोहम्मद कासिम, महेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, सत्यनारायण सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति : संजय सरावगी

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' के अंतर्गत भोजपुर जिले के धनुपरा स्थित 'रॉयल विजन क्लब रिसॉर्ट' में आयोजित दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ शनिवार को भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर प्रशिक्षण वर्ग का विधिवत उद्घाटन किया तथा उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक वैचारिक आंदोलन है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना को अपने जीवन में आत्मसात कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास और सेवा का लाभ पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग भाजपा की संगठनात्मक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त, अनुशासित और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध बनाता है। प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित अंत्योदय का दर्शन भारतीय जनता पार्टी की कार्यसंस्कृति का आधार है। समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और उसे विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प ही भाजपा की राजनीति का मूल उद्देश्य है। कार्यक्रम में बिहार सरकार के उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर, जिला अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद, विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, विशाल प्रशांत, महेश पासवान, राकेश ओझा, पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व सांसद मीना देवी, जिला प्रभारी राकेश सिन्हा, क्षेत्रीय प्रभारी सिद्धार्थ शंभू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षण वर्ग के सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गए जिनमें संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक स्पष्टता, जनसंपर्क, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## सरकारी संपत्ति पर कब्जे की मानसिकता छोड़े राजद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी द्वारा सरकारी आवास खाली नहीं करने संबंधी दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में अब कानून का राज है और कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी बड़ा पदाधिकारी या पूर्व मुख्यमंत्री ही क्यों न रहा हो, नियमों और कानून से ऊपर नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि सरकारी आवास किसी व्यक्ति या परिवार की निजी संपत्ति नहीं होती, बल्कि यह जनता के टैक्स के पैसे से निर्मित और संचालित सार्वजनिक संपत्ति है। सरकार द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के तहत ही आवासों का आवंटन और पुनः आवंटन किया जाता है।

## तंबाकू को न कहकर दूसरों को भी ऐसा करने के लिए करें प्रोत्साहित : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कहा कि यह दिन तंबाकू के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और तंबाकू की खपत को कम करने वाली नीतियों को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित है। वर्तमान में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में सिगरेट, खैनी, हुक्का, बीड़ी, तंबाकू आदि के अलग-अलग रूप में सेवन करते हुए देखा जा रहा है जो कैंसर सहित कई बीमारियों का असमय कारक है। इस दिवस की स्थापना वर्ष 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों द्वारा दुनिया भर में सार्वजनिक स्वास्थ्य पर तंबाकू के उपयोग के विनाशकारी प्रभावों (मृत्यु और बीमारी) के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। तंबाकू को न कहकर और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करके हम एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। आज उठाए गए छोटे कदम हमें बेहतर कल की ओर ले जा सकते हैं।

## दानापुर मंडल यात्रियों को उच्च गुणवत्तायुक्त खान-पान सेवा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** दानापुर मंडल ट्रेन परिचालन के साथ-साथ अपने यात्रियों को हर प्रकार की सुविधा प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहता है। इसी कड़ी में यात्रियों को उच्च गुणवत्तायुक्त खान-पान सेवा मुहैया कराना भी हमारी प्राथमिकताओं की सूची में शामिल है। अपने इस उद्देश्य को पूरा करने के क्रम में वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में दानापुर मंडल एवं 'फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया' के सामूहिक प्रयास के रूप में पटना साहिब एवं राजेंद्र नगर स्टेशन पर कार्यरत वेंडर्स को ट्रेनिंग दी गई जिसमें उन्हें यात्रियों को उच्च गुणवत्तायुक्त पौष्टिक खाद्य आहार प्रदान करने एवं अन्य सावधानियां बरतने हेतु आवश्यक बातें बताई गईं। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम 'फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया' द्वारा 'सही खाओ' अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया था। ट्रेनिंग के पश्चात भाग लेने वाले 18 वेंडर्स को सर्टिफिकेट भी दिया जायेगा। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में सहायक वाणिज्य प्रबंधक/टिकट जांच एवं खान-पान प्रदीप कुमार, वाणिज्य विभाग में कार्यरत राकेश कुमार तथा एफएसएसएआई की तरफ से मुकेश कश्यप उपस्थित रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिली जदयू नेताओं की टीम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राजधानी पटना के सात सर्कुलर रोड स्थित पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर जदयू नेताओं का प्रतिनिधिमंडल पूर्व मुख्यमंत्री व जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जदयू संगठन की मजबूती के लिए विचार विमर्श किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल जदयू राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य एवं जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद, जदयू रानीतिक सलाहकार समिति के सदस्य जितेन्द्र पटेल व जदयू महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव राधिका पटेल ने पार्टी संगठन में पार्टी के अनुभवी नेताओं को संगठन में शामिल कर उचित सम्मान देने का आग्रह किया। इन नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पार्टी के नेता व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से भी पार्टी संगठन के विकास के लिए काम करने का आग्रह किया।

## खाद्य विभाग में अब जवाबदेही की कसौटी, शिकायत पर तुरंत होगा एक्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव दीपक आनंद ने खाद्य भवन स्थित बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड मुख्यालय में निगम के कार्यों की प्रक्षेत्रवार एवं जिलावार समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने निगम मुख्यालय में संचालित कंट्रोल रूम एवं शिकायत कॉल सेंटर का भी अवलोकन किया तथा वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। सचिव ने निर्देश दिया कि निगम से संबंधित सभी कार्यों का निष्पादन पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं एवं लाभुकों को योजनाओं का लाभ सुचारु रूप से प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि कार्यों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों के विरुद्ध तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## कानून तोड़ने वाला कोई भी हो, होगी कार्रवाई : मंत्री

### मंत्री श्रवण कुमार ने कहा किसी भी रंग से फर्क नहीं पड़ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** सूचना एवं जन-सम्पर्क, ग्रामीण विकास मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने महागठबंधन के कथित हरा गमछा एनकाउंटर विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अपराधी चाहे हरा गमछा पहने या किसी भी रंग का कपड़ा, वह कानून तोड़ेगा व पुलिस पर हमला करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाही होगी। मंत्री ने यह बातें बिहारशरीफ के प्रखंड कार्यालय में आपदा पीड़ित परिवारों के बीच आर्थिक सहायता चेक वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। इस मौके पर क्षेत्रीय बीडीओ मनीष कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कानून अपने हाथ में लेने, हत्या करने व पुलिस पर हमला करने वालों पर पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में भी कार्यवाही होती थी और आगे भी जारी रहेगी। आगे कहा कि ऐसे अपराधियों पर कार्रवाई होने से यदि किसी को परेशानी होती है तो इससे सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता।

# देश की अर्थव्यवस्था की नींव है वैश्य समाज : डॉ श्वेता गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** समाज कल्याण मंत्री डॉ श्वेता गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हम वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत से समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर सबको सम्मान दिया। मंत्री डॉ श्वेता गुप्ता शनिवार को राजधानी के गणपति उत्सव हॉल में वैश्य महासभा बिहार प्रदेश की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि समाज के लोग हमें सलाह दें हम उनके सलाह को सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस मौके पर बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन सर्राफ ने कहा कि जिस देश का पीएम वैश्य समाज से है अब और क्या वैश्य समाज को चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा समाज से यही आग्रह है कि हम 56 उपजातियों और 19 संगठनों को एक करें तब हमारी ताकत और भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इस बार जदयू ने आठ वैश्य समाज के नेता को टिकट दिया आगे और भी सम्मान मिलेगा। इस मौके पर विधान सभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक डॉ संजीव चौरसिया ने कहा कि समाज की तरक्की संगठित होने से हो रहा है और अब वैश्य समाज जग चुका है। यह समाज कर्मठता, ममता और क्षमता से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वैश्य महासभा के अध्यक्ष डॉ आनंद कुमार ने कहा उनका संगठन हर प्रमंडल में कार्यक्रम आयोजित कर समाज को एकजुट करेगा। इसकी शुरुआत पूर्णिया से होगी। उन्होंने कहा कि जो चूक विधानसभा चुनाव के समय हुई है उसे आगे नहीं दोहराना है और हमलोग एकजुट होकर एनडीए को मजबूत करेंगे। इस मौके पर महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने कहा कि एक साल में महिला आयोग ने सभी 6 हजार लंबित मामलों को समाप्त कर लोगों को मदद की है। महिलाएं अपने अधिकार के प्रति जागरूक हों। इस मौके पर महापौर सीता साहू ने कहा कि वैश्य समाज आगे था, आगे है और आगे रहेगा। मौके पर कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि उस कार्यक्रम में बच्चों ने जो पर्यावरण और राष्ट्र के प्रति संकल्प दिखाया है उसे आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम का संचालन महासचिव दिलीप गुप्ता, स्वागत अमित केसरी और धन्यवाद ज्ञापन महिला अध्यक्ष कोमल वर्णवाल ने किया। इस मौके पर मगध विश्व विद्यालय के कुलपति दिलीप केसरी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ विमल कारक, नीतू नवगीत, सुषमा साहु, रीता जैन, प्रो संजय कुमार, कांति केसरी, विनय केसरी, अर्जुन प्रसाद, शंकर प्रसाद, सूरज कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने विचार व्यक्त किया।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर डॉ. आनंद रंजन झा ने दी पत्रकारिता से जुड़े बंधुओं को शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा/वैशाली।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने सभी पत्रकार बंधुओं, मीडिया कर्मियों एवं पत्रकारिता से जुड़े सभी साथियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है जो समाज की आवाज बनकर जनहित, शिक्षा, कौशल विकास एवं युवा रोजगार से जुड़े मुद्दों को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करती है। पत्रकार समाज को जागरूक करने तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि उनकी संस्था कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी एवं कौशल विकास केंद्र लगातार युवाओं को डिजिटल शिक्षा, कंप्यूटर प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। ऐसे कार्यों को समाज तक पहुंचाने में पत्रकार बंधुओं की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। उन्होंने सभी पत्रकार साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार अपनी कलम और आवाज के माध्यम से समाज एवं देश की सेवा कर रहे हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकार सीमित संसाधनों में भी जनसमस्याओं एवं सामाजिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का कार्य कर रहे हैं। अंत में उन्होंने सभी पत्रकार बंधुओं के उत्तम स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर प्रगति की कामना की।

## आई ग्लैम बिहार पेजेंट के बारहवें एडिशन का ग्रैंड फिनाले संपन्न, रैंप पर दिखा मॉडल्स का जलवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राजधानी के पाटलिपुत्रा स्थित होटल क्लार्क इन में आयोजित आई ग्लैम बिहार पेजेंट 2026 के बारहवें एडिशन 2026 का ग्रैंड फिनाले भव्य और आकर्षक माहौल में संपन्न हुआ। फैशन, ग्लैमर और प्रतिभा के संगम बने इस आयोजन में प्रतिभागियों ने अपने आत्मविश्वास, स्टाइल और प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान रैंप पर मॉडल्स का शानदार जलवा देखने को मिला। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. वी पी सिंह, कार्यक्रम की जूरी मेंबर्स डॉली सिंह, डॉ. रेणु सिंह, दिशा गुप्ता, सोनालिका पंजा, श्रुबवति चौधरी, आरजे श्रेयांश, दीपिका साहनी, मेधा एवं कार्यक्रम संयोजक एवं आई ग्लैम की निदेशिका देवजानी मित्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात मिस्टर, मिस और मिसेज केटेगरी के प्रतिभागियों ने तीन अलग-अलग राउंड में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहले राउंड में डिजाइनर राउंड, दूसरे राउंड ब्यूटी विद रिस्पांसिबिलिटी और तीसरे एवं अंतिम राउंड में प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों की सोच, व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को परखा गया। हर राउंड में प्रतिभागियों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों और निर्णायकों की खूब सराहना बटोरी। अमन भगत ने मिस्टर आई ग्लैम, सोनल झा ने मिस आई ग्लैम और निभा रानी ने मिसेज आई ग्लैम बिहार 2026 का खिताब अपने नाम किया जबकि रंजू बर्मा ने मिसेज इंडिया बिहार 2026 का खिताब जीता। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एवं आई ग्लैम की निदेशिका देवजानी मित्रा ने कहा कि इस प्रतियोगिता के लिए देशभर से 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## पटना से चयनित उज्ज्वल राज ने इसरो के युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम में लिया हिस्सा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना से एकमात्र चयनित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बिक्रम के छात्र उज्ज्वल राज ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम में भाग लेकर विद्यालय एवं राज्य का नाम रौशन किया है। 11 - 22 मई-2026 तक देशभर के चयनित विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान से परिचित करने उद्देश्य से यह कार्यक्रम यू.आर.एस.सी बेंगलुरु मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उज्ज्वल राज को इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों से संवाद का अवसर मिला जिनमें इसरो अध्यक्ष एवं अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन, ठटट्टए निदेशक डॉ. एम. शंकरण, एचएसएफसी निदेशक डी. के. सिंह तथा भारतीय वायु सेना के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला प्रमुख रहे।

## पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के लिए निकाली गई पदयात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा ध्वनि एवं वायु प्रदूषण के प्रति आम लोगों, विशेषकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा बिहार ओलम्पिक एसोसिएशन के सहयोग से शनिवार को 'पर्यावरण के लिए पदयात्रा' का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा प्रातः 6 बजे पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान के गेट संख्या-1 से शुरू होकर आयकर गोलंबर तक गई और पुनः गांधी मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। पदयात्रा में विभिन्न संस्थानों के लगभग 600 छात्र-छात्राओं, युवाओं, प्रौढ़ प्रतिभागियों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पदयात्रा को संबोधित करते हुए बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के अध्यक्ष डॉ. डी.के. शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से छोटी दूरी तय करने के लिए पैदल चलने अथवा साइकिल का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से भी पर्यावरण संरक्षण के बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। बिहार ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि ध्वनि एवं वायु प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित यह पदयात्रा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए समाज को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के सदस्य-सचिव नीरज नारायण ने कहा कि वर्तमान वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करते हुए विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना समय की आवश्यकता है। इस पदयात्रा का उद्देश्य लोगों को इसी दिशा में जागरूक करना है।

## बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी का किया आह्वान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने असम और मेघालय प्रवास के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है और इससे देश में सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन का नया दौर प्रारंभ हुआ है। किन्तु लोकतंत्र की मजबूती जनभागीदारी से होती है। प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाए तथा समाज में शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभाए। पूर्वोत्तर राज्यों और बिहार के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक तथा आर्थिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वहां रह रहे बिहार मूल के लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना तथा संपर्क एवं विकास संबंधी विषयों को संबंधित स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया। विधान सभा अध्यक्ष ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे कौशल विकास, नवाचार, खेल, विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्रों में आगे बढ़कर राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें। युवा शक्ति ही विकसित भारत और विकसित बिहार की सबसे बड़ी ताकत है। बिहार सरकार एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण तथा रोजगार सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से इन योजनाओं का लाभ उठाने तथा समाज के जरूरतमंद लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने की अपील की। अंत में उन्होंने राज्यवासियों से सामाजिक सौहार्द, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही विकसित बिहार और विकसित भारत का सपना साकार होगा।

## पूर्वाग्रह और भेदभाव से रहित समाज के निर्माण को कांग्रेस प्रतिबद्ध : सांसद डॉ. मो.जावेद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में दूसरे चरण के तीन दिवसीय 'सर्वोदय संकल्प शिविर' के दूसरे दिन का उद्घाटन लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने कहा कि पूर्वाग्रह और भेदभाव रहित समाज के निर्माण के लिए महात्मा गांधी ने अपना जीवन देश को समर्पित कर दिया और इसी को आत्मसात करते हुए कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के वंचित तबके को मुख्यधारा में लाने के लिए संघर्ष करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी के विचारों पर चलने वाली राजनीतिक दल है और देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखकर राष्ट्र निर्माण का कार्य करती है। वर्तमान दौर में समाज को बांटने के कुत्सित प्रयास चल रहे हैं और हम उससे डटकर अपने नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ाई लड़ रहे हैं। स्वदेशी आंदोलन से लेकर त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था पर उन्होंने प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को विस्तार से इतिहास को बताया।

## 15 दिनों में दिखना चाहिए सुधार, नहीं तो होगी सख्त कार्रवाई : मंत्री

### चौथे दिन गया, जहानाबाद एवं औरंगाबाद जिले के राजस्व कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने विभागीय मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चौथे दिन गया, जहानाबाद एवं औरंगाबाद जिले के राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि अतिक्रमण से जुड़े मामलों को अत्यंत गंभीरता से लिया जाए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी प्रकार के लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में अनावश्यक देरी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को जनहित में त्वरित और निष्पक्ष निर्णय लेने का मंत्र देते हुए कहा कि कानून के अनुरूप कार्रवाई करते हुए लंबित मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करें। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान मंत्री ने स्पष्ट कहा कि राजस्व प्रशासन की कार्यशैली में सुधार दिखाई देना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सभी जिलों को 15 दिन बाद पुनः बारी-बारी से समीक्षा की जाएगी जिन जिलों अथवा अधिकारियों के कार्यों में अपेक्षित सुधार नहीं मिलेगा, उन्हें कार्रवाई के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनता को समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराना है और इस लक्ष्य में बाधा बनने वालों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। मंत्री ने कहा कि अतिक्रमण हटाना, सरकारी भूमि की सुरक्षा, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, ई-मापी, अभियान बसेरा, राजस्व महा-अभियान, लोक शिकायत, सहयोग शिविर तथा न्यायालयों में लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाई जाए।

# संपादकीय

## एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला और लोकतंत्र की असली परीक्षा

शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में यह भी कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाना इस बात की कानूनी घोषणा नहीं है कि कोई व्यक्ति इस देश का नागरिक नहीं है। इससे उन लोगों को निश्चित तौर पर राहत मिली है।लोकतंत्र में किसी भी चुनाव की शुचिता इस बात पर निर्भर करती है कि जनप्रतिनिधि के चयन की प्रक्रिया कितनी संवैधानिक, निष्पक्ष और पारदर्शी है। यह तभी सुनिश्चित हो पाता है, जब मतदाता चुनाव में मतदान की वास्तविक पात्रता रखते हों और तमाम चुनावी कार्य स्वतंत्र तरीके से संपन्न कराए जाएं।इसकी जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग पर होती है और वह समय-समय पर मतदाता सूची में संशोधन करता रहता है, ताकि जो व्यक्ति मतदान के लिए पात्र नहीं है या जिनका निधन हो चुका है, उनके नाम सूची से हटा दिए जाएं। विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर भी इसी प्रक्रिया का हिस्सा है, मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि कुछ राज्यों में पिछले दिनों इसे लेकर कई तरह के विवाद खड़े हो गए।यहां तक कि इसके औचित्य पर भी सवाल उठाए गए। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि निर्वाचन आयोग को एसआइआर कराने का पूरा अधिकार है और यह प्रक्रिया निष्पक्ष चुनावों के संवैधानिक दायित्व में जान फूंकती है। स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से चुनाव की अनिवार्यता को आगे बढ़ाने में यह महत्त्वपूर्ण कड़ी है।गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व राज्य में शुरू किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सबसे पहले सवाल उठे थे। विपक्षी दलों ने इस प्रक्रिया के समय को लेकर प्रश्न उठाया था। उनका कहना था कि चुनाव से ठीक पहले ही यह प्रक्रिया क्यों शुरू की गई, जबकि निर्वाचन आयोग इसे एक साल पूर्व भी करवा सकता था। इसके बाद आधार कार्ड को नागरिकता का प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं करने को लेकर भी विवाद हुआ, जो सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा और अंततः निर्वाचन आयोग को इस मामले में अपने कदम पीछे खींचने पड़े।इसके बाद सवालों का यह सिलसिला उत्तर प्रदेश से होते हुए पश्चिम बंगाल तक पहुंचा और शीर्ष अदालत को फिर इसमें दखल देना पड़ा। बिहार में एसआइआर को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं दायर की गई थीं, जिनका निपटारा करते हुए न्यायालय ने कहा कि निर्वाचन आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए) की धारा 21(3) के तहत विशेष पुनरीक्षण करने का अधिकार प्राप्त है।शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में यह भी कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाना इस बात की कानूनी घोषणा नहीं है कि कोई व्यक्ति इस देश का नागरिक नहीं है। इससे उन लोगों को निश्चित तौर पर राहत मिली है, जिनके नाम तकनीकी कारणों से मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं और अब उन्हें इस बात की चिंता सताने लगी है कि कहीं आगे चलकर उनकी नागरिकता खतरे में न पड़ जाए। यह बात सच है कि चुनावों की शुचिता को बरकरार रखने के लिए मतदाता सूची में संशोधन जरूरी है, लेकिन कोई पात्र व्यक्ति तकनीकी कारणों से मताधिकार से वंचित न हो, इसकी जिम्मेदारी भी निर्वाचन आयोग की ही है।पिछले दिनों बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों में जिस तरह से लाखों लोग मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के बाद मतदान नहीं कर पाए, वह वास्तव में चिंताजनक है।

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं रह गई है, बल्कि वह मानव सभ्यता के भविष्य का निर्णायक मोड़ बनती जा रही है। जिस गति से यह तकनीक विकसित हुई है, उसने दुनिया को आश्चर्यचकित भी किया है और चिंतित भी। अभी तक विज्ञान और तकनीक मनुष्य के हाथों में उपकरण थे, किंतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता पहली ऐसी शक्ति है जो निर्णय लेने, सीखने, विश्लेषण करने और सृजन करने की क्षमता के साथ स्वयं को निरंतर विकसित कर रही है। यही कारण है कि विश्व के प्रमुख धर्मगुरु, वैज्ञानिक और नीति-निर्माता इसके खतरों को लेकर गंभीर चेतावनियां दे रहे हैं।**

# क्या एआई मानवता के महाविनाश का कारण बनेगी?

**(ललित गर्ग)**

निश्चित रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, बैंकिंग, व्यापार, प्रशासन और संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। रोगों के निदान से लेकर वित्तीय प्रबंधन तक और शिक्षा से लेकर अनुसंधान तक, इसकी उपयोगिता निर्विवाद है। लेकिन हर तकनीकी क्रांति अपने साथ संकट भी लाती है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं रह गई है, बल्कि वह मानव सभ्यता के भविष्य का निर्णायक मोड़ बनती जा रही है। जिस गति से यह तकनीक विकसित हुई है, उसने दुनिया को आश्चर्यचकित भी किया है और चिंतित भी। अभी तक विज्ञान और तकनीक मनुष्य के हाथों में उपकरण थे, किंतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता पहली ऐसी शक्ति है जो निर्णय लेने, सीखने, विश्लेषण करने और सृजन करने की क्षमता के साथ स्वयं को निरंतर विकसित कर रही है। यही कारण है कि विश्व के प्रमुख धर्मगुरु, वैज्ञानिक और नीति-निर्माता इसके खतरों को लेकर गंभीर चेतावनियां दे रहे हैं। हाल ही में वर्तमान पोप लियो चौदहवें द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संदर्भ में व्यक्त की गई चिंताएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि युद्ध को नैतिक नहीं बनाया जा सकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध प्रणाली मानवता के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। यह चेतावनी केवल धार्मिक दृष्टि नहीं, बल्कि मानवीय अस्तित्व की रक्षा का प्रश्न है। दुनिया को इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

पोप ने सामाजिक और वैश्विक मुद्दों पर जारी अपने आधिकारिक संदेश में एआई को मानवता के समक्ष उभरती सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बताया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीकी परिवर्तन का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि यह युद्ध, राजनीति, अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना को प्रभावित करने वाली शक्ति बनती जा रही है। उन्होंने दुनिया को चेताया कि तकनीक का उद्देश्य मनुष्य पर प्रभुत्व स्थापित करना नहीं, बल्कि उसकी सेवा करना होना चाहिए। उनका संदेश मानव-केंद्रित विकास की अवधारणा को बल देता है, जिसमें विज्ञान और तकनीक को नैतिकता, मानवीय गरिमा और करुणा के अधीन रखा जाए। पोप की यह चेतावनी केवल धार्मिक दृष्टिकोण नहीं है, बल्कि एक वैश्विक मानवीय आह्वान है कि एआई की अंधी दौड़ में मानवता, संवेदना और नैतिकता का क्षरण न होने दिया जाए। आज जब महाशक्तियां एआई के माध्यम से प्रभाव और नियंत्रण की प्रतिस्पर्धा में लगी हैं, तब पोप का यह संदेश विश्व समुदाय को संयम, उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है।

पोप ने स्पष्ट कहा कि कोई भी एल्गोरिद्म युद्ध को नैतिक नहीं बना सकता और तकनीक को मानव विवेक का विकल्प नहीं बनने दिया जा सकता। पोप ने चर्च के सामाजिक सरोकारों से जुड़े अपने इस आधिकारिक पत्र में पहली बार एआई को प्रमुख विषय बनाया, जो इस बात का संकेत है कि इसका प्रभाव केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मानव जीवन, समाज और वैश्विक व्यवस्था को व्यापक रूप से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से एआई आधारित स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि इस तकनीक को पूर्णतः मानवीय नियंत्रण में नहीं रखा गया तो यह युद्ध, शोषण और दासता के नए रूपों को जन्म दे सकती है। पोप ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को निरस्त्र



करने का आह्वान करते हुए उसका आशय तकनीक का विरोध नहीं, बल्कि उसके अनियंत्रित और अमानवीय उपयोग पर रोक लगाना बताया। उनका कहना था कि युद्ध और शांति से जुड़े निर्णय अंततः नैतिकता, करुणा और विवेक पर आधारित होने चाहिए, उन्हें मशीनों के हवाले नहीं किया जा सकता। आज जब अमेरिका, चीन और अन्य महाशक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की होड़ में लगी हैं और युद्ध तकनीकों में इसका उपयोग बढ़ रहा है, तब पोप का यह संदेश मानवता के लिए एक नैतिक दिशा-सूचक के रूप में सामने आया है कि तकनीक मनुष्य की सेवक बने, स्वामी नहीं; और विकास का केंद्र मानव गरिमा, संवेदना तथा विश्वशांति ही रहे।

निश्चित रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, बैंकिंग, व्यापार, प्रशासन और संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। रोगों के निदान से लेकर वित्तीय प्रबंधन तक और शिक्षा से लेकर अनुसंधान तक, इसकी उपयोगिता निर्विवाद है। लेकिन हर तकनीकी क्रांति अपने साथ संकट भी लाती है। आज वही संकट स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। सबसे बड़ा संकट रोजगार का है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने लाखों लोगों के कार्यों को प्रतिस्थापित करना शुरू कर दिया है। ग्राहक सेवा, लेखन, अनुवाद, लेखांकन, सूचना प्रबंधन, प्रोग्रामिंग और कार्यालयी कार्यों में मनुष्य की आवश्यकता तेजी से घट रही है। मशीनें कम लागत, अधिक गति और निरंतर कार्य क्षमता के कारण मनुष्य का स्थान ले रही हैं। इससे केवल बेरोजगारी नहीं बढ़ेगी, बल्कि सामाजिक असंतुलन और आर्थिक विषमता भी गहराएगी। जिन देशों और कंपनियों के पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नियंत्रण होगा, आर्थिक शक्ति भी उन्हीं के हाथों में केंद्रित हो जाएगी। इससे विश्व व्यवस्था में असमानता का नया स्वरूप उभरेगा।

इससे भी अधिक गंभीर प्रश्न वैश्विक सुरक्षा का है। आज अमेरिका, चीन और अन्य महाशक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की होड़ में लगी हुई हैं। यह प्रतिस्पर्धा केवल तकनीकी श्रेष्ठता तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक प्रभुत्व का नया संघर्ष बन चुकी है। जैसे कभी परमाणु हथियारों और घातक अस्त्र-शस्त्रों के माध्यम से शक्ति संतुलन स्थापित हुआ था, वैसे ही अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य की सामरिक शक्ति बन रही है। स्वायत्त हथियार प्रणाली, बुद्धिमान ड्रोन और बिना मानवीय हस्तक्षेप के निर्णय लेने वाली युद्ध तकनीकें मानवता के लिए भयावह संकेत हैं। यदि युद्ध का निर्णय मशीनों के हाथों में चला गया तो संवेदना, विवेक और नैतिकता समाप्त हो जाएगी। मशीनों के लिए मानव जीवन केवल आंकड़े होंगे। ऐसी स्थिति महाविनाश की संभावना को जन्म दे सकती है। पोप की यह चेतावनी इसी संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है कि युद्ध का अंतिम निर्णय मानव विवेक के अधीन रहना चाहिए।

साइबर सुरक्षा भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण नई चुनौतियों से घिर गई है। बैंकिंग व्यवस्था, विद्युत तंत्र, रक्षा नेटवर्क और संचार प्रणाली आज डिजिटल माध्यमों पर निर्भर हैं। एआई आधारित साइबर हमले किसी भी राष्ट्र को कुछ घंटों में अस्थिर कर सकते हैं। झूठे संदेश, भ्रामक वीडियो, कृत्रिम चित्र और आवाजों के माध्यम से सामाजिक तनाव उत्पन्न किए जा सकते हैं। सत्य और असत्य का अंतर मिटने लगा है। यह सूचना तंत्र और लोकतंत्र दोनों के लिए गंभीर संकट है। एआई का एक और चिंताजनक पक्ष है-मानवीय नियंत्रण का कमजोर पड़ना। वैज्ञानिक समुदाय का एक वर्ग मानता है कि भविष्य में ऐसी बुद्धिमत्ता विकसित हो सकती है जो मनुष्य की क्षमता से कई गुना आगे निकल जाए। यदि ऐसा हुआ तो नियंत्रण का प्रश्न सबसे बड़ा संकट बनेगा। यह केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का प्रश्न होगा।

भारत के लिए यह विषय और अधिक महत्वपूर्ण है। भारत युवा शक्ति, विशाल जनसंख्या और तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था वाला देश है। यदि एआई को बिना स्पष्ट नीति और नियंत्रण के बढ़ने दिया गया तो रोजगार, शिक्षा और सामाजिक संरचना पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। भारत को विकास और नियंत्रण दोनों के बीच संतुलन बनाना होगा। एआई को रोकना समाधान नहीं है, लेकिन इसे मानवीय मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के अधीन रखना अनिवार्य है। भारत को ऐसी राष्ट्रीय नीति बनानी होगी जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग मानव कल्याण, शिक्षा, चिकित्सा और आर्थिक विकास के लिए हो, लेकिन रोजगार संरक्षण, डेटा सुरक्षा, नैतिक मानदंड और युद्ध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही वैश्विक स्तर पर भी एआई के उपयोग हेतु साझा नियम और अंतरराष्ट्रीय संधियां आवश्यक हैं।

आज सबसे बड़ा प्रश्न तकनीक का नहीं, मानवता का है। क्या मनुष्य अपनी बनाई हुई शक्ति पर नियंत्रण बनाए रख सकेगा? क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव जीवन को समृद्ध बनाएगी या उसे नियंत्रित करेगी? क्या विकास संवेदनाओं से बड़ा हो जाएगा? क्या एआई रूपी विस्फोट मानवता के महाविनाश का कारण बनेगी? यही वे प्रश्न हैं जिन पर दुनिया को गंभीर चिंतन करना होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की दिशा यदि मानवता केंद्रित रही तो यह सभ्यता को नई ऊंचाइयां दे सकती है, लेकिन यदि यह शक्ति नियंत्रण और नैतिकता से मुक्त हो गई तो यह मानव इतिहास के सबसे बड़े संकट एवं महाविनाश का कारण भी बन सकती है। इसलिए आज आवश्यकता तकनीकी प्रगति की नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण प्रगति की है-जहां मशीनें विकसित हों, किंतु मानवता सर्वोच्च बनी रहे।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# शब्द बहुत हैं, मगर भावनाएं कम पड़ गई हैं, संवेदनाओं के शहर में अकेला होता मनुष्य

**(शोभा जैन)**

संतोष और प्रतिरोध समाज में स्वतः साथ चलने वाला अयाचित भाव है। ऐसे में भावनाओं का आहत होना भी एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भावनात्मक अनुपस्थिति हमेशा शारीरिक अनुपस्थिति नहीं होती, लेकिन वह शारीरिक से कहीं अधिक गहरी और निपुण होती है। हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में कई बार ऐसे क्षण आते हैं, जब हम बिना किसी रिश्ते, परिचय या पहचान के भी कुछ दृश्य देखकर भावुक हो जाते हैं।

वे दृश्य भले ही सड़क पर निकलती किसी की शव यात्रा का हो, किसी बच्चे का गुब्बारा न खरीद पाने का रुदन या चिलचिलाती धूप में सड़क किनारे नंगे पैर घूमते मासूम बच्चे, जो किसी चमचमाती कार का कांच अचानक साफ करने लगते हैं। भावुक व्यक्ति कभी सुविधा से चयन करने वाला नहीं होता, वह सूखी नदी या बंजर खेत देखकर भी उतना ही दुखी हो सकता है, जितना गर्मी के दिनों में दो-दिन घर में पानी न आने पर। भावनात्मक होना एक शुद्ध व्यक्ति की पहचान है, इसलिए भावना के हर शब्द नवजात होते हैं। नवजात का हृदय निश्छल पवित्र होता है।

बात छोटी-बड़ी नहीं होती हैं, भावनाएं छोटी-बड़ी होती हैं

हमारे सामूहिक मानस में स्वीकार्य यथार्थ होना तो भावनात्मक स्तर का होना चाहिए, लेकिन इसके उलट अब स्वीकार्य यथार्थ से भावनाओं का दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं होता। कहने का आशय यह कि बात छोटी या बड़ी नहीं होती। छोटी या बड़ी होती है भावना। शब्द सामने आ जाते हैं, भावना पीछे रह जाती है। इसीलिए दुनिया में शब्दों की लड़ाई चलती है। याद रखना होगा कि भावना का हर तत्त्व नवजात है। वह कभी पुनरावृत्ति में जन्म नहीं लेती। भाव एक अचेतन तीव्रता का अनुभव है। हालांकि भावना और प्रभाव का प्रयोग अक्सर एक-दूसरे के स्थान पर किया जाता है, लेकिन प्रभाव को भावनाओं और संवेगों से भ्रमित न करना महत्त्वपूर्ण है।

आज लोगों की भावना सुविधा के मुताबिक हो गई है। वे सड़क पर घुमाते अपने कुत्ते के लिए तो संवेदनशील होते हैं, भावनात्मक भी, लेकिन दूसरों के बच्चों या सड़क के अन्य जीव के प्रति उनकी कोई प्रतिक्रिया भावनात्मक स्तर पर सतही नजर आती है। हम बात भावनाओं की कर रहे हैं, लेकिन अब जो शब्द खबरों और बातचीत में गूंजते हैं- बलात्कार, हत्या, जनसंहार, आत्महत्या, भीड़-हत्या, दहेज हत्या, बाल शोषण, मानव तस्करी, आतंकवाद, अपहरण आदि, वे हमारी भावनाओं को कितना आहत करते हैं? घटनाओं का अतिरेक हमारी भावनाओं को शोर में तब्दील कर रहा है, इसलिए हम दोनों के अंतर को समझना भी भूल रहे।

हम अपने मानस में बहुत कुछ ऐसा स्वीकारने के आदी हो चले हैं, जो मनुष्य होने पर भी संशय करता है। स्वीकार्यता में भावनात्मक अभिव्यक्ति कितनी होगी, यह विचारणीय है। भावना किसी अनुभूति का प्रकटीकरण या प्रदर्शन है। हम अपनी भावनाओं को दुनिया के सामने प्रकट करते हैं। कभी-कभी यह प्रकटीकरण हमारी आंतरिक स्थिति की अभिव्यक्ति होती है और कभी-कभी सामाजिक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बनावटी होती है। भाव की संप्रेषणीयता ही इसे एक शक्तिशाली सामाजिक शक्ति बनाती है। एक व्यक्ति की भावनाएं दूसरे की भावनाएं बन जाए, यह बहुत हद तक संभव नहीं, लेकिन एक की भावनाएं दूसरे तक पहुंचती जरूर हैं। समाज इसी समझ से संवेदन-तत्त्व को स्पर्श करता है।

जीवन में बढ़ते हुए दो शब्द और जुड़ते हैं। आशावाद कह लें या आदर्शीकरण- यही वह प्राणतत्त्व है, जो मनुष्य के स्थिर यथार्थ के भीतर रोम छिद्रों की तरह मौजूद गतिशील, परिवर्तनशील स्वरूप से जोड़ता है और इस प्रकार उसके उन्नत पक्ष को विस्तार देता है। मगर इसके केंद्र में उसकी भावनाएं निहित हैं। संवेदना, कल्पना, दृष्टि, बोध, तड़प, बेचैनी, निराशा-उम्मीद और व्यग्रता- ये सभी भावनाओं को आकार देने वाले संसाधन हैं। वयस्क लोगों के जीवन में भावनाएं कितने सार्थक रूप से काम करती रहती हैं! यहां तक कि उनके द्वारा अपनी भावनाओं पर कुछ हद तक सचेत नियंत्रण का प्रभाव भी रहता है। एक शिशु में संवेदनाओं को समझने के लिए भाषा कौशल नहीं होते, न ही उसके पास पिछले अनुभवों का कोई इतिहास होता है, फिर भी वह भावनाएं अभिव्यक्त करता है और उसकी भावनाएं पहुंचती हैं।

सच तो यह है कि शब्द जब मुड़कर अपनी तरफ देखता है, तो विचार बन जाता है। उस विचार की भावनाओं को हम उसकी नैसर्गिक क्रांति में देख पाते हैं। साहित्य सृजन की किसी भी विधा में उसकी नैसर्गिक क्रांति में देख पाते हैं। भावनाएं या तो नैतिक तनाव में आकार लेती हैं या बहुत संवेदनशील क्षण में, जहां व्यक्ति अपनी चुप्पी और बोलने की विवशता के बीच खड़ा दिखाई देता है। भावनाओं के निश्छल प्रवाह में आवेग हो, तो धाराओं का और संयम हो, तो तटों का। व्यक्ति की पीड़ा और आकांक्षा, किसी भी सर्जक की निजी न होकर एक बड़े सांस्कृतिक आख्यान का हिस्सा बन जाती है। व्यक्ति किसी भव्य अतीत को स्मृति में स्वयं को बसाए या अपने विराट वर्तमान की खोह में, बिना भावनाओं के वह मनुष्य नहीं है।

# देश व समाज हित में डीजल व पेट्रोल की बचत के साथ-साथ स्थाई सादगी समय की मांग!

**अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते जिस समय पूरे विश्व के सामने ऊर्जा संकट व मंहगाई सुरसा राक्षसी की तरह मूंह खोलकर के देश की दौलत को निगलने के लिए खड़ी है, उस दौर में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डीजल व पेट्रोल को बचाने व सोना ना खरीदने की सभी देशवासियों से अपील की है, क्योंकि मोदी की इस अपील पर अमल करने से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ने वाला बोझ कम से कम कुछ तो कम होगा, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर होने का अवसर भी मिलेगा।**

**(दीपक कुमार त्यागी)**

वैसे तो देशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद से ही यह मुहिम धरातल पर धीरे-धीरे रंग लाती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद से ही भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर के आम कार्यकर्ताओं तक ने सर्वप्रथम बड़े पैमाने पर इस मुहिम में शामिल होकर के इसको एक आंदोलन का रूप देने का कार्य किया।

अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते जिस समय पूरे विश्व के सामने ऊर्जा संकट व मंहगाई सुरसा राक्षसी की तरह मूंह खोलकर के देश की दौलत को निगलने के लिए खड़ी है, उस दौर में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डीजल व पेट्रोल को बचाने व सोना ना खरीदने की सभी देशवासियों से अपील की है, क्योंकि मोदी की इस अपील पर अमल करने से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ने वाला बोझ कम से कम कुछ तो कम होगा, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर होने का अवसर भी मिलेगा। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी की इस अपील के बाद से ही देश के विभिन्न हिस्सों में मोदी के द्वारा चलाई जा रही इस राष्ट्रहित की मुहिम में शामिल होने की होड़ लग गई है। हालांकि अभी तो अधिकतर लोग सांकेतिक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस मुहिम में ज्यादा जुड़ रहे हैं, लेकिन सांकेतिक ही सही एक बहुत अच्छी पहल में कम से कम लोगों के जुड़ने की शुरुआत तो हुई और आने वाले दिनों में उम्मीद है कि इस पहल पर बड़े पैमाने पर आम लोग भी अमल करेंगे।

वैसे तो देशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद से ही यह मुहिम धरातल पर धीरे-धीरे रंग लाती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद से ही भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर के आम कार्यकर्ताओं तक ने सर्वप्रथम बड़े पैमाने पर इस मुहिम में शामिल होकर के इसको एक आंदोलन का रूप देने का कार्य किया। जिसके बाद से ही देश भर में ज्यूडिशियरी, शीर्ष नौकरशाह, कर्मचारी व आम जनमानस तक भी मोदी की इस मुहिम में अब बड़े पैमाने पर शामिल होते हुए नज़र आ रहे हैं। शासन-प्रशासन के शीर्ष स्तर पर काबिज बैठे हुए ताकतवर लोगों में देश भर में वाहनों के लंबे-चौड़े काफिले का त्याग करने की फिलहाल तो एक होड़ लगी हुई है। हालांकि उन लोगों का यह कदम वास्तव में दिल से खर्चों में कटौती करते हुए जीवन में सादगी अपनाने की धरातल पर एक स्थाई पहल है या सिर्फ मीडिया व सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर अपनी कुछ पोस्ट डालकर के वाहवाही लूटने की एक नौटंकी मात्र है, यह तो आने वाला समय ही बता पायेगा। लेकिन अच्छी बात यह है कि कम से कम युद्ध के माहौल के चलते जब पूरी दुनिया ऊर्जा व आर्थिक संकट के मुहाने पर खड़ी है, उस वक्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस अपील पर भारत में धरातल पर अमल शुरू होना देश व समाज हित के लिए एक बहुत अच्छा संकेत है।

लेकिन विचारणीय तथ्य यह भी है कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह मुहिम कुछ समय की ना होकर के देश व समाज हित में धरातल पर दीर्घकालीन स्थाई रूप ले पायेगी, हालांकि यह तो आने वाला समय ही बता पायेगा। लेकिन पूरी दुनिया में जिस तरह से युद्धों के चलते बेहद ही तनावपूर्ण माहौल चल रहा है, उस माहौल का स्पष्ट रूप से संदेश है कि अब वह दौर आ गया है जब देश व समाज के हित में जनता के टैक्स के पैसे के दम पर राजा-महाराजाओं की तरह पूरी शानो-शौकत व ठाट-बाट से जीवन व्यतीत कर रहे शासन-प्रशासन के लोग सादगी से जीवनयापन करने की आम जनमानस के सामने नज़ीर पेश करते हुए लोगों को भी सादा जीवन उच्च विचार के लिए प्रेरित करें। वैसे भी देखा जाए तो अब देश व दुनिया में वह दौर शुरू हो गया है, जब देश व समाज के हित की बातें सिर्फ और सिर्फ सरकारी दफ्तरों में बैठकर के आम जनमानस पर अपने विचार या नियम-कानून बना कर के थोप देने मात्र से ही पूरी नहीं हो जाती है, बल्कि उस पर अमल करवाने के लिए शासन-प्रशासन में बैठे हुए ताकतवर लोगों को भी स्वयं अनुशासित होकर के जीवन पथ पर सादगी व जवाबदेही को अपनाकर उदाहरण पेश करना चाहिए, तब ही आम जनमानस भी उन लोगों की देखा-देखी उस पर अमल करने का कार्य करेगा। लेकिन आज के वीवीआईपी बनकर के दिखाने वाले दौर में जिस तरह के राजसी ठाट-बाट के साथ कुछ राजनेताओं व शासन-प्रशासन में बैठे हुए कुछ लोग सरकारी व निजी दौरों के दौरान अनाप-शनाप खर्चा करते हैं, क्या ऐसे लोग के द्वारा देश व समाज हित में उन सभी अनावश्यक खर्चों में स्वयं ही कटौती करने की पहल करके जनता के सामने एक बड़ी मिसाल कायम नहीं करनी चाहिए।

विचारणीय तथ्य यह भी है कि आजकल देश में जिस तरह से सरकारी या गैरसरकारी लोगों के मन में अपने आपको एक बड़ा वीवीआईपी दिखाने की चाह रहती है, वह चाहते देश व समाज हित में ठीक नहीं है, क्योंकि इन लोगों को वीवीआईपी दिखाने की चाहत में सिस्टम का बड़ा तामझाम, लग्जरी मंहगी गाड़ियों के लंबे-चौड़े काफिले, चार्टर प्लेन आदि दिखावे पर जनता के द्वारा देश के विकास के लिए दिये गये टैक्स की काफी धनराशि का दुरुपयोग होता है, जिसको तत्काल रोका जाना चाहिए। वहीं कुछ लोगों के द्वारा अपना भौकाल बनाने के लिए व दिखावे के लिए ली गयी अत्यधिक सुरक्षा व्यवस्था और रखरखाव में होने वाले अतिरिक्त खर्चों को भी अब बिल्कुल सीमित करना चाहिए। क्योंकि जिस तरह से चंद लोग सिस्टम में बैठे कुछ ताकतवर लोगों की कृपा से सरकारी अमले की आड़ में जनता के टैक्स के पैसों पर मौज मस्ती करते हुए जनता का ही आये दिन उत्पीड़न करते हैं, यह किसी से भी छिपा हुआ नहीं है, सिस्टम में बैठे हुए कुछ लोगों से सांठ-गांठ करके हमारे प्यारे देश में धनपशु, दलाल व अपराधी तक भी सरकारी सुरक्षा व सुविधाओं के भौकाल का आनंद लें रहे हैं, जो नियम कायदे व कानून पसंद देशभक्त देशवासियों के लिए बेहद चिंताजनक स्थिति है। देश व समाज हित में जनता के द्वारा टैक्स के रूप में दी गई धनराशि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, युवाओं, महिलाओं, किसानों और उधोग-धंधों आदि के साथ-साथ देश के सर्वांगीण विकास पर खर्च हो। देश की जनता के टैक्स का धन देश के विकास और आम जनमानस की भलाई में लगे, न कि वीवीआईपी बनने की चाहत के बेफिजूल के खर्चों और शानो-शौकत में

# तंबाकू का सेवन शरीर के लिए घातक

## धीमा जहर को कहें ना, आईए तम्बाकू मुक्त समाज बनाने का संकल्प लें : राजेश कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। यह उपभोग करनेवाले के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।यह एक धीमा जहर है। जो इसके उपभोग करनेवाले के शरीर को अन्दर ही अन्दर खोखला बनाकर घातक बीमारियों का शिकार बना देता है।अनेक बार तंबाकू जनित घातक बीमारियों के कारण आदमी को असमय मौत का ग्रास बनना पड़ता है, इसलिए तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे मे आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से हर वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य तंबाकू सेवन से होनेवाले घातक दुष्प्रभावों के प्रति जन जागरूकता फैलाना है।

तंबाकू एक प्रकार के निकोटिनिया प्रजाति के पेड़ के





पत्तों को सुखाकर नशा करनेवाली वस्तु बनायी जाती है। प्रतिबंध के बावजूद तंबाकू के कई उत्पाद उपलब्ध हैं।दुनिया का हर तीसरा कैंसर मरीज तंबाकू का सेवन करता है।एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष तकरीबन मिलियन लोग इसके कहर से संसार छोड़ जाते हैं। अनुमंडलीय अस्पताल मनिहारी के उपाधीक्षक डॉ. ब्रजेश नंदन के अनुसार तंबाकू में कई प्रकार के रासायनिक पदार्थ होते हैं। जो हमारे शरीर के लिए बेहद हानिकारक होते हैं। निकोटिन, हाईड्रोजन -साईनाईड, फार्मेडिहाईड, सीसा,आर्सेनिक की अधिकता, बेंजीन, कार्बन-मोनोआक्साइड आदि जहरीले रासायनिक - यौगिक तंबाकू मे शामिल होते हैं। जो मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।इससे महिलाओं मे प्रजन्न संबंधी समस्या, गर्भस्थ शिशु के लिए खतरा, हृदय संबंधी बीमारी, दमा, आंखों की रोशनी कम होना, अंधापन, मोतियाबिंद, लिवर कैंसर, फेफड़े का कैंसर, मुंह का कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर जैसी घातक बीमारियां हो जाती हैं।

उन्होने तंबाकू सेवन से होनेवाली घातक बीमारियों के प्रति सचेत करते हुए आमजन से इससे दूर रहने की अपील की है। स्वयंसेवी संस्था अभिलाषा परिवार के सचिव एवं किशोर न्याय परिषद के न्याय मंडल के पूर्व सदस्य एवं वर्तमान में अध्यक्ष बाल कल्याण समिति कटिहार राजेश कुमार सिंह ने युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के प्रति चिंता जताई है।उन्होने भी कहा है कि केवल सरकार के स्तर पर महज कानून बना देने से इस समस्या से निजात नहीं पाया जा सकता ।सामुहिक सामाजिक व्यापक जनचेतना लाकर हम युवाओं को नशे की दलदल में जाने से बचा सकते हैं। जानकारी दी कि आईने मे तंबाकू नियंत्रण,तंबाकू जनित दुष्प्रभावों से निपटने तथा लोगों को इसके घातक दुष्प्रभावों से बचाने को लेकर देशभर मे राष्ट्रीय - तंबाकू - नियंत्रण कानून (वर्ष 2003 से प्रभावी है। इसके तहत सार्वजनिक स्थलों पर धुम्रपान निषेध, सिगरेट तथा किसी तंबाकू उत्पाद के विज्ञापन का निषेध, शैक्षणिक संस्थानों की सौ गज की परिधि मे तंबाकू सेवन का निषेध, सभी तंबाकू उत्पादों पर सचित्र स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी का प्रवधान है। कोटपा के तहत, सार्वजनिक स्थलों पर धुम्रपान करने, खुलेआम तंबाकू से संबंधित सामग्री बेचने पर कार्रवाई का प्रावधान है। प्रावधानों का उल्लंघन करते पकड़े जाने पर अर्थदंड और कारावास तक का प्रावधान है।भारत सरकार ने तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु वर्ष 2007 मे राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एनटीसीपी का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू नियंत्रण कानून और तंबाकू के उपयोग से होनेवाले घातक प्रभावों के बारे मे अधिक-से - अधिक जागरूकता प्रसारित करना है।

# शांतिपूर्वक संपन्न हुआ नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति का चुनाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ महापौर की ओर से मनोनीत सातों सदस्य का चुनाव में हुआ हार, सभी नये चेहरे हुए विजयी

**कटिहार।** नगर निगम के सात सशक्त स्थायी समितियों का निर्वाचन शांतिपूर्ण वातावरण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो गया।निर्वाचन को लेकर नामित निवार्ची पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त अमित कुमार एवं अलग-अलग समितियों के नामित सहायक निवार्ची सह वरीय पदाधिकारियों की देखरेख में निर्वाचन विकास भवन सभागार में संचालित किया गया।जबकि निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने को लेकर जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी स्वयं हर गतिविधि की निगरानी कर रहे थे।



चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखी गई । सर्वप्रथम अलग अलग समितियों के लिए अभ्यर्थियों ने प्रस्तावक और समर्थकों के साथ सहायक निवार्ची के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल कराया।नामांकन पत्रों की जांच और स्क्रूटनी के बाद सभी पदों के लिए पार्षदों ने अलग- अलग मतदान किया। मतों की गिनती के बाद निवार्ची पदाधिकारी नगर निगम सह उपविकास आयुक्त द्वारा सबसे अधिक मत प्राप्त करने वाले प्रत्याशी को विजेता होने का प्रमाण-पत्र प्रदान किया और उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार सशक्त स्थायी समिति संख्या-01 के लिए विपिन बिहारी चौबे,02 के लिए जिम्मी प्रकाश महतो ,03 के लिए प्रमोद महतो, 04 के लिए आलोक कुमार वर्मा , 05 के लिए नितेश कुमार सिंह उर्फ निककु सिंह , 06 के लिए मंजू देवी और 07 के लिए सलीम अंसारी निर्वाचित घोषित किये गये। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सहायक निवार्ची के रूप में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुशील कुमार,वरीय उप समाहर्ता अभिषेक रंजन, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी कटिहार, कुमारी पूर्णिमा, वरीय उप समाहर्ता शशिभूषण कुमार शशि, भूमि सुधार उपसमाहर्ता सदर शशांक वर्णवाल, जिला भू अर्जन पदाधिकारी मो. अजमल खुर्शीद, निदेशक डीआरडीए सुदामा प्रसाद सिंह के साथ अन्य प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद मोबाइल लौटाए

**कोढा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान" अभियान के तहत एक सराहनीय पहल देखने को मिली। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस पदाधिकारियों ने चोरी एवं गुम हुए कई मोबाइल फोन को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम के दौरान कोढ़ा थानाध्यक्ष पंकज आनंद और अपर थानाध्यक्ष कुणाल कुमार भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि आम लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए पुलिस लगातार ऐसे अभियानों को चला रही है, जिससे जनता का विश्वास पुलिस पर और मजबूत हो सके।थानाध्यक्ष ने कहा कि मोबाइल चोरी और गुम होने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए तकनीकी सहयोग और विशेष टीम की मदद ली जा रही है। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने मोबाइल के संबंध में पूरी जानकारी सुरक्षित रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस पहल से न केवल लोगों को राहत मिली है, बल्कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने में भी मदद मिली है।



### जनता दरबार का आयोजन

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनिहारी अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। पुराने मामलों पर सुनवाई की गयी। नया मामला दर्ज किया गया। शनिवार को मनिहारी अंचल कार्यालय परिसर में आयोजित जनता दरबार में राजस्व अधिकारी रामसागर पासवान ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की। आज की सुनवाई में पूर्व से लंबित मामलों पर चर्चा हुई। पूर्व से लंबित चली आ रही एक मामले का निष्पादन मामले का निष्पादन ऊभय पक्षों की सहमति से किया गया। जनता दरबार में एक नये मामला प्रतिवेदित दर्ज किया गया। इस मामले का भी ऊभय पक्षों की सहमति से त्वरित निष्पादन जनता दरबार में ही कर दिया गया।राजस्व अधिकारी ने बताया कि सभी मामलों पर नियमानुसार आगे की प्रक्रिया जारी है।



### रानीपतरा सिंघिया में सहयोग शिविर को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने की बैठक

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के चित्तौड़िया पंचायत के पंचायत भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 2 जून को सहयोग शिविर आयोजन कराने को लेकर की गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सहयोग शिविर का स्थल निरीक्षण करते हुए मध्य विद्यालय रानीपतरा सिंघिया को चुना गया हैं। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी के अलावे बीपीआरओ अमित कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार, सुनील कुमार,प्रखंड प्रमुख सुषमा कुमारी,पंचायत के मुखिया दीप नारायण पासवान एवं विभिन्न पंचायत के पंचायत सचिव, कार्यपालक सहायक, विभिन्न पंचायत के किसान सलाहकार उपस्थित रहे ।



# मारवाड़ी युवा मंच कटिहार की ओर से हिन्दी पत्रकारिता दिवस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** मारवाड़ी युवा मंच कटिहार शाखा की ओर से शनिवार को हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर मिरचाईबारी स्थित विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल एवं श्रीमति उषा देवी अग्रवाल के निवास पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंच एवं पत्रकारिता की कई कहानियों पर चर्चा की गई एवं सामूहिक रूप से केक काटकर की गई।




इस अवसर पर समाज के सजग प्रहरी और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी स्थानीय पत्रकारों को मंच की ओर से स्मृति चिन्ह मोमेंटो और गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच के पदाधिकारियों ने पत्रकारों की निष्पक्ष पत्रकारिता की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। मौके पर शाखा अध्यक्ष युवा दीपक अग्रवाल, शाखा सचिव युवा मयंक शेखर पूरनमलका, शाखा कोषाध्यक्ष युवा यश कुमार गोयल, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष युवा आकाश अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा विकास खंडेलिया, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष युवा राहुल मुरारका, प्रांतीय संयुक्त मंत्री युवा अमित सुरेखा, पूर्व अध्यक्ष युवा सुनील कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष हर्ष वर्धन अग्रवाल वार्ड कमिश्नर, मंच सदस्य युवा रितेश अग्रवाल, मंच सदस्य युवा सुरेश जैजानी, मंच सदस्य युवा विकास अग्रवाल, मंच सदस्य सुमित मुकीम आदि मौजूद रहे।

# एसटीएफ और कटिहार पुलिस की बड़ी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** बिहार में अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। बिहार एसटीएफ और कटिहार जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने कोढ़ा गैंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लूट की बड़ी रकम बरामद की है। इस कार्रवाई में कुल ₹4,60,000 रुपये बरामद किए गए हैं। जिससे पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार दिनांक 22 मई 2026 को मधुबनी जिले के पंडौल थाना क्षेत्र में शिवकुमार तिवारी से ₹1,40,000 रुपये की लूट की गई थी। इसी दिन मधुबनी जिले के ही लखनौर थाना क्षेत्र में जगदीश महतो से ₹3,20,000 रुपये लूटे गए थे। इन दोनों घटनाओं के बाद पुलिस लगातार अपराधियों की तलाश में जुटी हुई थी। गुप्त सूचना के आधार पर 28 मई 2026 को बिहार एसटीएफ और कटिहार पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान मामले में संलिप्त अपराधी की पहचान आर्यन कुमार यादव थाना कोढ़ा, जिला कटिहार के रूप में की गई। पुलिस टीम ने उसके घर पर छापा मारकर लूट की पूरी राशि बरामद कर ली। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस कार्रवाई से कोढ़ा गैंग की गतिविधियों पर बड़ा असर पड़ेगा।

# भाजपा के महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष बनने पर विधायक निशा का पार्टी ने किया अभिनंदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष मनोज राय के नेतृत्व में बिहार भाजपा प्रदेश कमेटी के घोषणा होने पर कटिहार जिला से प्राणपुर की विधायक निशा सिंह एवं सीमा झा को भाजपा प्रदेश कमेटी में प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर अभिनंदन समारोह रखा गया। जिलाध्यक्ष मनोज राय ने महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर निशा सिंह को अंग वस्त्र एवं पुष्प देकर अभिनंदन किया।

वहीं सीमा झा को प्रदेश मंत्री बनने पर उन्हें भी पुष्प कुछ एवं अंग वस्त्र देखकर अभिनंदन स्वागत किया। बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भी अभिनंदन समारोह में शामिल होकर दोनों को पुष्प एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत व अभिनंदन करते हुए खुशी जाहिर किया। निशा सिंह ने कहा कि मैं संगठन द्वारा दिए गए इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं कर्मठता के साथ करते हुए महिला सशक्तिकरण तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयासरत रहूँगी। भाजपा नेतृत्व द्वारा मेरे जैसे छोटे कार्यकर्त्ता को भाजपा महिला मोर्चा बिहार प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपने का कार्य किया है। मैं कटिहार सहित बिहार के सभी कार्यकताओं को विश्वास दिलाता हूं कि बिहार भाजपा संगठन में महिलाओं को सशक्त एवं संगठनात्मक रूप से मजबूत करने का कार्य करूंगी। उन्होंने कहा कि आप सभी का यह आत्मीय स्वागत, विश्वास एवं समर्थन मेरे लिए प्रेरणास्रोत है। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष से लेकर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश मंत्री के पद को ईमानदारी पूर्वक निभाने का मैं कार्य किया। इस अवसर पर अभिनंदन समारोह में को विधायक कविता पासवान, जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, भाजपा जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, गोविंद अधिकारी, सौरभ कुमार मालाकार, जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला मंत्री सविता शर्मा, गौरव पासवान, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रियंका सिंह, महेंद्र झा, भास्कर सिंह, शंभू चौधरी, श्वेता राय, जोक्सन यादव सहित बड़ी संख्या में जिला के कार्यकर्ता एवं महिला मोर्चा की पूरी टीम शामिल होकर अभिनंदन और स्वागत किया।



# जोकीहाट नगर पंचायत में स्थायी सशक्त समिति का चुनाव निर्विरोध संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जोकीहाट (अररिया)।** नगर पंचायत कार्यालय में शनिवार को स्थायी सशक्त समिति के गठन को लेकर आयोजित चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। चुनाव में कुल तीन वार्ड पार्षदों ने नामांकन दाखिल किया था और तीनों प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया और नगर पंचायत कार्यालय परिसर में जश्न शुरू हो गया। निर्वाचित सदस्यों में वार्ड संख्या-03 की बेबी देवी को सशक्त स्थायी समिति सदस्य संख्या-01, वार्ड संख्या-05 की बिलकस खातून को सदस्य संख्या-02 तथा वार्ड संख्या-04 की रकी देवी को सदस्य संख्या-03 के रूप में निर्विरोध चुना गया। सभी प्रत्याशियों के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा होते ही समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन पदाधिकारी सह वरीय उपसमाहर्ता अनुराधा कुमारी किशोर की देखरेख में संपन्न हुई। उन्होंने सभी निर्वाचित सदस्यों को जीत का प्रमाण-पत्र प्रदान किया। वहीं, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी दुर्गेश कुमार ने नव-निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद शकूर ने विजयी सदस्यों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया।



# विधान पार्षद एवं भुवन सहित पांच चुने गए चैम्बर कॉ-आप्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नॉर्थ ईस्टर्न बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कटिहार की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की हुई बैठक में सत्र- 2026-28 की नई कार्यसमिति की कॉ- आप्सन के लिए विधान पार्षद अशोक अग्रवाल सहित पांच कॉ- आप्सन चुने गऐ इनके अलावा 21 लोगों का चुनाव सर्वसम्मति से विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में किया गया। बैठक की अध्यक्षता चुनाव पर्यवेक्षक सह चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ मुकीम ने की। बैठक के आरम्भ में नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरोत्तम जोशी द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। कॉ- आप्सन के लिए चुने गए सदस्यों में विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल,विश्वनाथ मुकीम,बिमल सिंह बेंगानी, भुवन अग्रवाल और कटिहार के पूर्व विधान पार्षद मोहन लाल अग्रवाल शामिल हैं विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में विनोद सिंह अधिवक्ता, रंजीत जायसवाल, विनीता वाधवानी, अवंतिका परमार, श्याम अग्रवाल अग्रवाल सिंथेटिक्स, अमित जायसवाल विक्की, सौरभ अग्रवाल, यशस्वी अग्रवाल अधिवक्ता, विष्णु अग्रवाल सालमारी, आदर्श अग्रवाल सालमारी, रवि आजाद सेमापुर, ललित अग्रवाल पूर्णिया, नीरज खेमका पूर्णिया, मोती लाल शर्मा फारबिसगंज, सुशील घोसाल फारबिसगंज, अशोक गुप्ता फारबिसगंज, दीपक समदरिया फारबिसगंज, मौसम खंडेलवाल नवगछिया, मनीष सराफ मधेपुरा, किशन कुमार तुलसियान खगड़िया और श्रवण सराफ अमदाबाद, मनिहारी शामिल हैं। विधान पार्षद सह निवर्तमान अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल ने सबों का धन्यवाद ज्ञापन किया।



# बिहार पुलिस में चयनित छह युवाओं ने बढ़ाया समेली का मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** समेली प्रखंड के मुरादपुर पंचायत के मिल्की नवाबगंज एवं भदैया टोला गांव के छह युवक-युवतियों ने बिहार पुलिस में चयनित होकर अपने गांव, पंचायत और जिले का नाम रोशन किया है। युवाओं की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बिहार पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों में छात्र प्रदुमन कुमार, पिता- सुनील मंडल, माता- लहरी देवी, छात्रा पुष्पलता कुमारी, पिता- सुनील मंडल, माता- लहरी देवी, छात्र अंकित कुमार पिता- राजेश मंडल, माता- रेखा देवी, छात्र संतोष कुमार पिता- कपूरी मंडल, माता- दयावंती देवी, छात्रा दीपिका भारती पिता- सदानंद मंडल, माता- कविता देवी तथा छात्रा श्वेता कुमारी पिता- गोपाल मंडल, माता- रुकमणि देवी शामिल हैं। वही चयन की सूचना मिलते ही परिजनों एवं ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों ने कहा कि इन युवाओं की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह, बीपीआरओ मोहम्मद हाशिम, प्रमुख अनुकंपा कुमारी, प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुमार पप्पू, सरपंच दिनेश मंडल, पंचायत समिति सदस्य धनेश्वर मंडल, उप मुखिया रवि रोशन, जदयू नेता मनोज कुमार मंडल, सुनील शर्मा, सुनील मंडल, गोपाल मंडल, विंदेश्वरी मंडल, मनोज मंडल, संजय कुमार, सहित कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



# जिलधिकारी ने अधिकारियों-कर्मियों को दिलाई तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2026 (31 मई 2026) के अवसर पर जिला पदाधिकारी, विनोद दूहन ने अधिकारियों एवं कर्मियों को तंबाकू सेवन से दूर रहने तथा समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने अपने जीवन में कभी भी धूम्रपान नहीं करने तथा किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद का सेवन नहीं करने का संकल्प लिया।

साथ ही अपने परिवार, मित्रों एवं परिचितों को भी तंबाकू एवं धूम्रपान से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की प्रतिज्ञा की। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी ने कहा कि तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है और यह कई गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए जन-जागरूकता और व्यक्तिगत संकल्प दोनों आवश्यक हैं। प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं तंबाकू से दूर रहने के साथ-साथ दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर तंबाकू छोड़ने से होने वाले स्वास्थ्य लाभों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि तंबाकू का सेवन छोड़ने से हृदय की धड़कन और रक्तचाप सामान्य होने लगते हैं तथा रक्त में ऑक्सीजन का स्तर बेहतर होता है। इसके अलावा रक्त संचार एवं फेफड़ों की कार्यक्षमता में सुधार होता है तथा खांसी, थकान और सांस फूलने जैसी समस्याएं कम होने लगती हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से तंबाकू मुक्त जीवनशैली अपनाने तथा अपने कार्यस्थल एवं समुदाय में तंबाकू निषेध का संदेश प्रसारित करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन अररिया, जिला परिवहन पदाधिकारी अररिया, गैर संचारी रोग पदाधिकारी अररिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अररिया एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।






# काम कर गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील! सोने की बिक्री में 70% की भारी गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने के आयात को कम करने के लिए सरकार ने हाल में इंपोर्ट ड्यूटी में भारी इजाफा किया था। इससे देश में सोने की बिक्री में भारी गिरावट आई है। इंडस्ट्री के अनुमानों के मुताबिक 27 मई को खत्म हुए पखवाड़े में सोने की डिमांड गिरकर 7.5 टन रह गई है जबकि एक साल पहले यह करीब 25 टन थी। सरकार ने 13 मई को सोने पर आयात शुल्क यानी इंपोर्ट ड्यूटी 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दी थी। ईटी की एक रिपोर्ट में इंडिया बुलियन एंड जूलर्स एसोसिएशन के नेशनल सेक्रेटरी



सुरेंद्र मेहता के हवाले से बताया गया है कि सोने पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाए जाने के बाद डिमांड में 70 फीसदी गिरावट आई है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा मार असंगठित कारोबार पर पड़ी है जो कुल ट्रेड का करीब 65 फीसदी है। देश में सोने का सालाना खपत 800 से 850 टन है। शुक्रवार को मुंबई के स्पॉट मार्केट में 999 शुद्धता वाला सोना 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर कर रहा था। इसमें जीएसटी शामिल नहीं है। केवल इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ने के कारण ही सोने की डिमांड प्रभावित नहीं हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोना खरीदने से एक साल तक परहेज करने की अपील का भी असर पड़ा है। सोने का हाल सरकार ने सोने पर इंपोर्ट ड्यूटी 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी की सोने पर त्रस्ञ के साथ प्रभावी टैक्स 9.18% से बढ़कर 18.45% हो गया दो हफ्ते में डिमांड केवल 7.5 टन रह गई जो एक साल पहले 25 टन थी।

## मोदी की अपील का असर

गोल्ड जूलरी रिटेल चेन जॉयलुक्कास के चेयरमैन जॉय अलुक्कास का कहना है कि सोने की मांग में कमी के पीछे कई कारण हैं। उन्होंने कहा, 'केवल इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ने के कारण ही सोने की डिमांड प्रभावित नहीं हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोना खरीदने से एक साल तक परहेज करने की अपील का भी असर पड़ा है। जॉयलुक्कास में डिमांड में 35 फीसदी से ज्यादा गिरावट आई है। अभी यह साफ नहीं है कि इसमें आगे और गिरावट आएगी या नहीं।' आईबीजेए के मेहता ने कहा कि सोने पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने के अलावा पेट्रोल और डीजल की कीमत तथा खाने-पीने की चीजों की कीमत बढ़ोतरी से भी उपभोक्ताओं की धारणा प्रभावित हुई है क्योंकि वे अभी सोने नहीं खरीदना चाहते हैं। 18.45 फीसदी हो गया है। रुपये की गिरावट, कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमत और दुनिया के कई हिस्सों में बढ़ते तनाव को देखते हुए सरकार ने सोने पर आयात शुल्क में बढ़ोतरी की थी।

### मल्टीबैगर पेनी स्टॉक एवीआई पॉलीमर्स के शेयर 5 फीसदी के अपर सर्किट में फंस कर बंद हुए

# साल भर में 140% रिटर्न, अब स्टॉक स्प्लिट और बोनस इश्यू का प्रस्ताव

**मुंबई, एजेंसी।** बीते शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजारों में फिर कोहराम मचा। बीएसई का सेंसेक्स तो कारोबार की समाप्ति के समय करीब 1200 अंकों तक लुढ़क गया था। तब भी मल्टीबैगर पेनी स्टॉक एवीआई पॉलीमर्स के शेयर 5 फीसदी के अपर सर्किट में फंस कर बंद हुए। इसकी वजह कंपनी का यह फैसला है। शेयर बाजार में खबर आई कि एवीआई पॉलीमर्स के बोर्ड ऑफ डाइरेक्टर्स की 4 जून 2026 को बैठक होगी। उसमें कई कई रणनीतिक प्रस्तावों पर विचार करने के समाचार हैं। बताया गया है कि कंपनी का बोर्ड इक्विटी शेयरों के स्टॉक स्प्लिट, बोनस इश्यू और कुछ क्षेत्र में विस्तार के बारे में फैसला लेगा।

एक के 10 होंगे शेयर पॉलिमर बनाने वाली कंपनी एवीआई पॉलीमर्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसका एक शेयर 10 हिस्से में बंटेगा। मतलब कि 1:10 के अनुपात तक स्टॉक स्प्लिट होगा। इसके साथ ही शेयरहोल्डर्स को 10:1 के अनुपात तक बोनस शेयर भी मिलेगा। बोर्ड की इसी बैठक में कंपनी के ग्रीन टेक्नोलॉजी और स्थिरता केंद्रित व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रस्तावित प्रवेश पर भी विचार किया जाएगा। इनमें औद्योगिक कचरा प्रबंधन, उन्नत सामग्री रिसाइक्लिंग और कार्बन फुटप्रिंट अनुकूलन सेवाएं शामिल हैं।

एवीआई पॉलीमर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक



चिंतन यशवंतभाई पटेल ने कहा 'बोर्ड द्वारा विचाराधीन प्रस्ताव एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार व्यवसाय के निर्माण पर हमारे फोकस को दर्शाते हैं। प्रस्तावित स्टॉक स्प्लिट और बोनस इश्यू का उद्देश्य शेयरधारकों की भागीदारी बढ़ाना और दीर्घकालिक मूल्य सृजन करना है, वहीं स्थिरता केंद्रित क्षेत्रों में नियोजित विविधीकरण कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम है। भारी बिकवाली की। तभी तो कारोबार के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 1,200 अंक तक गिर गया। अंत में बीएसई सेंसेक्स में 1,092 अंक यानी 1.44% गिरावट के 74,775.74 अंक पर सेटल हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 359.40 अंक यानी 1.5% फिसलकर 23,547.75 अंक तक गिर गया।

## शेयर का कैसा रहा है प्रदर्शन

स्मॉल-कैप स्टॉक एवीआई पॉलीमर्स ने पिछले 1 महीने में 20% का नुकसान उठाया है। लेकिन, यदि दीर्घकाल में देखें तो 6 महीनों में 10% और 1 साल में लगभग 140% बढ़ गया है। बीएसई में बीते गुरुवार को शेयर 14.49 रुपये पर बंद हुए थे। शुक्रवार को यह गिर कर 13.77 रुपये पर खुले थे। इस बीच यह खबर आ गई। उसके बाद शेयर भागने लगे और पांच फीसदी बढ़ कर 15.21 रुपये पर बंद हुए। इस शेयर में पांच फीसदी का सर्किट लिमिट है।

# बैंक, बीमा कंपनियों और म्यूचुअल फंड्स में फंसे पैसे वापस दिलाएगी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंकों, बीमा कंपनियों या म्यूचुअल फंड्स में अनक्लेम्ड पड़ा हुआ पैसा आपको आसानी से मिल जाए, इसके लिए सरकार ने शुक्रवार को एक खास पोर्टल लॉन्च किया। इसकी शुरुआत करते हुए वित्तीय सेवाओं के विभाग के सचिव एम नागराजू ने कहा कि इस पोर्टल से लोगों को आसानी होगी और उन्हें उनकी वैध वित्तीय संपत्ति देने के प्रयासों में मजबूती आएगी। आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान के तहत अनक्लेम्ड असेट्स पोर्टल की शुरुआत की गई। यह सिंगल यूनिफाइड ऑनलाइन प्लैटफॉर्म है, जिसके जरिए बैंक खातों में पड़ी अनक्लेम्ड रकम और इंश्योरेंस क्लेम से लेकर इस तरह के शेयरों और म्यूचुअल फंड्स का लोग पता लगा सकेंगे। इस पोर्टल पर जाने पर बैंक डिपॉजिट, इंश्योरेंस क्लेम, म्यूचुअल फंड्स और शेयर्स एंड डिविडेंड के रूप में चार आइकन दिखेंगे। इन पर क्लिक करने से संबंधित पोर्टल्स पर ले जाया जाएगा। बैंकों, बीमा कंपनियों और म्यूचुअल फंड्स के पास काफी अनक्लेम्ड पैसा पड़ा हुआ है आरबीआई के मुताबिक बैंकों में ही करीब 72,000 करोड़ का अनक्लेम्ड डिपॉजिट है सरकार ने यह पैसा उसके मालिकों तक पहुंचाने के लिए शुक्रवार को एक पोर्टल लॉन्च किया इस पोर्टल से लोगों को आसानी होगी और उन्हें पैसा देने के प्रयासों में मजबूती आएगी आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, बैंकों में 72,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के अनक्लेम्ड डिपॉजिट हैं।

# अरबपति रैंकिंग में फिसले जुकरबर्ग बेचैन; पेड फेसबुक, वाट्सऐप, इंस्टाग्राम प्लस से वापसी होगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अरबपतियों के बीच रैंकिंग रेस में इस साल फिसल गए मार्क जुकरबर्ग की कंपनी मेटा ने कमाई बढ़ाने के लिए लोकप्रिय प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सऐप पर सब्सक्रिप्शन के जरिए पेड फीचर्स की शुरुआत का ऐलान कर दिया है। पुराने अकाउंट उसी तरह चलते रहेंगे, लेकिन फेसबुक प्लस, इंस्टाग्राम प्ल्स, वाट्सऐप प्लस नाम से नई सुविधाओं के इस्तेमाल के लिए कंपनी पेड सर्विस चालू करेगी। भारत में पेड सर्विस को आने में समय लगेगा, लेकिन जहां यह पहले चरण में चालू होगा, वहां फेसबुक और इंस्टाग्राम पर इस सुविधा के लिए 3.99 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 378 रुपये खर्च करना होगा। वाट्सऐप प्लस लेने के लिए 2.99 अमेरिकी डॉलर यानी लगभग 283 रुपये देना होगा। मार्क जुकरबर्ग अरबपतियों की फॉर्ब्स सूची में 2025 के दूसरे रैंक से गिरकर 2026 में पांचवें नंबर पर चले गए हैं। हालांकि पिछले साल के 216 अरब डॉलर के नेटवर्थ के मुकाबले उनकी संपत्ति इस साल बढ़कर 222 अरब डॉलर हो गई है, लेकिन धरती के सबसे अमीर एलन मस्क के अलावा तीन लोग उनके ऊपर आ गए हैं। मस्क 839 अरब डॉलर के साथ नंबर एक पर बने हुए हैं, जिनके पास 2025 में 342 अरब डॉलर की संपत्ति थी। 257 अरब डॉलर के साथ गूगल के लैरी पेज दूसरे नंबर पर हैं, जिनके पास पिछले साल 144 अरब डॉलर था। गूगल के ही दूसरे संस्थापक सर्गेई ब्रिन 237 अरब डॉलर के साथ तीसरे



नंबर पर हैं, जो पिछले साल 138 अरब डॉलर पर थे। अमेजन वाले जेफ बेजोस 224 अरब डॉलर के साथ चौथे नंबर पर ठीक मार्क जुकरबर्ग के ऊपर हैं। बेजोस को 2025 में 215 अरब डॉलर का मालिक आंका गया था। व्यापार क्षेत्र की मजबूती की वजह से टेस्ला, एक्स और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क से ऊपर जाना तो फिलहाल किसी अरबपति के लिए संभव नहीं दिख रहा है। लेकिन मार्क जुकरबर्ग से ऊपर जो तीन लोग हैं, उनके बीच अधिकतम 35 अरब डॉलर का फासला लैरी पेज के साथ है। जुकरबर्ग की कंपनी की नई सर्विस से उन्हें यूजरबेस से कमाई बढ़ाने का मौका मिलेगा, जो कंपनी का मुनाफा बढ़ने के साथ शेयर बाजार में भी मजबूती देगा। फेसबुक पर 307 करोड़ से ज्यादा लोग हैं, जिनमें करीब 211 करोड़ लोग हर रोज इसे खोलते हैं। फेसबुक के सबसे ज्यादा 58 करोड़ यूजर भारत में हैं, जबकि अमेरिका में 25 करोड़ लोग इसका इस्तेमाल करते हैं। वाट्सऐप के 330 करोड़ यूजर में 230 करोड़ डेली यूजर हैं। भारत के लोगों की संख्या 85 करोड़ से ऊपर है।

## मेटा का राजस्व 5631 करोड़ डॉलर रहा

इस साल की पहली तिमाही यानी जनवरी से अप्रैल के बीच मेटा का राजस्व 5631 करोड़ डॉलर रहा, जिसमें अकेले विज्ञापन से 5500 करोड़ डॉलर आया। कंपनी की शुद्ध आय 2677 करोड़ डॉलर थी। मुनाफा के हिसाब से देखें तो एक शेयर पर 10.44 डॉलर का लाभ हुआ। फेसबुक प्लस, इंस्टाग्राम प्लस और वाट्सऐप प्लस नाम से पेड सर्विस शुरू होने के बाद मेटा की कमाई बढ़ेगी तो उसका असर मेटा के शेयर से लेकर मार्क जुकरबर्ग के नेटवर्थ तक दिखेगी। 2027 के अरबपतियों की सूची में रैंक वापस हासिल करने के लिए मार्क जुकरबर्ग के पास मौजूदा प्लेटफॉर्म से ही कमाई बढ़ाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं है।

# सगाई छोड़कर घर से भाग गई, इस एक कदम ने बदल दी जिंदगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आनल कोटक की कहानी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। वह गुजरात की रहने वाली हैं। उन्होंने समाज और परिवार की रूढ़िवादी सोच के आगे झुकने से इनकार कर दिया। वह पारंपरिक व्यापारिक परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उन्हें पहले होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई से रोका गया। फिर जब सगाई तय कर दी गई तो उन्होंने अपने सपनों के लिए बड़ा रिस्क उठाया। सगाई की रस्मों के बीच सुबह 4 बजे घर से भागकर वह टीवी शो का ऑडिशन देने पहुंच गईं। इस एक कदम ने उनकी पूरी जिंदगी बदल दी। आज आनल इंटरनेशनल रेस्टोरेंट ब्रांड 'द सीक्रेट किचन' की मालकिन हैं। उनकी गिनती देश की जानी-मानी सेलिब्रिटी शेफ में बन चुकी है। वह करोड़ों की कमाई कर रही हैं। आइए, यहां आनल कोटक की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

आनल कोटक का जन्म पारंपरिक गुजराती परिवार में हुआ। उनके पिता चाहते थे कि वह या तो यूपीएससी पास करें या सीए-सीएस बनें। इसके उलट आनल की दिलचस्पी कुकिंग और होटल मैनेजमेंट में थी। लेकिन, परिवार ने इसकी इजाजत नहीं दी। इसके कारण उन्होंने बी.कॉम, सीएस और फैशन डिजाइनिंग जैसे अलग-अलग कोर्स किए। उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट 20 साल की उम्र में आया। तब उनकी सगाई की रस्में चल रही थीं। उन्होंने अपनी मौसी की मदद से सुबह 4 बजे चुपके से घर छोड़ दिया ताकि वह 'रसोई महारानी' टीवी शो का ऑडिशन दे सकें। इस ऑडिशन ने उनकी जिंदगी बदल दी। वह शो

## अब करोड़ों के कारोबार की मालकिन

की विनर ही नहीं बनीं। बजाय इसके उन्होंने गुजरात की सबसे कम उम्र की कुकिंग एक्सपर्ट के रूप में पहचान



बनाई।

आनल अपनी दादी और नानी को सबसे बड़ी प्रेरणा मानती हैं। इन दोनों से उन्होंने सीखा कि पेशेवर कुकिंग सिर्फ शौक नहीं है। इसके बजाय हर दिन एक जैसी कंसिस्टेंसी बनाए रखने की साइंस है। सिर्फ 12 साल की उम्र में रामनवमी के एक कार्यक्रम के दौरान कैटरर के न आने पर उन्होंने अपनी नानी की देखरेख में 50 लोगों का खाना खुद तैयार किया था। अपने ससुर और पिता से बिजनेस के गुर सीखते हुए उन्होंने माना कि बॉस बनने से पहले कर्मचारी बनना जरूरी है। इसी सोच के साथ उन्होंने शुरुआत में किचन के बेहद दबाव वाले माहौल में रोज 12 घंटे खड़े रहकर काम किया ताकि वह ग्राउंड-लेवल की बारीकियों को समझ सकें। लोकल टीवी शो पर सफलता और शादी के बाद परिवार के सहयोग से अनल ने बेंगलुरु और मुंबई से प्रोफेशनल कुकिंग की ट्रेनिंग ली। बाद में ऑस्ट्रेलिया से रिमोटली अपनी कुकिंग डिग्री पूरी की। साल 2017 में उन्होंने वडोदरा में अपने पहले रेस्टोरेंट 'द सीक्रेट किचन' की शुरुआत की। इसके इंटीरियर और क्रॉकरी के लिए वह खुद 20 दिन चीन में रहीं। उनके रेस्टोरेंट की सबसे बड़ी यूएसपी लुप्त हो चुकीं क्षेत्रीय भारतीय रेसिपीज को आधुनिक अंदाज में पेश करना है। मसलन, उनकी नानी की रेसिपी पर आधारित 'मूंग ढोकला' और पिंजरे में परोसा जाने वाला अनोखा 'केज समोसा'।

# आरबीआई के लिए वरदान बनी रुपये की गिरावट!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक की विदेशी मुद्रा लेनदेन से आय वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 1.69 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में करीब 52 प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आरबीआई ने 2024-25 में विदेशी मुद्रा लेनदेन से 1.11 लाख करोड़ रुपये का विनिमय लाभ अर्जित किया था। आरबीआई ने रुपये की गिरावट और करेंसी मार्केट में उथलपुथल को थामने के लिए बाजार में जमकर डॉलर की बिकवाली की। पिछले फाइनेंशियल ईयर में डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में करीब 9.5 फीसदी गिरावट आई। इस दौरान आरबीआई ने स्पॉट मार्केट में रेकॉर्ड 53.13 अरब डॉलर झोंके। केंद्रीय बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार से डॉलर की बिक्री की और इससे उसके 1.69 लाख करोड़ रुपये की इनकम हुई।



विदेशी स्रोतों से आरबीआई की कुल इनकम पिछले फाइनेंशियल ईयर में 27 फीसदी बढ़कर 3.28 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। आरबीआई फाइनेंशियल ईयर 2026 के लिए सरकार को रेकॉर्ड 2.87 लाख करोड़ रुपये का सरप्लस ट्रांसफर करेगा। रिपोर्ट में कहा गया कि 31 मार्च 2026 तक आरबीआई का कुल बहीखाता आकार 15.72 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 91.97 लाख करोड़ रुपये हो गया। परिसंपत्ति पक्ष पर वृद्धि घरेलू निवेश, स्वर्ण भंडार और विदेशी निवेश में क्रमशः 44.9 प्रतिशत, 63.8 प्रतिशत और 7.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी के कारण दर्ज की गई। पहुंची आरबीआई ने 2024-25 में विदेशी मुद्रा लेनदेन से 1.11 लाख करोड़ कमाए थे पिछले फाइनेंशियल ईयर में डॉलर के मुकाबले रुपया करीब 9.5 फीसदी गिरा था इसे रोकने के लिए केंद्रीय बैंक ने स्पॉट मार्केट में रेकॉर्ड 53.13 अरब डॉलर झोंके।

# और सस्ता हुआ क्रूड, उधर मुंबई में पेट्रोल 111 तो डीजल 97 के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक बाजार में कच्चा तेल लगातार सस्ता हो रहा है। लेकिन भारत में पेट्रोल-डीजल बेचने वाली सरकारी तेल कंपनियां ने आज यानी शनिवार, 30 मई 2026, को दाम में कोई बदलाव नहीं किया। मतलब कि बाजार में पेट्रोल-डीजल के दाम जस के तस हैं। इससे पहले बीते सोमवार यानी 25 मई 2026 को पेट्रोल की कीमतों में 2.61 रुपये और डीजल की कीमतों में 2.71 रुपये की बढोतरी की गई थी। इन कंपनियों ने दिल्ली में 11 दिनों में ही प्रति लीटर पेट्रोल 7.35 रुपये तो डीजल 7.82 रुपये महंगा कर चुके हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पहले बताया था कि सरकारी तेल कंपनियों को हर दिन करीब 1,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था। लेकिन चार चरणों में दाम बढ़ाने के बाद यह घट गया है। कल ही मंत्रालय की संयुक्त सचिव



सुजाता शर्मा ने बताया कि अब यह घाटा कम हो कर हर रोज करीब 750 करोड़ रुपये रह गया है। हालांकि, पिछले साल इंडियन ऑयल, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम ने 77,821 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है। तेल कंपनियों की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में इस समय पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में इसकी कीमत 113.51 रुपये, मुंबई में 111.21 रुपये और चेन्नई में 107.77 रुपये है। एक अनुमान के मुताबिक क्रूड ऑयल महंगा होने से सरकारी तेल कंपनियों को रोजाना पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और जेट फ्यूल पर 1,380 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। सरकारी ऑयल कंपनियों के मुताबिक आज दिल्ली में डीजल का प्रति लीटर दाम 95.20 रुपये है।

## 11 दिनों में 4 बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव बीतने के बाद ही पेट्रोलियम कंपनियों ने 11 दिनों में चार बार दाम बढ़ा चुकी है। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने सबसे पहले 15 मई 2026 को पेट्रोल 3 रुपये और डीजल 3.29 पैसे महंगा किया था। इसके बाद 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे, 23 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे और 25 मई 2026 को पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये महंगा किया था।

# 23.5% घटी नोटों की छपाई की कॉस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का करेंसी नोट छापने पर होने वाला खर्च 2025-26 में घटा है। यह 23.5% घटकर 4,875.2 करोड़ रुपये रह गया। पिछले साल यह 6,372.8 करोड़ रुपये था। इसकी वजह यह रही कि इस साल नोटों की छपाई का ऑर्डर कम दिया गया। आरबीआई की सालाना रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। वहीं, रिपोर्टों के मुताबिक, 500 रुपये का एक नया नोट छापने की लागत सिर्फ 2 रुपये 29 पैसे आती है। छपाई की लागत में यह कमी तब आई है, जब मार्च 2026 के आखिर में चलन में मौजूद नोटों की कुल कीमत तेजी से बढ़कर 41.23 लाख करोड़ रुपये हो गई। यह एक साल पहले 36.86 लाख करोड़ रुपये थी। यानी इसमें करीब 11.8% की बढ़ोतरी हुई। इससे पता चलता है कि आरबीआई ने करेंसी की बढ़ती जरूरत को पूरा करने के लिए कम संख्या में, लेकिन ज्यादा कीमत वाले नोट छापे। क्रेडिट-टू-जीडीपी रेशियो भी मार्च 2026 के आखिर में अपने नए सबसे ऊंचे स्तर 61.8% पर पहुंच गया। एक साल पहले के 57.4% से यह काफी ज्यादा है। यह दिखाता है कि अर्थव्यवस्था में कुल मिलाकर बढ़ोतरी की रफ्तार बनी रहने के साथ बैंकों की ओर से दिए जाने वाले कर्ज में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। डिजिटल करेंसी के मामले में सर्कुलेशन में मौजूद ई-रुपये की वैल्यू 31 मार्च, 2026 तक घटकर 771.7 करोड़ रुपये रह गई। एक साल पहले यह 1,016.5 करोड़



रुपये थी। यह 24.1% की गिरावट दिखाती है कि आरबीआई का सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी पायलट अपनी पहुंच बढ़ाने की लगातार कोशिशों के बावजूद यूजर्स के बीच अभी तक कोई खास पकड़ नहीं बना पाया है। मौजूदा फाइनेंशियल ईयर के लिए अपना एजेंडा बताते हुए आरबीआई ने कहा कि 2026-27 के लिए उसका करेंसी मैनेजमेंट सेंट्रल बैंक ने कहा कि नोटों के प्रोडक्शन में देश में ही आत्मनिर्भरता बनाए रखना (यानी स्वदेशीकरण), नोटों के डिजाइन की उम्र और सुरक्षा को बढ़ाना और सर्कुलेशन में मौजूद नोटों की क्वालिटी को बेहतर बनाना, उसके लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र बने रहेंगे।

## चलन में सबसे ज्यादा 500 रुपये का नोट

500 रुपये का नोट अब भी सबसे ज्यादा चलन में है।चलन में मौजूद कुल नोटों की कीमत में इसकी हिस्सेदारी 85.5% है। यह कीमत 35.27 लाख करोड़ रुपये बैठती है। इसके 705.48 करोड़ नोट चलन में हैं। यह कुल नोटों की संख्या का 41.2% हिस्सा है। मार्च 2026 के आखिर में करेंसी-टू-जीडीपी अनुपात बढ़कर 12.1% हो गया। यह मार्च 2025 के आखिर में 11.7% था। इससे पता चलता है कि डिजिटल पेमेंट में तेजी से बढ़ोतरी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में लोग अब भी कैश को ही ज्यादा पसंद करते हैं। नोटबंदी के बाद यह अनुपात मार्च 2021 में दर्ज किए गए अपने सबसे ऊंचे स्तर 14.4% से काफी नीचे है। यह स्तर तब पहुंचा था, जब नवंबर 2016 की नोटबंदी के बाद सिस्टम में नए नोटों की भारी आमद हुई थी। ये आंकड़े नोटबंदी के 10 साल होने के करीब आए हैं।

## बस चोरी की खबर से थाना और पड़ाव में हलचल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** दुमका बस पड़ाव से एक निजी बस के अचानक गायब होने की घटना ने शनिवार सुबह सनसनी फैला दी। सुबह जब पागल बाबा कंपनी के चालक और अन्य कर्मचारी बस स्टैंड पहुंचे तो निर्धारित स्थान पर बस नहीं मिली। बस की देखरेख करने वाला सह चालक भी गायब था, जिसके बाद कर्मियों ने बस चोरी की आशंका जताते हुए नगर थाना को सूचना दी। कथित बस चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय होकर विभिन्न स्थानों पर खोजबीन शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि बस मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोदो खिच्चा गांव के समीप दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में पड़ी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बस को अपने कब्जे में ले लिया।

बताया जाता है कि शुक्रवार शाम बस स्टैंड में बस खड़ी करने के बाद चालक और अन्य कर्मचारी अपने अपने घर चले गए थे। अन्य दिनों की तरह बस की जिम्मेदारी सह चालक को सौंपी गई थी।

बताया जाता है कि देर रात सह चालक का एक मित्र उससे मिला, जिसे घर जाने के लिए कोई वाहन नहीं मिल रहा था। मित्र की मदद करने के उद्देश्य से सह चालक बिना अनुमति बस लेकर निकल पड़ा। मित्र को घर पहुंचाने के दौरान रास्ते में ही बस दुर्घटना का शिकार हो गई।

हादसे के बाद बस वहीं छूट गई। इधर, सुबह बस स्टैंड से बस के गायब मिलने पर कर्मियों को इसकी जानकारी नहीं थी, जिसके कारण पहले इसे चोरी की घटना माना गया।

मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने सह चालक को हिरासत में लिया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बस किस परिस्थिति में स्टैंड से निकाली गई और दुर्घटना कैसे हुई। फिलहाल पुलिस अधिकारी मामले पर खुलकर कुछ भी कहने से बच रहे है।

# पुरूष ने महिला के नाम पर ले ली सम्मान राशि

### प्रशासनिक महकमे में हड़कंप, प्राथमिकी, राशि हुई जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

जलडेगा। प्रखंड में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना में बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया है। महिलाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित इस योजना में एक पुरुष द्वारा महिलाओं के नाम पर करीब एक वर्ष तक सम्मान राशि उठाने का मामला उजागर होने से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, मंईयां सम्मान योजना के तहत चल रहे डोर टू डोर सत्यापन अभियान के दौरान यह सनसनीखेज मामला सामने आया। जांच में पता चला कि टिनगीना निवासी पंकज नाग ने फर्जी तरीके से योजना का लाभ लिया।




उसने जून 2025 से मार्च 2026 तक लगातार 2500 रुपये प्रतिमाह अपने खाते में प्राप्त किए। इस तरह उसने कुल 30 हजार रुपये की सरकारी राशि हड़प ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए जलडेगा बीडीओ डॉ. प्रवीण कुमार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जलडेगा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

प्राथमिकी में आरोपी पंकज नाग, पिता मदन नाग, निवासी टिनगीना तथा पियोसोकरा निवासी प्रज्ञा केंद्र संचालक कुमार चाणक्य को नामजद किया गया है। बताया गया कि कुमार चानक्य ने अपनी सीएससी आईडी पंकज नाग को उपयोग के लिए दे रखी थी। उसी आईडी के माध्यम से मईयां सम्मान योजना का ऑनलाइन आवेदन भरा गया था। इधर प्रशासन ने टिनगीना पंचायत के तत्कालीन पंचायत सचिव सनातन सिंह से भी स्पष्टीकरण मांगा है। जलडेगा थाना में कांड संख्या 33/26 दर्ज कर बीएनएस 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

प्रशासन ने आरोपी से 30 हजार रुपये की रिकवरी कर राशि नजारत में जमा करा दी है तथा बैंक खाते को भी होल्ड कर दिया गया है। साथ ही मामले की जांच जारी है।

## मोटोरोला ने किया प्रीमियम पोर्टफोलियो का विस्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में ग्लोबल लीडर मोटोरोला ने देश में अपनी मजबूत विकास गति जारी रखी है। आईडीसी क्वार्टली मोबाइल फोन ट्रैकर की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 की पहली तिमाही में मोटोरोला टॉप 5 स्मार्टफोन ब्रांड्स में शामिल हो गया है। 2024 की पहली तिमाही में 9वें स्थान से 2026 की पहली तिमाही में 5वें स्थान तक पहुंचकर मोटोरोला ने पिछले दो वर्षों में भारतीय स्मार्टफोन उद्योग में सबसे मजबूत ग्रोथ में से एक दर्ज की है। इस दौरान कंपनी का मार्केट शेयर 4.6 प्रतिशत से बढ़कर 8.9 प्रतिशत हो गया है। यह उल्लेखनीय बढ़त सार्थक इनोवेशन, अलग डिजाइन, प्रीमियम अनुभव और सभी सेगमेंट में उपभोक्ता-केंद्रित रणनीति के कारण संभव हुई है। बिहार के प्रमुख शहरों पटना और गयाजी में भी मोटोरोला के प्रीमियम स्मार्टफोन्स को लेकर युवाओं और प्रोफेशनल्स के बीच तेजी से आकर्षण बढ़ा है।

मोटोरोला के मैनेजिंग डायरेक्टर, टीएम नरसिम्हन ने इस उपलब्धि के बारे में कहा कि भारत में हमारी लगातार बढ़ती सफलता यह दर्शाती है कि उपभोक्ता मोटोरोला के सार्थक इनोवेशन, आइकॉनिक डिजाइन और प्रीमियम अनुभव पर पूरा भरोसा करते हैं। पैंटोन, बोस और सोनी जैसे बड़े ब्रांड्स के साथ हमारी साझेदारी बेहतरीन अनुभव देने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है, जो एआई इनोवेशन से और बेहतर बनते हैं। इससे हमारी ब्रांड की लोकप्रियता और आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। हम भारतीय उपभोक्ताओं के लिए प्रीमियम इनोवेशन और बेहतर कनेक्टेड अनुभव देने के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और भारत में अपनी मजबूत विकास गति को आगे भी जारी रखने को लेकर आश्वस्त हैं।

# आखिरकार भालू से परास्त हुई मुक्ता, भर्ती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाटगम्हरिया।** थाना क्षेत्र के बुरूबलजोडी (सरहसोया) जंगल में शुक्रवार अहले सुबह शौच के लिए घर से निकली 22 वर्षीय मुक्ता गागराई पर अचानक भालू ने हमला कर दिया। घटना में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। भालू ने उसके सिर, चेहरे, कान, सीने और हाथ समेत शरीर के कई हिस्सों को बुरी तरह नोच डाला।

जानकारी के अनुसार, मुक्ता गांव के समीप जंगल की ओर गई थी। इसी दौरान भालू ने उस पर हमला कर दिया। जान बचाने के लिए युवती ने हिम्मत नहीं हारी और भालू से भिड़ गई।

करीब सात मिनट तक दोनों के बीच संघर्ष चलता रहा। इस दौरान भालू ने उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आखिरकार मुक्ता ने अपने साथ मौजूद कुल्हाड़ी से भालू पर जोरदार वार किया, जिसके बाद भालू जंगल की ओर भाग गया।



महिला की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत मुखिया अनिता कोड़ा मौके पर पहुंचीं और बिना देर किए निजी वाहन से घायल महिला को सदर अस्पताल चाईबासा पहुंचाया। अस्पताल में उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से इलाके में गश्त बढ़ाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## जर्जर स्कूल में पढ़ने को मजबूर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** टूटती छत, दरकती दीवारें और हर पल गिरते मलबे का डर यही सच्चाई है काकड़बोना स्कूल की, जहां नौनिहाल किताबों से ज्यादा अपनी सुरक्षा की चिंता में पढ़ने को मजबूर हैं।

सरकारी दावों की चमक के बीच यह जर्जर स्कूल सिस्टम की हकीकत उजागर कर रहा है। सदर प्रखंड के झिकरहाटी पूर्वी पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय काकड़बोना आज बदहाली और लापरवाही का प्रतीक बन चुका है। यहां पढ़ने वाले 470 छात्र-छात्राएं हर दिन जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

वर्षों पुराना भवन अब इस कदर जर्जर हो चुका है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन इसके बावजूद व्यवस्था बेपरवाह बनी हुई है।

विद्यालय में कुल नौ कमरे हैं, जिनमें से पांच कमरे पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो चुके हैं। बची हुई चार कक्षाओं में ही सभी पांच वर्गों की पढ़ाई किसी तरह संचालित की जा रही है।

## जमीन विवाद में वृद्ध का रेता गला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** रानीगंज थाना क्षेत्र के खरसायी पंचायत अंतर्गत भिट्ठा गांव वार्ड संख्या छह में शुक्रवार की देर रात पूर्व से चले आ रहे जमीनी विवाद में कथित दबंगों ने एक परिवार के 65 वर्षीय वृद्ध की गला रेतकर हत्या कर दी।

घटना शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे की बतायी जा रही है। घटना को 10 से 12 की संख्या में आए बाइक सवार हमलावरों ने अंजाम दिया। हमलावर गांव के ही बताए जा रहे हैं। उनकी हाथों में लाठी-डंडे तथा धारदार हथियार थे।

घटना को अंजाम देने के बाद घर में आगजनी भी की और इसके बाद फरार हो गए। मृतक की पहचान रानीगंज नगर पंचायत के बघूवा टोला निवासी स्व मंगल ऋषिदेव के पुत्र बद्री ऋषिदेव (65) के रूप में हुई है। इस घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

मृतक के भतीजी बुधनी देवी ने बताया कि शुक्रवार दिन में बांस काटने को लेकर गांव के कुछ लोगों से विवाद हुआ था। इस दौरान मारपीट और कहासुनी भी हुई थी। उस समय उनलोगों ने रात में देख लेने और जान से मारने की धमकी दी थी।

उसका कहना था कि उन्हें अंदेशा नहीं था कि धमकी इतनी बड़ी वारदात में बदल जाएगी। बताया कि शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे 10 से 12 की संख्या में हमलावर कई बाइक पर सवार होकर हाथों में लाठी-डंडे तथा धारदार हथियार लेकर आए थे।

सभी सीधे आंगन में घुस गए और वहां बने मचान पर सो रहे बद्री ऋषिदेव पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने धारदार हथियार से उनका गला रेत दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद घर के अन्य सदस्यों की तलाश करने लगे।

घर की महिलाओं और बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के लोग जगे। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावरों ने घर में आग लगा दी। आग लगते ही अफरातफरी मच गई।स्थानीय ग्रामीणों ने पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं गंभीर रूप से घायल बद्री ऋषिदेव को इलाज के लिए सदर अस्पताल अररिया ले गए।वहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच पूर्णिया रेफर कर दिया। पूर्णिया में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिवार में पत्नी सहित तीन पुत्र और दो पुत्रिया हैं।

घटना की सूचना पर रानीगंज थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और जांच की। शनिवार सुबह एसडीपीओ सुशील कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे।

पुलिस ने घटनास्थल से कई साक्ष्य एकत्र किए तथा मामले की हर बिंदु पर जांच की जा रही है। एसडीपीओ सुशील कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। स्वजनों के आवेदन और बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, दो महिला सहित छह गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत जिला मुख्यालय के जासो रोड स्थित विष्णुपुरी मोहल्ला शिव मंदिर के समीप एक निजी मकान में चल रहे कथित सेक्स रैकेट का शुक्रवार को पुलिस ने भंडाफोड़ किया। गुप्त सूचना पर छापेमारी कर पुलिस ने चार पुरुषों और दो महिलाओं को हिरासत में लिया। मकान मालिक लक्ष्मण पांडेय को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस को लंबे समय से इस मकान में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिल रही थी। लक्ष्मण पांडेय के भाई बंशीधर पांडेय द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। छापेमारी में इटाढ़ी गुमटी आउट पोस्ट प्रभारी गुड्डू चौधरी, एएसआई मनोज सिंह, एएसआई सियाराम महतो, महिला सशस्त्र बल व अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। स्थानीय लोगों के सहयोग से यह कार्रवाई सफल हुई। सदर एसडीपीओ गौरव पांडेय ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच चल रही है। पूछताछ के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि गतिविधियां कब से चल रही थीं और इसमें अन्य कौन शामिल हैं। जांच पूरी होने के बाद ही आधिकारिक जानकारी दी जाएगी।

### व्यापारियों में दहशत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फतेहपुर ।** बाजार में बुधवार हथियारबंद अपराधियों ने एक ज्वेलरी दुकानदार को निशाना बनाते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पूरे बाजार क्षेत्र में दहशत का माहौल है और व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार, फतेहपुर बाजार स्थित अपनी दुकान बंद कर एक ज्वेलरी दुकानदार अमरजीत बर्मन घर लौट रहे थे। इसी दौरान रामपुर बस स्टैंड के समीप बजरंगबली मंदिर के पास बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें रोक लिया। अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर उनसे नकदी और आभूषण लूट लिए तथा मौके से फरार हो गए। घटना शाम करीब आठ बजे की बताई जा रही है।

# गोलीबारी मामले में दो नामजद धराये

### 27 मई को आपसी रंजिश में हुई थी गोलीबारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कतरास।** छाताबाद मस्जिद रोड स्थित आकाशकिनारी बस्ती मैदान के समीप हुई हिंसक झड़प और अंधाधुंध गोलीबारी मामले में कतरास पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी जारी है।

इसी कड़ी में पुलिस ने शनिवार को इस कांड के दो और नामजद प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों में कतरास थाना क्षेत्र के आकाशकिनारी बस्ती निवासी विक्रम यादव 38 वर्ष, पिता- बालेश्वर यादव और कन्हैया यादव 31 वर्ष, पिता- नुनूलाल यादव शामिल हैं।

कतरास थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों को उनके ठिकानों से दबोचा। इसके बाद माननीय न्यायालय में पेशी के पश्चात दोनों को मंडल कारा धनबाद भेज दिया गया है।



वरीय अधिकारियों के निर्देश पर कतरास पुलिस इस मामले में नामजद अन्य फरार अभियुक्तों और असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग करने वाले और कानून को हाथ में लेने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। इस कांड में संलिप्त अन्य आरोपियों को भी जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

बीती 27 मई 2026 की रात छाताबाद में अमित यादव और विकास बजरंगी गुटों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर हिंसक झड़प हुई थी। इलाके में दहशत फैलाने के उद्देश्य से तीन से चार चक्र हवाई फायरिंग की गई थी।

इस घटना की गंभीरता को देखते हुए कतरास थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के प्रतिवेदन के आधार पर कतरास थाना कांड संख्या 152/26 दर्ज किया गया है। इसमें आर्म्स एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत विकास बजरंगी व अमित यादव समेत 20 नामजद और 8 से 10 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है।

### छत पर खड़े मो. तौसिफ को लगी थी गोली

इस खूनी संघर्ष के दौरान अपने घर की छत पर खड़े निर्दोष युवक मोहम्मद तौसिफ आलम के कंधे में और नीतीश कुमार यादव की जांघ में गोली लगी थी। गंभीर रूप से घायल तौसिफ का इलाज दुर्गापुर मिशन अस्पताल में चल रहा है।

इससे पहले गठित एसआईटी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी आनंद कुमार यादव, करण कुमार दास और विवेक कुमार ठाकुर को एक देशी पिस्टल, दो जिंदा गोली, दो खोखा और घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो गाड़ी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। विक्रम और कन्हैया की गिरफ्तारी के बाद जेल जाने वाले आरोपियों की कुल संख्या अब पांच हो गई है।

## विवाह भवन से भारी मात्रा में हेरोइन जब्त

### सात तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** बिहार एसटीएफ की विशेष टीम, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एनटीएफ) पटना और वैशाली जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नगर थाना क्षेत्र के एक विवाह भवन से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद कर अंतराज्यीय 7 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार तस्करों में 3 महिलाएं भी शामिल हैं। बिहार पुलिस मुख्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एसटीएफ और नगर थाना पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर नगर थाना क्षेत्र स्थित विश्वधन मैरेज हॉल से 20 पैकेट में करीब 307 ग्राम हेरोइन के साथ तस्करों को दबोचा।

पुलिस ने सात मोबाइल बरामद किया है। बरामद हीरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 62 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर नगर थाना लाया और पूछताछ के बाद प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, इस गैंग का मुख्य सरगना गोपाल कुमार है, जिसे 29 मई को कटिहार रेल थाना क्षेत्र से 363 ग्राम हेरोइन के साथ पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

यह तस्कर बिहार में काफी दिनों से मादक पदार्थ के अवैध व्यापार में सक्रिय थे और इनका नेटवर्क बिहार के अलावा असम व पश्चिम बंगाल तक फैला हुआ है।

### टेंडर मैनेज बना चर्चा का विषय

# विद्यालयों में शौचालय निर्माण सवालों के घेरे में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** झारखंड के पाकुड़ जिले की विकास योजनाओं में इन दिनों टेंडर को मैनेज करने का खेल चर्चा का विषय बना हुआ है। खासकर जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी फंड) से विद्यालयों में बनने वाले शौचालय निर्माण कार्य को लेकर अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं। शहर के चौक-चौराहों से लेकर इंटरनेट मीडिया तक इस मामले को लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश अग्रवाल ने इस मुद्दे को उठाते हुए टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और गड़बड़ी की आशंका जताई है। उनका कहना है कि इस तरह की अनियमितताओं से योजनाओं की गुणवत्ता प्रभावित होती है और इसका सीधा नुकसान लाभुकों को उठाना पड़ता है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, हिरणपुर प्रखंड के 26 विद्यालयों में कुल 2 करोड़ 13 लाख 11 हजार 264 रुपये की लागत से 26 शौचालयों के निर्माण के लिए निविदा निकाली गई थी। प्रत्येक शौचालय की लागत लगभग 8 लाख 20 हजार



रुपये निर्धारित की गई है। यह टेंडर प्रक्रिया प्रखंड कार्यालय हिरणपुर में संपन्न हुई।

हालांकि, चर्चा है कि टेंडर प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही ह्लखेलह्व तय हो चुका था। ठेकेदारों के बीच आपसी समझौते से पूरी प्रक्रिया को मैनेज कर लेने की बात कही जा रही है और इसमें संबंधित लोगों के बीच हिस्सेदारी भी तय की गई। यह भी आरोप है कि टेंडर प्रक्रिया के दौरान निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया तथा कार्यालय अवधि के बाद भी प्रक्रिया जारी रखी गई, जो नियमों के विरुद्ध है।

## लूट की रकम बरामद

**कोढा।** बिहार में अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। बिहार एसटीएफ और कटिहार जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने कोढ़ा गैंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लूट की बड़ी रकम बरामद की है। इस कार्रवाई में कुल 4,60,000 रुपये बरामद किए गए हैं। जिससे पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार दिनांक 22 मई 2026 को मधुबनी जिले के पंडौल थाना क्षेत्र में शिवकुमार तिवारी से 1,40,000 रुपये की लूट की गई थी। इसी दिन मधुबनी जिले के ही लखनौर थाना क्षेत्र में जगदीश महतो से ?3,20,000 रुपये लूटे गए थे। इन दोनों घटनाओं के बाद पुलिस लगातार अपराधियों की तलाश में जुटी हुई थी। गुप्त सूचना के आधार पर 28 मई 2026 को बिहार एसटीएफ और कटिहार पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान मामले में संलिप्त अपराधी की पहचान आर्यन कुमार यादव थाना कोढ़ा, जिला कटिहार के रूप में की गई। पुलिस टीम ने उसके घर पर छापा मारकर लूट की पूरी राशि बरामद कर ली।

### राज्यसभा चुनाव को लेकर आया नया ट्वीस्ट

# टिकट देगी कांग्रेस, चेहरा पसंद करेगी झामुमो

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्यसभा चुनाव को लेकर खाली हो रही दो सीटों में से एक पर दावेदारी करने पहुंचे कांग्रेस के सीनियर नेता तेलंगाना के डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी विक्रमार्क और झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के. राजू शनिवार की सुबह एक बार फिर मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और यहां लगभग एक घंटा बात करने के बाद दोनों नेता लौट गए। विक्रमार्क तेलंगाना रवाना हुए तो राजू शाम की फ्लाइट से नई दिल्ली पहुंचेंगे।

जाने के पूर्व दोनों नेताओं ने राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की दावेदारी पर अंतिम बात की है और माना जा रहा है कि कांग्रेस का चेहरा होगा, टिकट भी कांग्रेस देगी लेकिन पसंद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे।

अब पूरा मामला चेहरे को लेकर अटक गया है। इसके पूर्व भी दोनों दलों के बीच मार्च 2024 में हुए राज्यसभा चुनाव में इससे मिलता-जुलता समझौता हो चुका है।

उस वक्त कांग्रेस विधायक सरफराज अहमद झामुमो के टिकट से राज्यसभा पहुंचे थे। विधानसभा में उनकी सीट पर झामुमो की कल्पना सोरेन को चुनाव लड़ाया गया और वह जीत भी गईं। शनिवार को वापस लौटने के पूर्व कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों को समझौता होने से संबंधित संकेत दिए। पार्टी नेताओं ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री आवास में सुबह के नाश्ते पर कांग्रेस के सीनियर नेताओं का आगमन हुआ।

पीछे से कुछ देर बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ चर्चा करने के बाद कांग्रेस के दोनों सीनियर नेता वापस लौट गए।

तेलंगाना के डिप्टी सीएम सीधे अपने राज्य लौट गए तो वापसी के पूर्व राजू ने प्रदेश के सीनियर नेताओं से स्टेट गेस्ट हाउस में फिर मुलाकात की। यहां उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि विधायकों से हुई बातचीत के आधार पर पार्टी आलाकमान को पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

ज्ञात हो कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने शुक्रवार को प्रमुख कांग्रेस नेताओं और विधायकों से अलग-अलग बात की थी और सभी को उन्होंने राज्यसभा चुनाव को लेकर पार्टी हित में काम करने के निर्देश दिए थे।

इस दौरान कई विधायकों ने उन्हें अपनी भावनाओं से अवगत कराया और बताया कि पार्टी में कुछ सीनियर नेता उनकी भावनाओं की अनदेखी करते हैं। हालांकि इन शिकायतों पर अभी गौर नहीं किया गया है।

# फ्रेंच ओपन में उलटफेर का दौर

● फोंसेका ने नोवाक जोकोविच हराया ● कोलिंगन ने शेल्टन को हराया ● जानिक सिनर टूर्नामेंट से बाहर

## उलटफेर का शिकार हुए नोवाक जोकोविच, फोंसेका ने रोमांचक मुकाबले में हराया

**पेरिस ।** ब्राजील के 19 वर्षीय खिलाड़ी जोआओ फोंसेका ने बड़ा उलटफेर करते हुए तीन बार की चैंपियन नोवाक जोकोविच को तीसरे राउंड में हराकर फ्रेंच ओपन 2026 से बाहर कर दिया। दो सेट से पिछड़ने के बाद फोंसेका ने मुकाबले में जबरदस्त वापसी की और हर किसी को अपने खेल से चौंका दिया। पहले दो सेट के बाद फोंसेका के चेहरे पर निराशा दिख रही थी, जबकि जोकोविच दोनों सेट जीतकर मैच पर पूरी तरह से दबदबा बनाए हुए थे। हालांकि, ब्राजील के खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए अगले तीन सेट जीतकर रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच को 4-6, 4-6, 6-3, 7-5, 7-5 से हरा दिया। क्ले कोर्ट पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में यह दूसरा सबसे बड़ा उलटफेर है। जोकोविच से पहले जैनिक सिनर भी टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। नतीजतन, पुरुषों के सिंगल्स मुकाबले में अब खिताब जीतने की दौड़ और ज्यादा खुली हो गई है, और कई खिलाड़ियों के पास जीतने का अच्छा मौका है। फोंसेका ने लगभग 4 घंटे 53 मिनट तक चले लंबे और कड़े मैच में जीत दर्ज की। चौथे सेट में 3-4, 15/40 पर सर्व करते समय फोंसेका हार से सिर्फ पांच पॉइंट दूर थे, लेकिन 28वीं वरीयात प्राप्त वाले खिलाड़ी ने उन दो ब्रेक पॉइंट को रोक दिया और उस मोमेंटम का फायदा उठाते हुए जोकोविच को निर्णायक सेट खेलने के लिए मजबूर कर दिया। मैच के दौरान जोकोविच कई बार थके हुए और शारीरिक रूप से परेशान नजर आए। इसके बावजूद 39 वर्षीय खिलाड़ी ने हार नहीं मानी और निर्णायक पांचवें सेट में शुरुआत में ही 3-1 की बढ़त हासिल कर ली। फोंसेका ने फिर से वापसी की। उन्होंने आखिरी आठ में से छह गेम अपने नाम करते हुए एक यादगार जीत हासिल की। 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन में एंड्री रुबलेव को हराने के बाद, यह किसी टॉप-10 खिलाड़ी के खिलाफ उनकी दूसरी जीत है। जोकोविच के खिलाफ अपने पहले टूर-लेवल मुकाबले में जीत हासिल करके फोंसेका ने इतिहास रच दिया। वह ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच को हराने वाले पहले किशोर (टीनेजर) खिलाड़ी बन गए हैं। फोंसेका पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचे हैं।



### जुआन मैनुअल सेरुंडोलो से हारकर जानिक सिनर टूर्नामेंट से बाहर



फ्रेंच ओपन में गुरुवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला था। टूर्नामेंट में एकल खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे इटली के जानिक सिनर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी सिनर को अर्जेंटीना के जुआन मैनुअल सेरुंडोलो ने 3-6, 2-6, 7-5, 6-1, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इस हार के साथ ही सिनर का करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने का सपना टूट गया। पांच सेट तक चले इस मुकाबले में जब सिनर अपने दूसरे राउंड के मैच के तीसरे सेट में 5-1 से आगे चल रहे थे, तब ऐसा लग रहा था कि जीत उनकी ही होगी। लेकिन, अचानक सिनर को मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या हुई। 24 साल के सिनर ने दो बार मैच को अपने नाम करने के लिए सर्विस की, लेकिन दोनों बार वह नाकाम रहे। इसके अलावा, 5-4, 0/40 के स्कोर पर उन्हें कोर्ट से बाहर जाकर मेडिकल सुविधा लेनी पड़ी। उसके बाद सिनर कभी फिट नहीं हो पाए।

### कोलिंगन ने शेल्टन को हराया



फ्रेंच ओपन 2026 में उलटफेर का दौर जारी है। मेंस सिंगल्स में राफेल कोलिंगन ने अब पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बेन शेल्टन को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है। कोलिंगन ने यह मुकाबला सीधे सेटों में 6-4, 7-5, 6-4 से जीता और तीसरे राउंड में जगह बना ली। कोलिंगन की इस जीत के साथ टॉप हाफ ड्रॉ में अब सिर्फ एक टॉप-8 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ही बचा है। दो घंटे, तीन मिनट की इस जीत में कोलिंगन ने 49 में से 43 फर्स्ट-सर्व पॉइंट हासिल किए और उन्हें कभी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा। फ्रेंच ओपन की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 62वें नंबर के खिलाड़ी राफेल कोलिंगन ने एक खास उपलब्धि हासिल की है। वे पिछले 13 सालों में पहले ऐसे बेल्जियन खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने किसी बड़े टूर्नामेंट में टॉप-5 सीड खिलाड़ी को हराया है। इससे पहले यह कारनामा 13 साल पहले कोच डार्सिस ने विंबलडन में राफेल नडाल को हराकर किया था। पिछले साल सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भी राफेल कोलिंगन ने बड़ा उलटफेर किया था, जब उन्होंने एलेक्स डी मिनौर को हरा दिया था। यह उनकी दूसरी बार किसी टॉप-10 खिलाड़ी के खिलाफ जीत थी। इस टूर्नामेंट में चौथे सीड फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ही टॉप हाफ में अकेले बचे हुए टॉप-8 सीड खिलाड़ी रह गए थे, यानी बाकी बड़े खिलाड़ी पहले ही बाहर हो चुके थे। कोलिग्नन का अगला मुकाबला इटली के माटेओ अर्नाल्डी से होगा, जिन्होंने 2021 में फाइनल में पहुंचने वाले स्टेफानोस सितसिपास को 7-6(2), 5-7, 6-3, 6-2 से हराया। दूसरे मुकाबलों में, ऑगर-अलियासिमे ने अर्जेंटीना के रोमन एंड्रेस बुरुचागा को 4-6, 6-0, 7-5, 6-1 से हराया और कोबोली ने वू यिबिंग को 6-4, 6-4, 6-4 से मात दी।

## विनेश फोगाट एशियाड ट्रायल में नया मोड

### WFI केवल 50 किलो वर्ग में लेने देगा हिस्सा

**नई दिल्ली ।** भारतीय कुश्ती महासंघ और स्टार पहलवान विनेश फोगाट के बीच विवाद एक नया मोड़ ले सकता है चूंकि राष्ट्रीय महासंघ ने उसे एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में सिर्फ महिलाओं के 50 किलो वर्ग में भाग लेने की अनुमति देने का फैसला किया है। डब्ल्यूएफआई सूत्रों के अनुसार महासंघ के अधिकारियों ने उसके पसंदीदा भारवर्ग को लेकर पुष्टि




का इंतजार किया, लेकिन दो बार की विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता विनेश की ओर से शुक्रवार रात तक उन्हें कोई सूचना नहीं मिली। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने विनेश फोगाट को ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दे दी थी। विनेश ने पेरिस ओलंपिक 2024 समेत पिछले कुछ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में 50 किलो वर्ग में ही भाग लिया था लिहाजा वह इसी भारवर्ग में उतरेंगी। महासंघ के सूत्र ने बताया, 'मुख्य कोच और तकनीकी अधिकारियों के लिये यह जानना जरूरी है कि कौन सा पहलवान किस भारवर्ग में उतरेगा। हमने देर शाम तक इंतजार किया लेकिन कोई ईमेल, मैसेज या औपचारिक सूचना विनेश की तरफ से नहीं मिली।'

**ट्रायल कड़े नियमों के तहत होंगे**– समझा जाता है कि विनेश 53 किलो वर्ग में उतरने की तैयारी कर रही है और इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में ही अभ्यास कर रही हैं जहां ट्रायल होने हैं। महासंघ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वे न्यायालय के निर्देश का सम्मान करते हैं, लेकिन ट्रायल उनके अपने कड़े नियमों के तहत होंगे। महासंघ सभी प्रतिभागियों को वजन में एक किलो तक की रियायत देगा यानी अगर विनेश को 50 किलो वर्ग में भाग लेना है तो उसे अपना वजन 51 किलो करना होगा।

### वैभव ने रचा इतिहास

## IPL में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय बैटर बने



**नई दिल्ली ।** वैभव सूर्यवंशी की किस्मत ने एक बार फिर से उनके साथ दगा किया और वो एलिमिनेटर के बाद दूसरे क्वालिफायर में भी शतक के करीब आकर 96 रन पर रबाडा की गेंद पर कैच आउट हो गए। वैभव ने गुजरात के खिलाफ खेली इस पारी के दौरान इस लीग में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय बैटर बने। उन्होंने साई सुदर्शन और डेवोन कॉनवे के इस रिकॉर्ड को भी तोड़ा।

**वैभव ने तोड़ा साई सुदर्शन का रिकॉर्ड**– वैभव ने आईपीएल में सिर्फ 23 पारियों में अपने 1000 रन पूरे किए और वो अब इस लीग में सबसे कम पारियों में 1000 रन बनाने वाले भारतीय बैटर बने। वैभव ने साई सुदर्शन का रिकॉर्ड तोड़ दिया जिन्होंने ये कमाल सिर्फ 25 पारियों में किया था। इस लिस्टमें तीसरे नंबर पर रजत पाटीदार हैं जिन्होंने ऐसा 30 पारियों में किया था।

### सबसे कम पारियों में 1000 रन बनाने वाले भारतीय बैटर्स

- 23 पारी – वैभव सूर्यवंशी
- 25 पारी – साई सुदर्शन
- 30 पारी – रजत पाटीदार
- 31 पारी – सचिन तेंदुलकर
- 31 पारी– ऋतुराज गायकवाड़
- 33 पारी –तिलक वर्मा
- 34 पारी –सुरेश रैना
- 34 पारी– यशस्वी जयसवाल।

## वैभव ने तोड़ा जोस बटलर का 4 साल पुराना महारिकॉर्ड

### एक सीजन में सबसे ज्यादा बाउंड्रीज लगाने बैटर बने

**नई दिल्ली।** वैभव ने आईपीएल 2026 के दूसरे क्वालिफायर मुकाबले में गुजरात के खिलाफ 96 रन की पारी खेली और इस दौरान उन्होंने 47 गेंदों पर 96 रन बनाए। वैभव ने अपनी इस पारी में 7 छक्के और 8 चौके लगाए और इन 15 बाउंड्रीज के दम पर वो इस लीग के एक सीजन में सबसे ज्यादा बाउंड्रीज लगाने वाले प्लेयर भी बने। वैभव ने जोस बटलर का 4 साल पुराना महारिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

**वैभव ने तोड़ा बटलर का 4 साल पुराना रिकॉर्ड**– वैभव ने आईपीएल 2026 में दूसरे क्वालिफायर मुकाबले तक कुल 129 बाउंड्रीज लगाए हैं और वो आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा बाउंड्रीज लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए। वैभव ने बटलर का 4 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। बटलक ने साल 2022 में कुल 128 बाउंड्रीज लगाए थे। इस लिस्ट में विराट कोहली 121 बाउंड्रीज के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

### टॉप-6 बैटर

- 129 बाउंड्रीज : वैभव सूर्यवंशी (2026)
- 128 बाउंड्रीज : जोस बटलर (2022)
- 121 बाउंड्रीज : विराट कोहली (2016)
- 119 बाउंड्रीज : डेविड वार्नर (2016)
- 118 बाउंड्रीज : शुभमन गिल (2023)
- 109 बाउंड्रीज : साई सुदर्शन (2025)

### देवदत्त-अंगकृष से आगे निकले वैभव

वैभव ने बतौर अनकैप्ड प्लेयर आईपीएल 2026 में छठी बार 50 प्लस की पारी खेली और वो इस लीग में एक सीजन में बतौर अनकैप्ड प्लेयर सबसे ज्यादा 50 प्लस की पारी खेलने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शॉन मार्श, यशस्वी जायसवाल और प्रभसिमरन सिंह के साथ संयुक्त रूप में पहले नंबर पर आ गए।

● गिल-सुदर्शन की दमदार पारी

## जीटी ने चेज किया आईपीएल प्लेऑफ इतिहास का सबसे बड़ा लक्ष्य



**न्यू चंडीगढ़ ।** आईपीएल 2026 के दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में गुजरात टाइटंस (जीटी) ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को 7 विकेट से हराया। आरआर से मिले 215 रनों के लक्ष्य को जीटी ने 3 विकेट खोकर 18.4 ओवर में हासिल किया। आईपीएल के प्लेऑफ मुकाबले में सबसे बड़ा रन चेज करने का रिकॉर्ड भी अब गुजरात टाइटंस के नाम दर्ज हो गया है। जीटी से पहले यह रिकॉर्ड पंजाब किंग्स के नाम था, जिन्होंने आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ हुए दूसरे क्वालीफायर में 204 रनों का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया था।

### गिल ने खेली IPL प्लेऑफ में सबसे बड़ी कप्तानी पारी

गुजरात के कप्तान शुभमन गिल गुजरात की जीत के नायक रहे और उनकी पारी के दम पर ही राजस्थान को दूसरे क्वालिफायर में गुजरात ने 7 विकेट से हरा दिया। गिल ने इस मैच में 104 रन की पारी खेली और कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए। गिल ने आरीसीबी के कप्तान रजत पाटीदार का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया।

गिल ने तोड़ा रजत का रिकॉर्ड

गिल ने गुजरात के खिलाफ अपना शतक 47 गेंदों पर पूरा किया और वो आईपीएल प्लेऑफ में राजस्थान के खिलाफ सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी बने। यही नहीं गिल अब बतौर कप्तान आईपीएल प्लेऑफ में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले खिलाड़ी भी बन गए साथ ही वो आईपीएल प्लेऑफ में शतक लगाने वाले पहले कप्तान भी बने।

### साई सुदर्शन फिर हुए हिट विकेट

**नई दिल्ली ।** क्रिकेट में बहुत कम ही मौकों पर बल्लेबाज को हिट विकेट होते देखा जाता है, लेकिन गुजरात टाइटंस के ओपनर साई सुदर्शन के मामले में कहानी कुछ अलग है। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में वह



शुक्रवार (29 मई) को क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हिट विकेट हुए। वह लगातार दूसरे मैच और आईपीएल करियर में तीसरी बार हिट विकेट हुए। क्वालिफायर-1 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ साई का बल्ला छूटकर स्टंप पर लग गया था।

## पहले हरी झंडी मिली, फिर राइफल पर लगी रोक



### ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर विश्व कप निशानेबाजी के फाइनल से बाहर

**नई दिल्ली ।** म्यूनिख में आयोजित आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर के साथ ऐसा हुआ, जिसकी शायद उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। जिस राइफल को प्रतियोगिता से पहले तकनीकी जांच में मंजूरी मिल गई थी और जिससे उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई, उसी राइफल में बाद की जांच के दौरान खामी बताकर उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया।



**शुक्रवार बना उम्मीदों और निराशा का दिन**– इस फैसले ने न सिर्फ उनके पदक जीतने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, बल्कि एशियाई खेलों के चयन की राह भी मुश्किल बना दी है। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर के लिए शुक्रवार 29 मई 2026 का दिन उम्मीदों और निराशा का मिश्रण लेकर आया। क्वालिफिकेशन दौर में शानदार प्रदर्शन कर पांचवें स्थान पर पहुंचने के बावजूद उन्हें फाइनल से पहले अयोग्य घोषित कर दिया गया। दो बार के ओलंपियन ऐश्वर्य सिंह तोमर ने क्वालिफिकेशन में 592 का मजबूत स्कोर बनाया था, लेकिन पदक दौर से पहले शीर्ष 10 निशानेबाजों की अनिवार्य उपकरण जांच में उनकी राइफल में खामी पाई गई।

### जूरी ने नहीं मानीं दलीलें

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के सूत्रों के अनुसार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर पिछले एक साल से इसी राइफल का इस्तेमाल कर रहे थे। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले हुई पूर्व-जांच में राइफल को पूरी तरह सही पाया गया था और ऐश्वर्य ने क्वालिफिकेशन में भी इसी राइफल का इस्तेमाल किया था।

# मॉडल सोलर विलेज विकसित करने की दिशा में पहल

## दस गांवों के चयन को लेकर बीडीओ को दिया गया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** शनिवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने पी.एम. सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बैठक की। बैठक में उन्होंने जिले के विभिन्न प्रखंडों से 10 गांवों का चयन कर उन्हें मॉडल सोलर विलेज के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला योजना शाखा को सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) से पत्राचार कर ऐसे गांवों की पहचान करने को कहा, जहां योजना के बेहतर क्रियान्वयन और




सामुदायिक सहभागिता की संभावना हो। चयनित गांवों की सूची तैयार कर विभाग को भेजने का निर्देश दिया गया, ताकि उन्हें मॉडल सोलर विलेज के रूप में विकसित किया जा सके।

**ग्रामीणों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर**

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए ग्रामीणों को आवश्यक ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) को बैंकों के माध्यम से योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा लाभुकों को ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**नवीकरणीय उर्जा को बढ़ावा देने की पहल**

उपायुक्त ने कहा कि योजना के माध्यम से स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही ग्रामीण परिवारों के बिजली खर्च में भी कमी आएगी। मॉडल सोलर विलेज की अवधारणा जिले में सौर ऊर्जा आधारित विकास को नई गति प्रदान करेगी।

## उपायुक्त ने आंगनबाड़ी सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**खूंटी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मो0 जावेद हुसैन की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना, पोषण संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्माणाधीन भवनों एवं सरकारी भवन में संचालित नहीं हो रहे केंद्रों की समीक्षा की। उन्होंने आवश्यकता के अनुरूप नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करने की प्रक्रिया जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त सेविका पदों की चयन प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लंबित चयन प्रक्रिया को पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि केंद्रों का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

# तंबाकू नियंत्रण को लेकर प्रशासन सख्त, जनजागरूकता और कार्रवाई पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला तंबाकू नियंत्रण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है और युवाओं को इसकी लत से बचाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, परिवहन एवं नगर निकाय विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने का निर्देश दिया बैठक में सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध कानून (कोटपा-2003) का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने, शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाने




तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, फूड इंस्पेक्टर एवं अन्य अधिकारियों को शामिल करते हुए विशेष छापेमारी दल गठित करने का निर्देश दिया। यह दल विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नियमित जांच अभियान चलाएगा साथ ही सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को पंचायत स्तर तक तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा स्वास्थ्य संस्थानों में तंबाकू त्याग एवं नशामुक्ति परामर्श सेवाओं को बढ़ावा देने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं बल्कि जनस्वास्थ्य से जुड़ा सामाजिक अभियान है। सभी विभागों के सहयोग और जनभागीदारी से ही तंबाकू मुक्त गिरिडीह के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी खोरीमहुआ, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तथा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# एक्सपायरी दवा मिलने पर कार्रवाई, चार से शो कॉज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** धनबाद जिले के तोपचांची स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डी एम एफ टी टीम की जांच के दौरान एक्सपायरी दवाएं मिलने के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच में स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही सामने आने के बाद उप विकास आयुक्त के निर्देश पर चार स्वास्थ्यकर्मियों को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। वहीं जनप्रतिनिधियों ने भी अस्पताल की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए लंबे समय से जारी लापरवाही का आरोप लगाया है। तोपचांची के साहूबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल ही में टीम ने निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के स्टोर और दवा प्रबंधन में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच के दौरान कई प्रकार की एक्सपायरी दवाएं पाई गईं, जिसे टीम ने गंभीर लापरवाही माना। जांच रिपोर्ट में स्टोर इंचार्ज, डेंटल मेडिकल ऑफिसर, फार्मेसी इंचार्ज और जीएनएम को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया। उप विकास आयुक्त के निर्देश के बाद सीएचसी प्रभारी डॉ. श्वेता गुंजन ने डेंटल एमओ डॉ. राज शेखर भट्टाचार्य, स्टोर इंचार्ज शेखर सुमन, जीएनएम सोनामुनी अड्डी और फार्मेसी इंचार्ज मो. तनवीर आलम को शोकॉज नोटिस जारी किया है। नोटिस में सभी संबंधित कर्मियों से स्पष्ट जवाब मांगा गया है। मामले की सूचना सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी तथा उप विकास आयुक्त को भी भेज दी गई है। वहीं टुंडी विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी ने अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि सीएचसी तोपचांची में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा लंबे समय से लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई कर्मचारी वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थापित हैं, जिससे जवाबदेही प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को लेकर वे जिला उपायुक्त से मुलाकात करेंगे और आवश्यक कार्रवाई की मांग करेंगे।

फिलहाल एक्सपायरी दवा मिलने के मामले में चार स्वास्थ्यकर्मियों से जवाब तलब किया गया है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जांच और स्पष्टीकरण के बाद प्रशासन आगे क्या कार्रवाई करता है।

# तम्बाकू मुक्त झारखंड का दिलाया गया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मो0 जावेद हुसैन की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को तम्बाकू मुक्त झारखंड का संकल्प दिलाया तथा हस्ताक्षर अभियान में स्वयं हस्ताक्षर कर लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। उपायुक्त ने तम्बाकू सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए लोगों से इसे छोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि तम्बाकू के सेवन से कैंसर, हृदय रोग, श्वसन संबंधी गंभीर बीमारियों सहित अनेक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती है। उन्होंने लोगों को तम्बाकू की लत छोड़ने के लिए टोल फ्री नंबर 1800-11-2356 पर संपर्क करने अथवा निकटतम नशा मुक्ति केंद्र से सहायता प्राप्त करने की सलाह दी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। उन्होंने नीति आयोग के विभिन्न हेल्थ इंडिकेटर की समीक्षा करते हुए एएनसी रजिस्ट्रेशन, संस्थागत प्रसव, बीसीजी एवं ओपीवी-1 टीकाकरण कवरेज में वृद्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार हेतु सभी संबंधित अधिकारी समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा निर्धारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करें। उपायुक्त ने कुपोषित बच्चों के उपचार हेतु संचालित एमटीसी केंद्रों में शत-प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही मलेरिया नियंत्रण को लेकर नियमित जांच अभियान संचालित करने, प्रभावित क्षेत्रों में दवा का छिड़काव कराने तथा लोगों को छिड़काव कार्य में सहयोग एवं जागरूकता के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक संदिग्ध मरीजों की जांच सुनिश्चित करने तथा समय पर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं एचपीवी टीकाकरण कवरेज बढ़ाने, लिंगानुपात में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने तथा स्वास्थ्य संबंधी सभी कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग करने पर बल दिया। बैठक में ब्लड बैंक की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित करने तथा रक्त की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने एनसीडी रिपोर्ट, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों एवं लाभुकों को उपलब्ध कराए जा रहे उपचार की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक पात्र लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाए। उपायुक्त ने आरोग्य समिति की नियमित बैठक सुनिश्चित करने, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का बेहतर प्रबंधन करने तथा सभी कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सक्रिय एवं जवाबदेह रहते हुए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने एम्बुलेंस सेवा की समीक्षा करते हुए कहा कि सुदूरवर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को समय पर एम्बुलेंस सेवा का लाभ मिलना चाहिए। साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की स्वच्छता, अस्पताल परिसरों की नियमित साफ-सफाई, मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के बैठने की समुचित व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश सिविल सर्जन एवं सभी एमओआईसी को दिए।

# बीस से अधिक कंपनियों ने दिए नौकरी के अवसर

## युवाओं की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 20 से अधिक निजी कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए, जहां बड़ी संख्या में युवाओं ने पहुंचकर विभिन्न पदों के लिए आवेदन किया। कई अभ्यर्थियों का मौके पर ही चयन किया गया और उन्हें ऑफर लेटर भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। रोजगार मेले में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे युवाओं ने अपनी



शैक्षणिक योग्यता और कौशल के आधार पर कंपनियों में आवेदन किया। मेले में तकनीकी, मार्केटिंग, सुरक्षा, सेवा और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी कंपनियों ने भाग लिया। कंपनी प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया। सहायक नियोजन पदाधिकारी पदमा कुमारी ने बताया कि रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि चयनित अभ्यर्थियों को रोजगार के साथ आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार ने मेले का निरीक्षण किया और अभ्यर्थियों व कंपनी प्रतिनिधियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बदलते समय में रोजगार की मांग और स्वरूप लगातार बदल रहे हैं। ऐसे में युवाओं को अपने कौशल को लगातार विकसित करना चाहिए, जिससे उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें। रोजगार मेले के माध्यम से एक ओर जहां युवाओं को नौकरी पाने का अवसर मिला, वहीं कंपनियों को भी योग्य और प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने का मंच मिला। विभाग का कहना है कि आने वाले समय में भी इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन जारी रहेगा।

# खरीद-फरोख्त की राजनीति करना चाहती है भाजपा : राधाकृष्ण किशोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्यसभा चुनाव, कांग्रेस संगठन और भाषा विवाद जैसे अहम मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। सर्किट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किए जाने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने भाजपा पर राज्यसभा चुनाव में खरीद-फरोख्त की राजनीति करने का आरोप लगाया। साथ ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के साथ किसी भी व्यक्तिगत विवाद से इनकार करते हुए कहा कि उनके मतभेद केवल पार्टी की नीतियों को लेकर हैं। वहीं झारखंड में चल रहे भाषा विवाद पर उन्होंने कहा कि यह विवाद नहीं बल्कि एक चूक है,



जिसे सुधारने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्च स्तरीय समिति गठित की है। उन्होंने सभी क्षेत्रीय भाषाओं को सम्मान देने और नियमावली में आवश्यक संशोधन की मांग की। झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गर्म है। इसी बीच धनबाद पहुंचे वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास राज्यसभा चुनाव जीतने के लिए आवश्यक संख्या बल नहीं है, इसके बावजूद उम्मीदवार उतारने की तैयारी यह संकेत देती है कि वह विधायकों की खरीद-फरोख्त की राजनीति करना चाहती है।

मंत्री ने दावा किया कि महागठबंधन के पास कुल 56 विधायकों का समर्थन है, जिसमें झामुमो, कांग्रेस, राजद और वाम दल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एक सीट जीतने के लिए 28 वोटों की जरूरत होती है और महागठबंधन की स्थिति पूरी तरह मजबूत है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारेगी, हालांकि अंतिम निर्णय पार्टी आलाकमान करेगा। प्रदेश अध्यक्ष और उनके बीच कथित खींचतान के सवाल पर भी वित्त मंत्री ने अपनी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि उनका प्रदेश अध्यक्ष के साथ कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं है। मतभेद केवल पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को लेकर हैं, किसी व्यक्ति विशेष को लेकर नहीं।

# पेलावल थाना के नए थाना प्रभारी बने बिट्टू रजक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** पेलावल थाना में नवपदस्थापित थाना प्रभारी बिटु रजक ने शनिवार को अपना योगदान दिया। इस अवसर पर निवर्तमान थाना प्रभारी वेद प्रकाश ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। योगदान के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए थाना प्रभारी बिटु रजक ने कहा कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना और क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व जिन थानों में उन्हें कार्य करने का अवसर मिला, वहां की कार्यशैली और अनुभव से काफी सीख मिली है।

# बच्चे के गले से सोने का लॉकेट काटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस बच्चे के गले से सोने का लॉकेट काटने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा है। तीनों भीड़ भाड़ वाले इलाके में ब्लेड मारकर बच्चे के गले से लॉकेट काट लेते थे। 26 मई की देर शाम मेदिनीनगर शहर के पंजाब नेशनल बैंक के सामने कुछ इसी तरह की घटना को अंजाम दी थी। लॉकेट काटने में ब्लेड लगने से बच्ची जख्मा हो गयी थी। कई टांके लगाने पड़े थे। सीसीटीवी के आधार पर एक अपराधी की पहचान हुई। इसके बाद उसके दो अन्य साथी भी पकड़े गए। तीनों को शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपियों में सानु आलम, समीर आलम एवं सूर्यप्रताप कुमार उर्फ अमन कुमार शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में सानू आलम पिछले वर्ष सितंबर महीने में इसी तरह की घटना में जेल जा चुका है। वह हरिहरगंज के अररुआ गांव का रहने वाला है लेकिन मेदिनीनगर के पहाड़ी मोहल्ला में किराए पर रहता है। पिता सब्जी बेचते हैं। समीर आलम भी हरिहरगंज के अररुआ का ही रहने वाला है और पहाड़ी मोहल्ला में ही रहता है, जबकि सूर्य प्रताप साहित्य समाज चौक बड़ा तालाब के पास रहता है।

डीएसपी राजेश यादव ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में जानकारी दी की 26 मई को एक मोटरसाइकिल पर बैठी एक बच्ची के गले से सोने का लॉकेट काट लिया गया था। इस क्रम में ब्लेड लगने से बच्ची जख्मी हो गई थी और उसे कई टांके लगाए गए थे। उसके मामा चौनपुर के पूर्वडीहा निवासी श्रेयांश कुमार दुबे के आवेदन पर मामला दर्ज कर अनुसंधान किया गया और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई टीम में शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार दलबल के साथ शामिल थे।

# दुर्घटना में पुलिस जवान सहित तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले के बोरियो-तीन पहाड़ मुख्य पथ पर दो बाइकों की सीधी टक्कर में दो लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए। दोनों घायलों में एक की मौत इलाज के दौरान साहिबगंज सदर अस्पताल मे हो गई। मिली जानकारी के अनुसार उधवा निवासी एवं झारखंड पुलिस के जवान हृदय कुमार सरकार, जो गोड्डा पुलिस लाइन में पदस्थापित थे, अपनी बुलेट बाइक से गोड्डा से अपने घर उधवा जा रहे थे। वहीं दूसरी ओर वृंदावन (तीनपहाड़) से तीन युवक सनाउल अंसारी, साहिल अंसारी और मिराज अंसारी एक ही बाइक पर सवार होकर वृंदावन से बोरियो आ रहे थे। इसी दौरान दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में पुलिस जवान हृदय कुमार सरकार (35) एवं वृंदावन निवासी मिराज अंसारी (25) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक वह अपने मामा के घर बोरियो दनवार घूमने आ रहा था।

# पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में 1121 अग्निवीरों ने ली देश सेवा की शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ के पंजाब रेजिमेंटल सेंटर स्थित किलाहारी ड्रिल स्क्वायर में आज बैच-VII के 1121 अग्निवीर रंगरूटों ने शपथ ग्रहण समारोह में आयोजित परेड में हिस्सा लिया। गर्व और उत्साह के माहौल के बीच इन अग्निवीरों के 24 सप्ताह की कठिन सैन्य ट्रेनिंग की झलक आज के परेड में दिखी। आज के परेड में सैन्य अनुशासन, टीमवर्क, युद्ध तैयारी और रेजिमेंट की शानदार परंपराओं की झलक भी देखने को मिली। युवा अग्निवीरों ने अपने आत्मविश्वास, सटीक कदमताल और समर्पण से राष्ट्र सेवा के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दिखाई। समारोह की समीक्षा पंजाब



रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट, ब्रिगेडियर सुरेश बाबू पीजी द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षकगण तथा अग्निवीरों के परिजन भी उपस्थित रहे। यह पल युवा रंगरूटों के अनुशासित और सक्षम सैनिकों में बदलने का प्रतीक बना, जो भविष्य में पंजाब रेजिमेंट की विभिन्न बटालियनों में अपनी जिम्मेदारियां निभाने के लिए तैयार हैं। ट्रेनिंग के दौरान अग्निवीरों ने कठिन शारीरिक अभ्यास, सामरिक प्रशिक्षण, हथियार प्रशिक्षण, ड्रोन ट्रेनिंग और मानसिक सहनशक्ति से जुड़ी गतिविधियों में भाग लिया। इन सभी गतिविधियों का उद्देश्य उनमें नेतृत्व क्षमता, साहस, प्रोफ़ेशनलिज्म और कर्तव्य के प्रति समर्पण की भावना को विकसित करना था। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को ड्रिल, फायरिंग, शारीरिक सहनशक्ति और ओवरऑल प्रदर्शन में श्रेष्ठता के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में अग्निवीरों ने संविधान और राष्ट्र के प्रति निष्ठा की शपथ ली तथा भारतीय सेना की गौरवशाली परंपराओं और सम्मान को बनाए रखने का संकल्प लिया। अभिभावकों के सहयोग, त्याग और प्रेरणा के सम्मान में उन्हें पारंपरिक 'गौरव पदक' प्रदान किया गया। मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि कमाण्डेन्ट ब्रिगेडियर सुरेश बाबू पीजी ने उपस्थित सभी अग्नि वीर उनके परिजनों एवं सेना के ऑफिसर्स को संबोधित करते हुए कहा कि अपने उस्तादों के कड़ी मेहनत के कारण ही आज आपने यह मुकाम हासिल किया है। 24 हफ्ते के कठिन प्रशिक्षण के दौरान आप लोगों को नए तकनीकी उपकरणों की जानकारी कंप्यूटर में पूर्ण दक्षता शिक्षा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास और आधुनिक हथियारों के पूर्ण संचालन आदि के बारे में अच्छी सिखलाई दी गई।

# पात्र लाभुकों को मिले योजनाओं का लाभ : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, उपायुक्त हेमन्त सती, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, बरही विधायक मनोज यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो एवं बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, उप विकास आयुक्त रिया सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, महापौर अरविंद राणा, जिला परिषद उपाध्यक्ष, सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, कल्याण, आपूर्ति, समाज कल्याण, ऊर्जा, भूमि संरक्षण, भवन प्रमंडल, राष्ट्रीय राजमार्ग, वन विभाग, जिला परिषद, नगर निगम, भू-अर्जन सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन, योजनाओं की प्रगति तथा क्रियान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से आम जनता तक पहुंचाना हम सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, सतत निगरानी तथा शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निवारण पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जाए तथा कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र में विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित एवं संचालित योजनाओं के बेहतर संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु विचार-विमर्श किया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसबीएमसीएच) में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

# एक साल से बंद सोलर जल मीनार चालू

**बोकारो (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर प्राप्त शिकायत पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने त्वरित संज्ञान लेते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। शिकायत में रानी चिड़का गांव के ग्रामीणों ने बताया था कि गांव का सोलर जलमीनार पिछले लगभग एक वर्ष से बंद पड़ा है, जिसके कारण महिलाओं को पीने का पानी लाने के लिए करीब तीन किलोमीटर दूर नदी तक जाना पड़ रहा है। उपायुक्त निर्देश के बाद कार्यपालक अभियंता राम प्रवेश राम स्वयं शनिवार को रानीचिड़का गांव पहुंचे। उन्होंने जलमीनार का निरीक्षण कर तकनीकी खराबी की जानकारी ली।

## संक्षिप्त समाचार

### डीइओ ने इवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को कैंप-टू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी उपकरणों की स्थिति तथा विधिक मानकों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के समय अधिकारियों ने ईवीएम की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा बंदोबस्त, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, अग्निशमन यंत्र, यूपीएस बैकअप तथा अन्य तकनीकी सुविधाओं की जानकारी प्रस्तुत की। उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के अनुसार प्रत्येक माह ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण अनिवार्य है और मशीनों की सुरक्षा व क्रियाशीलता संबंधी प्रतिवेदन नियमित रूप से मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, रांची को भेजा जाता है। उपायुक्त ने निर्वाचन कार्यालय को निर्देश दिया कि समुचित प्रतिवेदन तैयार कर समय पर विभाग को प्रेषित किया जाए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे।



### अपर लोक अभियोजक ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में किया पदभार ग्रहण

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के नए अपर लोक अभियोजक सर्वेश आनंद सिंह ने आज प्रभारी अपर लोक अभियोजक नवीन कुमार मिश्रा से पदभार ग्रहण किया। बताते चले कि अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साह का स्थानांतरण देवघर हो जाने के बाद प्रभारी अपर लोक अभियोजक के रूप में नवीन कुमार मिश्रा ने पदभार ग्रहण किया था। मालूम हो कि अपर लोक अभियोजक सर्वेश आनंद सिंह जो बोकारो में कार्यरत थे वहां से तेनुघाट स्थानांतरण होने के बाद शनिवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते समय श्री सर्वेश आनंद सिंह का बुके और फूल माला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रभारी अपर लोक अभियोजक नवीन कुमार मिश्रा, सहायक लोक अभियोजक आशीष रंजन लोहरा, तेनुघाट ओपी प्रभारी भजनलाल महतो, अधिवक्ता वीरेंद्र प्रसाद, रमेंद्र कुमार सिन्हा, सुभाष कटरियार, अनिमेष मंडल, विभीषण मंडल, राजू सिंह, रानू सिंह, महेश कुमार सहित कई अन्य गण्य मान्य लोग मौजूद थे।



### एसपी ने सीआरपीएफ कैम्प सहित कई थानों का किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने ललपनिया ओ.पी. महुआटांड थाना ,जगेश्वर विहार थाना, दनिया पिकेट, रहावन ओपी व झुमरा सीआरपीएफ कैम्प का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना /ओपी/पिकेट/कैम्प क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति ,सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं सीरिस्ता के कार्यों की समीक्षा की। उपस्थित पदाधिकारियों से पूछताछ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । आम जनता की समस्याओं का त्वरित व विधिवत समाधान करने का निर्देश दिया गया। सभी लंबित कांडों, वारंट, इस्तेहार व कुर्की का ससमय निष्पादन हेतु निर्देशित किए। पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन संबंधित मामलों को समयबद्ध तरीके से निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया। प्रत्येक थाना में सप्ताह में एक दिन थाना दिवस का आयोजन अनिवार्य रूप से करने के संबंध में भी निर्देशित किया गया।



### मासिक लोक अदालत का हुआ आयोजन

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में आज सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं जिला जज बोकारो के निदेशानुसार मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त मासिक लोक अदालत में तीन बेंच का गठन किया गया था। जिसके प्रथम बेंच में कुटुंब न्यायालय प्रेम नाथ पांडेय एवं अधिवक्ता प्रशांत पाल, दूसरे बेंच पर जिला जज तृतीय नीरज कुमार एवं अधिवक्ता सुजीत कुमार जयसवाल तथा तीसरे बेंच पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय एवं पांडव कुमार पांडेय मौजूद थे। उक्त जानकारी बेरमो अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने देते हुए बताया कि आयोजित लोक अदालत और राष्ट्रीय लोक अदालत में फरियादियों के भीड़ को देखकर यह पता चलता है की लोक अदालत से आमजन काफी खुश है और अपनी समस्याओं का समाधान करवा रहे हैं। कहा कि पूरे वर्ष में हजारों मामलों का निष्पादन लोक अदालत के द्वारा कराया गया। उन्होंने बताया, लोक अदालत में 8 मामले का निष्पादन और 46,500 रुपए की समझौता राशि वसूल किए गए।



### बैंक ऑफ इंडिया ने किया क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक ऑफ इंडिया, बोकारो अंचल द्वारा आज आरसेटी परिसर में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल प्रबंधक पल्लवी कुमारी ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र के ग्राहकों को ऋण सुविधाओं का लाभ प्रदान करना तथा अधिक से अधिक पात्र ग्राहकों तक इस योजना की पहुंच सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर पात्र ग्राहकों के बीच कुल 16 करोड़ की ऋण राशि वितरित की गई। अपने संबोधन में अंचल प्रबंधक पल्लवी कुमारी ने कहा कि बैंक का प्रयास है कि एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों एवं व्यवसायियों को समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर उनके व्यवसाय के विकास एवं विस्तार में सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने ग्राहकों से इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उप आंचलिक प्रबंधक सुनीत कुमार सहित अंचल कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता एवं योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। यह कार्यक्रम बैंक की ग्राहक-केंद्रित सोच तथा एमएसएमई क्षेत्र के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बैंक भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी एवं व्यवसाय संवर्धन कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।



### मरीज की मौत पर हंगामा, चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के कोऑपरेटिव कॉलोनी स्थित एक अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए लापरवाही और अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाया है। मृतक के परिजनों का कहना है कि मरीज गामा यादव को अस्पताल कर्मियों और चिकित्सकों द्वारा हाथ-पैर बांधकर बेड पर रखा गया था। आरोप है कि लगातार चार बार नींद का इंजेक्शन दिए जाने के कारण उनकी मौत हुई। बताया जा रहा है कि गामा यादव को बेचैनी और फीवर की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान आज सुबह उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र सूरज यादव का आरोप है कि उनके पिता की मौत हो जाने के बाद भी अस्पताल प्रबंधन उन्हें ड्रिप और लाइन लगाकर रखे हुए था और इसकी जानकारी परिजनों को समय पर नहीं दी गई। वहीं अस्पताल संचालक अमित कुमार सिंह ने किसी भी तरह की लापरवाही से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि मरीज को भर्ती किए जाने के समय ही चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर करने की सलाह दी थी, लेकिन परिजनों ने सुबह ले जाने की बात कहकर मरीज को अस्पताल में ही रखा। फिलहाल मामले को लेकर परिजनों और अस्पताल प्रबंधन के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई है।



# उपायुक्त ने की जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक

## शौचालय निर्माण, स्वच्छता अभियान और अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वार्षिक कार्ययोजना 2026-27 की समीक्षा करते हुए शौचालय निर्माण, स्वच्छता अभियान, सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**योग्य लाभार्थियों के घरों में शौचालय निर्माण पर जोर**

बैठक में प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास तथा अन्य योग्य लाभार्थियों के घरों में शौचालय निर्माण पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने और ग्राम स्तर पर कार्यरत संस्थाओं के साथ विलेज वाटर एंड सैनिटेशन कमेटी (वीडब्ल्यूएससी) के बेहतर समन्वय के माध्यम से शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**स्वच्छता अभियान में बीडीओ और पंचायत सचिव की भूमिका होगी तय**

उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) को प्रखंड स्वच्छता पदाधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने इनकी भूमिका स्पष्ट रूप से रेखांकित करने को कहा। संबंधित पदाधिकारियों को पंचायत सचिवों की जिम्मेदारियां तय करने तथा क्लस्टरवार प्वाइंट चिन्हित कर कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**फाइव स्टार ग्रामों का पुनः सर्वे कर दूर करें कमियां**

बैठक में फाइव स्टार श्रेणी के लिए चयनित ग्रामों का पुनः सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के (प्रपत्र - चार) अनुरूप ग्रामों का आकलन कर आवश्यक कमियों को दूर करने का निर्देश दिया, ताकि स्वच्छता संबंधी मानकों को पूरी तरह पूरा किया जा सके।





**मुखिया के अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय समितियों का होगा गठन**

उपायुक्त ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम को पंचायत स्तर पर मुखिया के अध्यक्षता में समितियों का गठन करने का निर्देश दिया। इन समितियों में अलग - अलग वार्ड सदस्यों को पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़े प्रभारी नामित करने को कहा। साथ ही, मुखिया को प्रत्येक माह सभी प्रभारियों के साथ बैठक आयोजित कर पंचायत क्षेत्र का समीक्षा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को अगले सप्ताह से पूर्व पंचायत स्तर पर सभी प्रभारी पदाधिकारियों को नामित करना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बताया कि आगामी शनिवार को जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी पंचायत क्षेत्रों का दौरा कर मुखिया एवं प्रभारी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और प्रगति की समीक्षा करेंगे।

**सामुदायिक मॉडल शौचालय निर्माण के लिए भूमि चिन्हित होगी**

बैठक में सामुदायिक मॉडल शौचालय निर्माण को लेकर आवश्यक भूमि चिन्हित करने पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंताओं के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया।

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों की स्थापना की दिशा में पहल**

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम 03-04 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों की स्थापना के लिए विभागीय स्तर पर पत्राचार करने का चास - तेनुघाट कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता को निर्देश दिया। साथ ही, सभी अंचलाधिकारियों से समन्वय कर उपयुक्त भूमि चिन्हित करने को कहा।

# बुजुर्गों के सम्मान और सुविधाओं को लेकर प्रशासन संवेदनशील

## डीसी - डीडीसी ने वृद्ध आश्रम का किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने चास के सोलागीडीह स्थित बाबा बैद्यनाथ जन सेवा समिति वृद्ध आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम में रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान चास नगर निगम के मेयर भोलू पासवान, उप मेयर पूजा कुमारी एवं संबंधित वार्ड पार्षद भी उपस्थित रहे। मौके पर डीसी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके सम्मान, सुरक्षा और बेहतर जीवन के लिए जिला प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है।

**गुरुजी वाटिका को बुजुर्गों के अनुकूल विकसित करने पर हुई चर्चा**

निरीक्षण के दौरान आश्रम परिसर स्थित गुरुजी वाटिका को बुजुर्गों के लिए अधिक सुविधाजनक एवं आकर्षक बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आगामी 30 जून 2026 तक विकास कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश। उन्होंने भ्रमण के दौरान वाटिका में पाथवे निर्माण, पेवर्स ब्लॉक बिछाने, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित करने को कहा, ताकि बुजुर्ग सुरक्षित, सहज एवं आनंददायक वातावरण में समय व्यतीत कर सकें।



**डीपीआर तैयार, जल्द शुरू होंगे विकास कार्य**

मौके पर उपस्थित अपर नगर आयुक्त (एएमसी) संजीव कुमार ने बताया कि गुरुजी वाटिका के विकास के लिए डीपीआर तैयार कर लिया गया है। संबंधित एजेंसी आगामी एक-दो दिनों में डीपीआर कार्यालय को समर्पित कर देगी, जिसके बाद कार्य प्रारंभ करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

**प्रत्येक सप्ताह होगी स्वास्थ्य जांच**

बुजुर्गों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए डीसी ने निर्देश दिया कि अटल क्लीनिक के चिकित्सक प्रत्येक सप्ताह आश्रम पहुंचकर बुजुर्गों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करें। साथ ही, सिविल सर्जन को जिले के सभी वृद्धाश्रमों एवं ऐसे संस्थानों में साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने हेतु रोस्टर तैयार करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि स्वास्थ्य जांच सहित अन्य सुविधाओं की नियमित निगरानी आवश्यक है। इसके लिए डीडीसी एवं डीएसडब्ल्यूओ को समन्वय स्थापित कर नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया, ताकि बुजुर्गों को समय पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

**फल एवं फूड पैकेट वितरित कर बांटी खुशियां**

निरीक्षण के दौरान डीसी, डीडीसी, मेयर, उप मेयर एवं अन्य ने बुजुर्गों के बीच फल एवं फूड पैकेट का वितरण किया। अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों ने बुजुर्गों के साथ आत्मीय संवाद भी किया। प्रशासनिक अधिकारियों को अपने बीच पाकर वृद्धजनों के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था।

**गुरुजी वाटिका में सबों ने किया पौधारोपण**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, मेयर, उप मेयर एवं अन्य ने गुरुजी वाटिका में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कहा कि हरियाली न केवल पर्यावरण को संतुलित रखती है, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी एक शांत, स्वच्छ और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराती है।

# वित्त मंत्री ने धनबाद व बोकारो के राजस्व संग्रह की समीक्षा की



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राधाकृष्ण किशोर, मंत्री, वित्त, वाणिज्य-कर, योजना एवं विकास तथा संसदीय कार्य विभाग, झारखंड सरकार ने आज वाणिज्य कर भवन के सभा कक्ष में वाणिज्य कर विभाग के धनबाद प्रमंडल अंतर्गत कार्यालयों तथा जिला योजना पदाधिकारी धनबाद व बोकारो के कार्यों की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने विभागवार लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्त राजस्व, लंबित व निष्पादित मामले सहित अन्य बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा पूरी करने के बाद मंत्री ने कहा कि सभी विभाग लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत राजस्व संग्रह करें। उन्होंने कहा कि विभाग को वाहन, कंप्यूटर सहित जो भी संसाधन की आवश्यकता होगी उसे अविलंब उपलब्ध कराया जाएगा। पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि हर अधिकारी विभाग का एक महत्वपूर्ण अंग है। वे अपनी मेहनत से और अधिक राजस्व संग्रह कर सकते हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।समीक्षा बैठक से पूर्व मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। समीक्षा बैठक में मंत्री राधाकृष्ण किशोर, अपर आयुक्त, मुख्यालय रांची दिलीप कुमार मंडल, अपर आयुक्त धनबाद प्रमंडल जीव नारायण मंडल, अपर आयुक्त (अपील) धनबाद प्रमंडल कंचन वरवा, राज्य कर सहायक आयुक्त (नागरीय अंचल) धनबाद ध्रुव नारायण राय, प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल का संयुक्त वार्षिक आम सम्मेलन संपन्न

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के धनबाद इकाई 1,2,3,4, वेतन बचत योजना प्रकोष्ठ तथा गोविन्दपुर इकाई का शनिवार को संयुक्त वार्षिक सम्मेलन आई सी ए हॉल ,जोराफाटक रोड मे सम्पन्न हुआ। सरकार की कथित जनविरोधी नीतियां, विशेष रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के निजीकरण क और मेहनतकश लोगों के कड़ी मेहनत से अर्जित अधिकारों पर हमलों के जरिये श्रमिक कानूनों को नियोक्तापरक बनाने और सार्वजनिक सम्पदाओं को चहेते पूंजी शाखाओं के हाथ में लूटने की बनाई विनाशकारी अर्थव्यवस्था के विरोध में सभा में चर्चा की । बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के महामंत्री जगदीश चंद्र मित्तल ने कहा कि ,आज ट्रेड यूनियन मूवमेंट के सामने अनेकों गंभीर चुनौतियां हैं । उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर देखे तो हम पाते हैं कि किस तरह अमेरिका की विस्तारवादी नीतियां पूरे विश्व के लिए संकट खड़ा कर रही हैं। अमेरिका की तानाशाही इस कदर बढ़ गई है कि वह चुनी हुई सरकारों को अपदस्त कर रहा है या उनके नेताओं का अपहरण कर जेल में डाल रहा है । वेनेजुएला इसका जीता जागता उदाहरण है संघ के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने कहा कि, हमारे देश की सरकार काफी हद तक अमेरिकी नीतियों के समक्ष आत्म समर्पण कर चुकी है। इसके अलावा हमारे देश की सरकार देश के सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करके देश में लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है । संघ के संयुक्त सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि, चुनाव आयोग पूरी तरह से केंद्र सरकार के कब्जे में है । आज सरकार की नीतियों की आलोचना करना देशद्रोह माना जाने लगा है। संघ के संगठन सचिव अमित कुमार ने कहा कि ,ट्रेड यूनियन ही एकमात्र मंच है जो कर्मचारी व मजदूरों का हितों की बात करता है। संघ के सहायक सचिव सुबीर राम ने कहा कि , नौकरियों के अस्थायित्व ने अर्थव्यवस्था का स्थायित्व हिला दिया है। संघ के विभिन्न वक्ताओं ने एल आई सी में क्लास थ्री एवं फोर के जल्द से जल्द बहाली के ली अपने अपने बात रखे । मंडल से आए संगठन सचिव मदन पाठक, संयुक्त सचिव सुशील सिंह, सहायक सचिव दुर्गा सिंह, संगठन सचिव राकेश कुमार ने अपने अपने बात रखे। मंच संचालन संघ के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में राहुल कुमार, राकेश कुमार, जनता राम, राजबंशी, बासु बहादुर, निशेष कुमार, स्वपन दास, संजय पाठक, मुकेश कुमार, जोगेश्वर राम, आभा सिन्हा, रुमा मजूमदार उपस्थित रहे।

# बीएड, एमएड एवं बीपीएड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के सफल संचालन हेतु डीसी ने की समीक्षा बैठक




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को आयोजित होने वाली बीएड, एमएड एवं बीपीएड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026 के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षकों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त (डीसी) ने कहा कि परीक्षा संचालन के दौरान झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद (जेसीईसीईबी) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं गाइडलाइन का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उपायुक्त ने केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा कक्ष में प्रतिनियुक्त शिक्षक आपस में अनावश्यक बातचीत नहीं करेंगे। सभी गतिविधियों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र अधीक्षक के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को मोबाइल फोन के उपयोग की अनुमति नहीं होगी।

उपायुक्त ने कहा कि ओएमआर शीट की प्राप्ति एवं सुरक्षित परिवहन को लेकर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस बल निर्धारित समय पर ट्रेजरी पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, कदाचार या अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। जानकारी हो कि, बीएड, एमएड एवं बीपीएड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026 के लिए जिले में कुल पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 2,322 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

# बीएसएल से सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में आज सेवानिवृत्त हो रहे 22 कर्मियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीश सेनगुप्ता उपस्थित थे. कार्यक्रम के दौरान मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण, संयंत्र के विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी एवं सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के परिजन भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए. समारोह के शुभारंभ में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के दीर्घकालिक योगदान एवं समर्पण की सराहना की. कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन का विशेष शुभकामना संदेश भी साझा किया गया, जिसमें उन्होंने सभी कर्मियों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की. मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) श्री अनीश सेनगुप्ता ने अपने संबोधन में कर्मियों के परिश्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके अनुभवों ने संयंत्र को उत्कृष्टता के वर्तमान स्तर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई उपहार भेंट किए और उनके सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की मंगलकामना की. मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीश सेनगुप्ता ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को उनकी निष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बधाई दी तथा उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं. उन्होंने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र एवं उपहार भी भेंट किए. मई 2026 में बोकारो स्टील प्लांट से कुल 05 अधिशासी एवं 17 अनाधिशासी कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं. समारोह के दौरान सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन-सेवाएँ) डॉ. नन्दा प्रियदर्शिनी द्वारा प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मचारी के बायो-डाटा का प्रस्तुतिकरण किया गया. यह आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र की अपने अनुभवी मानव संसाधन के प्रति संवेदनशीलता और उनके योगदान के प्रति सम्मान को प्रदर्शित करता है. अनुभवी कर्मियों का विदाई समारोह न केवल उनके परिश्रम को मान्यता प्रदान करता है, बल्कि यह वर्तमान कार्यबल के मनोबल को बढ़ाने और संगठन में एक सकारात्मक कार्य-संस्कृति को सुदृढ़ करने में भी सहायक सिद्ध होता है.

# रांगामाटी में किशोरी एवं महिलाओं के लिए जीवन कौशल प्रशिक्षण का आयोजन

**कसमार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सहयोगिनी संस्था द्वारा दुगार्पुर पंचायत के रांगामाटी गांव में किशोरी समूह की पीयर लीडर्स, किशोरियों एवं युवा महिलाओं के लिए जीवन कौशल (लाइफ स्किल) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में गांव की किशोरियों एवं युवा महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, निर्णय लेने की क्षमता, समस्या समाधान कौशल तथा प्रभावी संवाद क्षमता का विकास करना था, ताकि वे जीवन की चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर सकें और समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकें। प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षक प्रेम कुमार महतो ने किया।

उन्होंने जीवन कौशल के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए टीमवर्क, प्रभावी संचार, नेतृत्व विकास, आत्मविश्वास निर्माण एवं लक्ष्य निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीवन कौशल केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम नहीं,



बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक सशक्त साधन भी है। इस अवसर पर सहयोगिनी संस्था के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि संस्था कसमार प्रखंड के दुगार्पुर, बगदा, खैराचातर एवं टांगटोना पंचायतों के 19 गांवों में किशोरियों के नेतृत्व विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, लैंगिक समानता तथा बाल अधिकारों के संरक्षण को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जीवन कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से किशोरियां अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती हैं और समाज में सशक्त नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरती हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे अपने-अपने गांवों में बाल विवाह, बाल श्रम, लैंगिक भेदभाव एवं हिंसा जैसी सामाजिक समस्याओं के खिलाफ जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने में सक्षम बनती हैं। सहयोगिनी संस्था की एनिमेटर बिनीता देवी ने बताया कि संस्था किशोरियों एवं महिला समूहों के साथ मिलकर जीवन कौशल, नेतृत्व विकास तथा अधिकार आधारित जागरूकता पर लगातार कार्य कर रही है। साथ ही उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वे अपने जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं ले सकें और भेदभाव व हिंसा के खिलाफ सशक्त आवाज उठा सकें। इस अवसर पर संस्था की एनिमेटर बिनीता देवी, डोली कुमारी, जूही कुमारी, नेहा कुमारी, परिणिता कुमारी, आराध्या चटर्जी, रोजी प्रवीण, कशिश प्रवीण, अर्चना कुमारी, प्रमिला कुमारी, सावित्री देवी, मंजू देवी, पूनम देवी, किरण देवी, लक्ष्मी देवी सहित बड़ी संख्या में किशोरियां एवं युवा महिलाएं उपस्थित थीं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com